जबलपुर
बुधवार, 17 सितंबर 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR (KARMETA)** Ph: 7290014986, RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

# महाराष्ट्र में 31 जनवरी तक कराए जाएं स्थानीय निकाय चुनाव

## अधिकारियों को 10 अक्टूबर तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 31 जनवरी, 2026 तक राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश जारी किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने महाराष्ट्र के अधिकारियों को इस साल 10 अक्टूबर तक राज्य में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष न्यायालय ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि 6 मई को जारी उसके तर्कसंगत आदेश के बावजूद राज्य चुनाव आयोग इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने में विफल रहा। स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना 4 सप्ताह के भीतर और चुनाव 4 महीने के भीतर कराने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने अब महाराष्ट्र में स्थानीय चुनाव कराने के लिए कार्यक्रम निर्धारित करते हुए समय सीमा में और विस्तार दे दिया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस संबंध में अब कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

समय सीमा में दिया अंतिम विस्तार

अदालत ने कहा- अब कोई ढील नहीं दी जाएगी



### 2022 में यथास्थिति बनाए रखने को कहा था

इससे पहले 22 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग और महाराष्ट्र सरकार को स्थानीय निकायों की चुनाव प्रक्रिया के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। इससे पहले महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में शीर्ष अदालत के उस आदेश को वापस लेने की मांग की गई थी, जिसमें राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया गया था कि नई आरक्षण नीति उन 367 स्थानीय निकायों पर लागू नहीं होगी, जहां चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

### 2021 में भी सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया था फैसला

इससे पहले दिसंबर 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि सरकार शीर्ष अदालत के 2010 के आदेश में निर्धारित ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं करती। कोर्ट ने कहा था कि जब तक ट्रिपल टेस्ट मानदंड पूरा नहीं हो जाता, तब तक ओबीसी सीटों को सामान्य श्रेणी की सीटों के रूप में फिर से अधिसूचित किया जाएगा। ट्रिपल टेस्ट के लिए राज्य सरकार को प्रत्येक स्थानीय निकाय में ओबीसी के पिछड़ेपन पर डेटा एकत्र करने, प्रत्येक स्थानीय निकाय में आरक्षण के अनुपात को निर्दिष्ट करने आयोग का गठन करने की आवश्यकता थी।

### चुनाव आयोग को दी थी चेतावनी

शीर्ष अदालत ने 28 जुलाई 2022 को राज्य चुनाव आयोग को चेतावनी दी थी कि अगर उसने स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया को फिर से अधिसूचित किया तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले राज्य सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला अध्यादेश लेकर आई थी।

धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक की मांग

## शीर्ष कोर्ट 6 सप्ताह बाद करेगा सुनवाई, 4 हफ्ते में मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने की मांग वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के लिए हामी भर दी है। कोर्ट ने कहा है कि वह विभिन्न राज्यों में लागू धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने की मांग वाली कई याचिकाओं पर विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विभिन्न राज्य सरकारों से 4 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की है। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में उत्तर प्रदेश सरकार से धर्मांतरण निषेध कानून (संशोधन) 2024 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा था। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा था। याचिका को इस मुद्दे से जुड़ी लंबित याचिकाओं के साथ सुनवाई के लिए जोड़ा गया था। याचिका लखनऊ की शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा और अन्य लोगों द्वारा दायर की गई थी। याची का कहना है कि यूपी के धर्मांतरण निषेध कानून की कुछ धाराएं स्पष्ट नहीं हैं। इनकी भाषा इतनी उलझी हुई है कि पता ही नहीं चलता कि कानून के तहत अपराध क्या है?

## खबर संक्षेप

### पूजा खेडकर के पिता बॉडीगार्ड भी लापता



**मुंबई।** पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर के पिता और उनके बॉडीगार्ड ट्रक ड्राइवर के अपहरण के मामले में फरार हैं। दोनों उस एसयूवी गाड़ी के साथ रविवार से लापता हैं, जिसमें अपहरण किया गया था। पुणे और नवी मुंबई पुलिस ने फिर से बंगले की तलाशी ली। इस बार पुलिसकर्मी गेट फांदकर अंदर घुसे।

### 30% जीडीपी का हिस्सा एमएसएमई से आ रहा



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर से सासंद डॉ. महेश शर्मा और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद महेश शर्मा ने उद्यमियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 30 प्रतिशत जीडीपी का हिस्सा एमएसएमई से आता है। टैरिफ की लड़ाई लंबी चलने वाली नहीं है।

### लड़के का यौन शोषण 9 आरोपी गिरफ्तार



**कासरगोड।** एलजीबीटीक्यू समुदाय के एक मोबाइल एप पर दोस्ती करने के बाद 16 साल के लड़के का कथित तौर पर यौन शोषण करने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कासरगोड जिले से गिरफ्तार 9 लोगों में दो सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं। 14 पुरुषों ने दो साल तक यौन शोषण किया।

### दोस्त का सिर काटकर घूमा, फिर कूड़े में फेंका



**सूरत।** यहां के लसकाना थाना क्षेत्र में 11 तारीख गुरुवार को हत्या का अजीबोगरीब मामला सामने आने से सनसनी फैल गई थी। मृतक युवक का कटा हुआ सिर बाहर सड़क पर कचरे के ढेर में पड़ा था, जबकि धड़ कमरे के अंदर मौजूद था। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू की। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

एएनटीएफ प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में गृहमंत्री शाह का ऐलान

# हमारी युवा पीढ़ी देश की नींव, 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाना होगा

## सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित

भारत तभी होगा सुरक्षित जब युवाओं को ड्रग के खतरे से बचाया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए देश का सुरक्षित होना जरूरी है और सुरक्षा तभी संभव है जब युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से बचाया जाए। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं और यदि वे नशे की चपेट में आ जाएंगे तो देश कमजोर हो जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई का पैमाना बड़ा किया जाए ताकि आने वाले दिनों में ज्यादा सफलता मिले।



### ड्रग्स के खिलाफ कड़ा अभियान जरूरी

उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में यह देखा गया है कि किसी राष्ट्र की प्रगति और ड्रग्स की चुनौती का सीधा संबंध है। दुर्भाग्य से, जिन दो क्षेत्रों से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा ड्रग्स की सप्लाई होती है, वे भारत के नजदीक हैं। इसलिए यह समय है कि हम इस खतरे के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ें।

### युवा पीढ़ी ही सबसे बड़ी ताकत

शाह ने कहा कि पीएम मोदी का विजन है कि 2047 तक भारत हर क्षेत्र में दुनिया का नंबर एक राष्ट्र बने। इसके लिए युवा पीढ़ी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि अगर युवा दृढ़ संकल्पित हों तो कुछ भी असंभव नहीं है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी आने वाली पीढ़ियां नशे की दलदल में न फंसें।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को मिटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को नशे से बचाना जरूरी है। शाह ने ड्रग्स के तीन स्तर के कार्टेल पर कड़ा प्रहार करने, विदेशी तस्करों को प्रत्यर्पित करने और जब्त ड्रग्स को नष्ट करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### ड्रग्स के 3 तरह के कार्टेल, इन पर प्रहार जरूरी

शाह ने कहा कि ड्रग्स के कारोबार में तीन तरह के कार्टेल सक्रिय हैं। पहला, वे कार्टेल जो देश के एंट्री पॉइंट्स पर काम करते हैं। दूसरा, वे जो एंट्री पॉइंट से राज्यों तक सप्लाई नेटवर्क संभालते हैं। तीसरा, वे छोटे स्तर के कार्टेल जो पान की दुकानों और मोहल्लों तक ड्रग्स बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों स्तरों पर सख्त प्रहार करना होगा और यह तभी संभव है जब अधिकारी इसे अपनी लड़ाई समझकर आगे बढ़ें।

### विदेशी तस्करों पर कार्रवाई

गृह मंत्री शाह ने कहा कि ड्रग्स कारोबार में शामिल विदेश में बैठे अपराधियों को कानून के दायरे में लाना अब बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इस दिशा में अच्छा काम किया है। शाह ने सभी एएनटीएफ प्रमुखों से अपील की कि वे सीबीआई से समन्वय कर प्रत्यर्पण की एक मजबूत व्यवस्था बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जो अपराधी जेलों में बंद हैं लेकिन वहीं से कारोबार चला रहे हैं, उनके खिलाफ भी कड़ा कदम उठाना होगा। गृह मंत्रालय इस पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लाने जा रहा है।

### जब्त ड्रग्स का नष्टीकरण शुरू

शाह ने देशभर में जब्त की गई 4,794 करोड़ की ड्रग्स को नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू की। उन्होंने कहा कि एनसीबी जीएसटी विभाग, राज्य ड्रग्स नियंत्रकों, आयकर विभाग और वित्तीय संस्थानों से लगातार समन्वय कर रही है ताकि ड्रग्स नेटवर्क की पूरी तस्वीर सामने लाई जा सके।

### युवा पीढ़ी को खोखला होने से बचाएं

शाह ने ड्रग्स के वैश्विक आपूर्ति केंद्रों की भारत से निकटता को एक बड़ी चुनौती बताया और युवा पीढ़ी को नशे से बचाने को राष्ट्रीय प्राथमिकता करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक पूर्ण विकसित भारत के दृष्टिकोण के लिए युवाओं को नशे से मुक्त रखना जरूरी है।

असम सिविल सेवा अधिकारी के घर छापा

# 2 करोड़ की नकदी के साथ एक करोड़ के आभूषण जब्त



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

गुवाहाटी पुलिस ने सोमवार को असम सिविल सेवा की एक अधिकारी को आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ के अधिकारियों की एक टीम ने अधिकारी नूपुर बोरा के गुवाहाटी स्थित आवास पर भी छापा मारा। इस दौरान 92 लाख रुपये नकद और लगभग 1 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए। बारपेटा स्थित उनके किराए के घर पर छापेमारी के दौरान 10 लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए।

### 6 महीनों से उन पर थी नजर

गोलाघाट निवासी नूपुर बोरा 2019 में असम सिविल सेवा में शामिल हुईं। वर्तमान में कामरूप जिले के गोरोइमारी में एक सर्किल ऑफिसर के रूप में तैनात थीं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि विवादास्पद भूमि संबंधी मामलों में कथित संलिप्तता की शिकायतों के बाद पिछले 6महीनों से उन पर निगरानी रखी जा रही थी। इससे पहले उन्होंने कहा था कि असम सरकार की एक अधिकारी के खिलाफ अवैध धन प्राप्त करने के मामले में कार्रवाई जारी है।

### ऐसे शुरु हुआ कॅरियर

बोरा साल 2019 बैच की एसीएस अधिकारी हैं। नुपूर ने गुवाहाटी यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी साहित्य से डिग्री प्राप्त की है। इसके बाद कॉटन कॉलेज में अध्ययन किया। सिविल सर्विस से पहले नूपुर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रवक्ता के रूप में काम करती थीं। हालांकि, ये जानकारी उनके फेसबुक प्रोफाइल के अनुसार बताई जा रही है। नूपुर का प्रशासनिक करियर कार्बी आंगलोंग में सहायक आयुक्त के पद से हुआ था। वेमार्च 2019 से जून 2023 तक इस पद पर रहीं थी। इसके बाद जून 2023 में उन्हें बारपेटा में सर्कल ऑफिसर नियुक्त किया गया। यहां से उनका तबादला कामरूप में कर दिया गया था।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी: मुख्यमंत्री

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया कि अवैध धन प्राप्त करने के आरोप में असम सरकार के एक अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई जारी है। सरकार को जानकारी मिली है कि यह अधिकारी हिंदुओं की जमीन एक खास समुदाय को हस्तांतरित किया जा रहा था।

बीएमडब्ल्यू चला रही महिला का तर्क

## यह 'पूरी तरह से आकस्मिक' था अनजाने में मुझसे गलती हो गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में धौला कुआं के पास बीएमडब्ल्यू दुर्घटना में वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी की जान चली गई थी। अब आरोपी चालक गगनप्रीत कौर ने जमानत की मांग करते हुए ज़ोर दिया है कि दुर्घटना 'पूरी तरह से आकस्मिक' और अनजाने में हुई थी। उसने बताया कि वह 2नाबालिग बेटियों की मां है और उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में उप सचिव नवजोत सिंह और उनकी पत्नी संदीप कौर बाइक पर थे, जब गगनप्रीत द्वारा चलाई जा रही बीएमडब्ल्यू ने बाइक को टक्कर मार दी। गगनप्रीत को दोपहर गिरफ्तार किया गया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के बाद 2 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अदालत ने उसकी ज़मानत याचिका पर नोटिस भी जारी किया और 17 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में बताया कि दुर्घटना में मुवक्किल को सिर में भी चोट आई थी।

दिल्ली यूनिवर्सिटी चुनाव

## किरोड़ीमल कॉलेज में झड़प, आपस में भिड़े एबीवीपी-एनएसयूआई कार्यकर्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव से महज 2दिन पहले नॉर्थ कैंपस के किरोड़ीमल कॉलेज में माहौल गरमा गया है। प्रचार के दौरान एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प हो गई। मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया और दोनों ओर से जमकर नारेबाजी हुई। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और छात्रों को तितर-बितर किया गया।

इस दौरान कुछ छात्रों ने 'दिल्ली पुलिस हाय-हाय' के नारे भी लगाए। इसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें कुछ छात्र-छात्राएं आपस में झूमाझटकी भी करते नजर आ रहे हैं। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी इसी कॉलेज में एनएसयूआई के प्रचार के लिए पहुंचने वाले थे। इससे कॉलेज परिसर में तनाव का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस ने हालात को काबू में ले लिया है। मतदान से पहले इस घटना ने चुनावी सरगर्मी को और तेज कर दिया है। इसके पहले भी इस अहम चुनाव में ये कार्यकर्ता भिड़ चुके हैं।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की योजना

## निर्माण और बिक्री की सूचना देने वाले को मिलेंगे 15 हजार रुपए

### सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्ण प्रतिबंध को सफल बनाएं

एजेंसी ▶▶ भिवाड़ी

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के तहत 1 जुलाई, 2022 से देशभर में चिन्हित एकल उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अमित जुयाल ने बताया कि इस प्रतिबंध में प्लास्टिक स्टिक वाले ईयरबड्स, प्लास्टिक के झंडे, डिस्पोजल, थर्मोकोल प्लेट, कप, गिलास, स्ट्रॉ, चम्मच-कांटे, प्लास्टिक शीट, बैनर एवं अन्य एकल उपयोग प्लास्टिक सामग्री शामिल हैं। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जनभागीदारी को बढ़ावा देने पुरस्कार योजना लागू की है। अब इस योजना में सूचना देने वाले को 15 हजार रुपए का पुरस्कार देने का प्रावधान किया गया है।



### हरियाणा में बैन के बावजूद हो रहा उपयोग

**असंध।** हरियाणा सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंद होने के बावजूद इसका प्रयोग थम नहीं रहा है। गांव सालवन में प्रशासन के खुले दरबार में अधिकारी प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करने को लेकर ज्ञान देते रहे, जबकि वे खुद भी सामने रखी प्लास्टिक की बोतलों में रखे पानी से अपने गले तर करते रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोगों की समस्या सुनने एसडीएम राहुल कुमार भी पहुंचे, लेकिन जिस सिंगल प्लास्टिक यूज को लेकर दावे किए जाते है एसडीएम राहुल कुमार के सामने उन्हीं प्लास्टिक की बोतलों में पानी रखा गया।

वनतारा मामला खत्म होने पर कांग्रेस का तंज

## सारे मामले इतनी तेजी से निपटते 'सीलबंद लिफाफा' का किया जिक्र

### जयराम ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर किया कटाक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वनतारा वन्यजीव अभयारण्य के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर जनहित याचिका के निपटारे को लेकर कांग्रेस ने तंज कसा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उच्चतम न्यायालय की ओर से गठित एसआईटी द्वारा वनतारा प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र को क्लीनचिट दिए जाने को लेकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि काश 'सीलबंद लिफाफा' वाली व्यवस्था के बिना इतनी तेजी से सभी मामलों का निस्तारण कर लिया जाता। वनतारा से जुड़े मामलों की जांच कर रहे उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित एसआईटी ने गुजरात के जामनगर स्थित इस प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र को 'क्लीन चिट' दे दी है।

### न्यायिक प्रणाली में देरी बनी पहचान

इस रिपोर्ट को लेकर बेंच ने सोमवार को कहा था कि जानकारी मिली है कि वनतारा में जानवरों को रखने के लिए सभी नियमों का पालन किया गया। वहां लाए गए जानवरों के



कानून के अनुसार ही खरीदा गया और उनका रखरखाव चल रहा है। ऐसे में किसी भी तरह का सवाल उठाना ठीक नहीं है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि अधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों को लेकर संतोष व्यक्त किया है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'जब वह तय कर ले तो भारतीय न्यायिक प्रणाली सबसे तेज गति से चलती है, जबकि देरी उसकी पहचान बन गई है।

सीएम रेखा ने लॉन्च किया 'नमो प्रगति दिल्ली' गीत

# कर्तव्य पथ पर आज होगा 'थैंक यू मोदीजी' वॉक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। बच्चों ने अपने हाथों से तैयार पीएम मोदी के लिए प्रेम और शुभकामना कार्ड उन्हें भेंट किया। इसके साथ ही नमो प्रगति दिल्ली गीत भी लॉन्च किया गया, जिसे बच्चों ने पीएम के जन्मदिन के अवसर पर 21 अलग-अलग भाषाओं में प्रस्तुत किया। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि बुधवार कर्तव्य पथ पर 'थैंक यू मोदीजी' वॉक का आयोजन किया जाएगा और दिल्ली में सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री का जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया जाएगा। साथ ही कल मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया जाएगा।

सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनेगा

मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया जाएगा

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत का अनुपम संदेश दिया



गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों से आए इन मासूम बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने पूरा वातावरण जीवंत कर दिया। सबसे विशेष क्षण तब आया जब उन्होंने अपने छोटे-छोटे हाथों से प्रेम और कृतज्ञता के साथ प्रधानमंत्री जी के लिए शुभकामना कार्ड बनाए और भेंट किए। इसी अवसर पर 'नमो प्रगति दिल्ली' गीत भी लॉन्च किया गया, जिसे बच्चों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 21 अलग-अलग भाषाओं में प्रस्तुत कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का अनुपम संदेश दिया।

### प्रधानमंत्री के दिए गए 'तोहफों' को याद रखेंगे

इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी सरकार को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लिए बहुत काम किया है, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारें हमेशा उनके बारे में गलत बोलती रहीं। पहली बार दिल्ली में ऐसी सरकार है जो उनके काम को सच्चे दिल से सराहती है। बुधवार को हमने सुबह सात बजे थैंक यू मोदीजी' संकल्प वॉक रखी है। मोदी ने 11 साल में दिल्ली के लिए जो दिया, उसे हम हमेशा याद रखेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट सहयोगी आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

जबलपुर
बुधवार, 17 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 20, अंक : 141
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3 .00 *
मौसम
अधि. 30
न्यून. 23
haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



विश्वकर्मा पूजा की मंगलकामनाएं

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : स्वदेशी का संकल्प और राष्ट्र निर्माण के प्रेरक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से राष्ट्र और समाज सेवा का संकल्प लेकर उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की यात्रा आरंभ की, जो प्रधानमंत्री के रूप में भी ध्येयनिष्ठ रही है। उनके लिए राष्ट्र प्रथम और सर्वोपरि है



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र शासन

## परिश्रम में जो तपा है, उसने ही तो इतिहास रचा है

## जिसने फौलादी चट्टानों को तोड़ा है, उसने ही समय को मोड़ा है

## समय को मोड़ देने का भी यही समय है, सही समय है

यह उद्घोष करने वाले हमारे प्रेरक, मार्गदर्शक और भारत निर्माण के दृष्टा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिवस पर अनंत शुभकामनाएं। हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री आज इस विशेष दिवस पर मध्यप्रदेश आ रहे हैं। उनकी इस यात्रा से प्रदेश को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वे धार जिले के भैंसोला ग्राम में देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही वे 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार और पोषण अभियान' तथा 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का शुभारंभ करेंगे। मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के साथ प्रधानमंत्री का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करता हूं। प्रधानमंत्री का संपूर्ण जीवन परिश्रम, पुरुषार्थ और सेवा के प्रेरणादायी संकल्प की यात्रा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से राष्ट्र और समाज सेवा का संकल्प लेकर उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की यात्रा आरंभ की, जो प्रधानमंत्री के रूप में भी ध्येयनिष्ठ रही है। उनके लिए राष्ट्र प्रथम और सर्वोपरि है।

यह उनके राष्ट्र निर्माण और देशहित में लिए गए निर्णयों और नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि आज भारत की गणना विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में हो रही है। उनके प्रत्येक निर्णय में राष्ट्र की नींव को सशक्त करने की झलक है। कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करना और उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद श्रीरामलला को अपने जन्म स्थान अयोध्या में प्रतिष्ठित करने में उनकी पहल अविश्वसनीय है। उन्होंने एक राष्ट्र, एक पहचान के लिए विभाजनकारी प्रवृत्तियों को समाप्त किया और समाज में एकत्व का भाव स्थापित किया। प्रधानमंत्री के रूप में दायित्व संभालते ही सबसे पहले उन्होंने देशवासियों के स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता अभियान छेड़ा। वे स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर दिल्ली के प्रगति मैदान पहुंचे। गांव-गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इंदौर ने लगातार 8 बार देश में स्वच्छ शहर के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीएम ने आम नागरिक को आधुनिक चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की, जिससे गरीब और असहाय परिवारों को उपचार में सहायता मिली। समाज को अपने सांस्कृतिक गौरव के प्रति आत्मविश्वास उत्पन्न कराने के लिये प्रधानमंत्री ने हमें 'विरासत के साथ विकास' का नारा दिया। मुझे यह बताते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अहमदनगर स्टेशन का नाम होगा अहिल्यानगर

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद अहमदनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की अधिसूचना जारी कर दी। सरकार ने स्टेशन का नाम बदलकर अहिल्यानगर रेलवे स्टेशन कर दिया है। इससे पहले ज़िले का नाम बदलकर अहिल्यानगर कर दिया गया था।

### मदर डेयरी ने 2 रु. प्रति लीटर घटाए दूध के दाम

**नई दिल्ली।** उपभोक्ताओं को राहत देते हुए मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की है। नए दाम 22 सितंबर से लागू होंगे। कंपनी का यह कदम जीएसटी दरों में किए गए संशोधन के बाद उठाया गया है।

### तपस्या परिहार कटनी नागेश नरसिंहपुर अनिल राठौर व अरविंद शाह आएं जबलपुर

**भोपाल।** प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात आईएएस सहित अनेक अधिकारियों के तबादले आदेश जारी किए। जिला पंचायत सिंगरौली के सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश को नरसिंहपुर जिला पंचायत में सीईओ बनाया गया है। वहीं छतरपुर जिला पंचायत सीईओ सुश्री तपस्या परिहार को नगर पालिक निगम कटनी आयुक्त बनाया गया है। जबकि कटनी जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत को भोपाल नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में अपर आयुक्त पद पर पोस्टिंग दी गई है। इसके अलावा मंडला जिला पंचायत के सीईओ श्रेयांन्स कूमट को

**अनेक अधिकारियों के हुए तबादले**

उज्जैन के जिला पंचायत सीईओ पर पदस्थापना दी गई है। इसी तरह तन्मय शर्मा सीईओ जिला पंचायत अनूपपुर को भोपाल नगर निगम में अपर आयुक्त नियुक्त किया गया है। जबकि दलीप कुमार सीईओ जिपं नरसिंहपुर को देवास में निगमायुक्त बनाया गया है। वही पवार नवजीवन विजय जो कि सिवनी में जिला पंचायत सीईओ थे को इंदौर में अपर कलेक्टर बनाया गया है। डिंडोरी जिपं सीईओ अनिल कु. राठौर को कार्यकारी संचालक मप्र औद्योगिक विकास निगम जबलपुर में पदस्थापना दी गई है। जबकि शहडोल एसडीओ अरविंद शाह को अपर आयुक्त नगर निगम जबलपुर पदस्थ किया गया है।

*प्रधानमंत्री मोदी आज धार जिले के भैंसोला ग्राम आएंगे, यहां देश के पहले पीएम मित्र पार्क का करेंगे शिलान्यास*

# मप्र के करीब 3 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार पीएम मोदी अपने जन्मदिन पर देंगे यह 'बड़ा उपहार'

*प्रधानमंत्री के '5-एफ' विजन के अनुरूप यह पार्क फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन की संपूर्ण वैल्यू चैन बनाएगा*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मप्र के धार जिले के ग्राम भैंसोला आएंगे। वे स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही देश के पहले पीएम मित्र पार्क (पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) का शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री का जन्मदिन भी आज 17 सितंबर को है। वे अपने जन्म दिन पर मप्र के तीन लाख युवाओं को पीएम मित्र पार्क के जरिए रोजगार की सौगात देंगे। इसमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी जिस पार्क का शिलान्यास कर रहे हैं, इसका सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के कपास उत्पादकों को मिलेगा। लगभग 2158 एकड़ में विकसित होने वाला पीएम मित्र पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है।

**पीएम मित्र पार्क में क्या-क्या?**

20 एमएलडी का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट

10 एमवीए का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी और बिजली की पुख्ता आपूर्ति, बेहतरीन सड़कें

81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी व्यवस्थाएं

## लगभग 2158 एकड़ में विकसित होगा यह पार्क




*इन अभियानों का शुभारंभ करेंगे पीएम*

1. स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार
2. आठवां राष्ट्रीय पोषण माह
3. रक्तदान शिविर
4. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
5. सुमन सखी चैटबॉट
6. आदि सेवा पर्व
7. मां की बगिया

**अब तक 23 हजार 146 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव**

पीएम मित्र पार्क में देश की अग्रणी टैक्सटाइल कंपनियों ने भरोसा जताते हुए अब तक 23 हजार 146 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए हैं। वस्त्र क्षेत्र के बड़े संगठनों और उद्योग समूहों ने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है। इससे न केवल प्रदेश को औद्योगिक लाभ मिलेगा, बल्कि निर्यात भी बढ़ेगा। धार से तैयार वस्त्र और परिधान अब सीधे ग्लोबल मार्केट में पहुंचेंगे, जल्दी ही मध्यप्रदेश की पहचान कपास आधारित उद्योगों के विस्तार से किसानों को उनकी फसल का दोगुना मूल्य मिलेगा।

*पीएम 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' के तहत*

### 10 लाख महिलाओं के खातों में धनराशि हस्तांतरित करेंगे

मोदी देशभर में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी अब तक की सबसे बड़ी पहल की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री यहां दो बड़े अभियान 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' और 'आठवां राष्ट्रीय पोषण माह' का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा और देशभर के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों , जिला अस्पतालों और अन्य सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में एक लाख से ज्यादा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस विशेष अभियान का उद्देश्य महिलाओं के लिए इलाज संबंधी सेवाओं को समुदाय स्तर तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते मंत्री व प्रदेशाध्यक्ष



*पीएम का मिनट टू मिनट कार्यक्रम*

# मोदी एक घंटे 20 मिनट तक रहेंगे मप्र प्रवास पर

**आगमन व विदाई तक में कुल 40 नेता शामिल**

**प्रधानमंत्री करीब डेढ़ बजे नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मप्र प्रवास के दौरान 1 घंटे 20 मिनट तक रहेंगे। सबसे पहले वे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां उनकी अगवानी जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट व कुल करीब 10 नेता करेंगे। राज्य शासन ने मंत्री सिलावट को मिनिस्टर इन वेटिंग नामांकित किया है। आगमन व विदाई तक में कुल 40 नेताओं को शामिल किया गया है।

वे अलग-अलग जगहों पर प्रधानमंत्री की अगवानी व विदाई करेंगे। प्रधानमंत्री अपनी टीम के साथ इंदौर से धार जिले के बदनावर पहुंचेंगे। वहां उनकी अगवानी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय करेंगे। यहां से वे अन्य कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

**यह रहेगा कार्यक्रम**

- 11.45 बजे : प्रधानमंत्री का भैंसोला स्थल पर आगमन
- 12.11 बजे : प्रधानमंत्री मंच पर पहुंचेंगे
- 12.15 बजे : प्रधानमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन
- 12.15-12.20 बजे: मुख्यमंत्री का स्वागत भाषण
- 12.20 - 12.30 बजे: शिलान्यास (बटन दबाकर)
- 12.30 - 1.00 बजे : प्रधानमंत्री का संबोधन
- 1.15 बजे : नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे

*टीम इंडिया को मिला नया स्पॉन्सर*

# अपोलो टायर्स ने मारी बाजी 579 करोड़ रुपए में हुई डील

एक मैच के लिए 4.5 करोड़ से अधिक का भुगतान करेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को नया जर्सी स्पॉन्सर मिला गया है। टीम इंडिया की जर्सी पर अब अपोलो टायर्स का नाम छपेगा। ऑनलाइन गेमिंग कंपनी ड्रीम-11 के साथ डील रद्द होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को नए टाइटल स्पॉन्सर की घोषणा की।

अपोलो टायर्स का बीसीसीआई के साथ ढाई साल के लिए करार हुआ है। यह करार मार्च 2028 तक के लिए है।




अपोलो टायर्स का लोगो सभी प्रारूपों में भारतीय पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों की जर्सी पर दिखाई देगा। भारतीय पुरुष टीम फिलहाल एशिया कप 2025 में बगैर स्पॉन्सर के खेल रही है। वहीं, भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज में के बिना स्पॉन्सर के खेल रही है। अपोलो टायर्स द्वारा की गई डील की कीमत 579 करोड़ रुपए है। अपोलो टायर्स बीसीसीआई को एक मैच के लिए 4.5 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान करेगा। यह ड्रीम 11 के साथ हुए 358 करोड़ रुपए के समझौते से ज्यादा है। भारत का इंटरनेशनल क्रिकेट शेड्यूल काफी बिजी रहने वाला है, जिससे नए स्पॉन्सर को वैश्विक स्तर पर अहम पहचान मिलेगी।

# बादल फटा, मलबे में दफन हुई 15 जिंदगियां

**देहरादून में प्रकृति का कहर**





**रात में सोए.... सुबह दिखा खौफनाक मंजर**

*देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में मंगलवार की रात बारिश कहर बनकर बरसी। दून घाटी के सहस्त्रधारा में बादल फटने से तबाही मच गई। यहां कई संपत्तियां नष्ट हुई और लोग लापता हो गए। कई नदियां ऊफान पर आई तो अपने साथ लोगों को बहाकर ले गईं। मालदेवता से ऊपर एक गांव में मकान गिर गया जिसमें आठ लोग दब गए। शाम तक कुल 15 लोगों के शव अलग-अलग जगहों से बरामद हुए। दो लोग घायल भी हुए और छह लोग शाम तक लापता बताए गए।*

**15 से 20 अधिकारियों की टीम शामिल**

# सतना में ड्राइफ्रूट कारोबारियों पर जीएसटी का छापा, करोड़ों रुपए की कर चोरी का संदेह

रजिस्टर, कंप्यूटर डेटा और पुराने बिल-पर्चियों की बारीकी से जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

शहर के प्रमुख ड्रायफ्रूट कारोबारियों के ठिकानों पर सोमवार को जीएसटी विभाग ने कार्रवाई की। जीएसटी सर्किल वन की टीम ने असिस्टेंट कमिश्नर के नेतृत्व में शहर और औद्योगिक क्षेत्र के कुल 5 से 6 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान करोड़ों रुपये की कर चोरी का संदेह जताया गया है। जिन फर्मों पर छापे मारे गए, उनमें मोहनी ट्रेडर्स, संजय ड्रायफ्रूट्स और सुनील ट्रेडिंग कंपनी प्रमुख रूप से शामिल हैं। ये फर्में शहर के विभिन्न इलाकों श्वेतांबर जैन मंदिर के पास, जय स्तंभ चौक (इलाहाबाद बैंक के पास), टिकुरिया टोला, खेरमाई रोड और स्टेशन रोड में संचालित हो रही थीं।




**नीमच में जीएसटी टीम ने की जांच**

नीमच के तिलक मार्ग पर स्थित ड्राईफ्रूट्स व्यापारी की दुकान पर जीएसटी विभाग ने छापामार कार्रवाई की है। जीएसटी अधिकारी राजीव परिहार के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम ने यह कार्रवाई की। टीम ने दोपहर 2 बजे सराफा बाजार स्थित फूलचंद परशुराम गर्ग एंड संस पंसारी की दुकान पर छापा मारा। व्यापारी के ड्राईफ्रूट्स व्यवसाय में अनियमितताओं की लगातार शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने यह कार्रवाई की।

**सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों, विशेषकर अर्धसैनिक बलों के कर्मियों के लिए यह बड़ा कदम**

25 वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद ही मिलेगी सुनिश्चित भुगतान की सुविधा

# 20 साल या अधिक की सेवा के बाद वीआरएस लेने वाले कर्मचारी आनुपातिक आधार पर पेंशन के हकदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अच्छी खबर

कार्मिक मंत्रालय ने बताया कि हाल ही में अधिसूचित नियमों के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारी 20 साल या उससे अधिक की सेवा पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुनने पर एक सुनिश्चित भुगतान यानी पेंशन पाने के हकदार हैं। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने 2 सितंबर को आधिकारिक राजपत्र में केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का कार्यान्वयन) नियम, 2025 को अधिसूचित किया है।

**रिटायरमेंट की तारीख से देय होगी राशि**



**मृत्यु होने की स्थिति में, पति या पत्नी को भुगतान दिया जाएगा**

मंत्रालय ने कहा कि एकीकृत पेंशन योजना के तहत पूर्ण सुनिश्चित भुगतान 25 वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद ही उपलब्ध होता है। हालांकि, 20 वर्ष या उससे अधिक की सेवा पूरी करने के बाद वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना) चुनने पर, आनुपातिक आधार पर सुनिश्चित भुगतान अर्थात अर्हक सेवा के वर्ष को सुनिश्चित भुगतान के 25 से विभाजित करके ग्राहक को भुगतान किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि यह भुगतान सेवानिवृत्ति की तिथि से देय होगा। अन्य लाभ जैसे व्यक्तिगत कोष का 60 प्रतिशत अंतिम निकासी और प्रत्येक छह माह की सेवा अवधि के लिए मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 1/10वां हिस्सा एकमुश्त लाभ, सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण, सीजीईजीआईएस(केंद्र सरकार कर्मचारी समूह बीमा योजना) लाभ सेवानिवृत्ति पर प्राप्त किए जा सकते हैं।

**20 साल की नियमित सेवा पूरी न करने वालों को मदद**

*इस संशोधन का स्वागत करते हुए अखिल भारतीय एनपीएस कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल ने कहा कि यह सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों, विशेषकर अर्धसैनिक बलों के कर्मियों के लिए बहुत जरूरी कदम है, जो बहुत कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। पटेल ने कहा कि इससे उन सभी कर्मचारियों को मदद मिलेगी जो 20 साल की नियमित सेवा पूरी करने के बाद विभाग में सेवा देने में असमर्थ हैं।*


सत्यमेव जयते
लक्ष्य हमारा जनकल्याण
जन-जन का उत्थान
नरेन्द्र मोदी
सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...
75 वर्ष
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
शुभारंभ
स्वस्थ नारी
सशक्त परिवार
अभियान
लोकार्पण
सुमन सखी
चैटबॉट
शिलान्यास
पीएम मित्र पार्क, धार
तथा
8वें राष्ट्रीय पोषण माह
का शुभारंभ
प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के
10 लाख हितग्राहियों को किस्त का अंतरण
आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत
'आदि सेवा पर्व' का शुभारंभ
'एक बगिया माँ के नाम' अभियान
अंतर्गत पौध वितरण
एक करोड़वें सिकल सेल स्क्रीनिंग
काउंसलिंग कार्ड का वितरण
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
के कर कमलों द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
17 सितम्बर 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | पीएम मित्र पार्क, जिला धार
D-11103/25
सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## 'प्रमोशन में आरक्षण' को लेकर मप्र हाईकोर्ट ने मांगा सरकार से स्पष्टीकरण

# पुरानी पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कैसे लागू करेगी सरकार ?


हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में मंगलवार को प्रमोशन में आरक्षण मामले पर राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। हाईकोर्ट ने कहा कि जब पुरानी पॉलिसी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, तो फिर नई पॉलिसी क्यों लागू की जा रही है? सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने बड़े ही व्यवहारिक तरीके से सवाल पूछे कि पहले रद्द किए प्रमोशन पर नई पॉलिसी कैसे काम करेगी? हाईकोर्ट ने सरकार का स्पष्टीकरण आने तक सुनवाई टाल दी है। हाईकोर्ट ने सरकार से ये भी पूछा है कि जब पुरानी प्रमोशन पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट से यथास्थिति बनाए रखने के आदेश हैं और पुरानी पॉलिसी से हुए प्रमोशन रद्द भी किए गए हैं और नई पॉलिसी में सरकार, रद्द हुए प्रमोशन को कैसे डील करेगी। पदोन्नति पर आरक्षण मामले पर सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता की ओर से कहा गया कि अपने सामान्य प्रशासन विभाग के जरिए सरकार ये क्लेरीफिकेशन जारी कर देगी। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से नई प्रमोशन पॉलिसी के तहत प्रमोशन शुरू करने की राहत भी चाही, लेकिन कोर्ट ने ऐसा आदेश देने से फिलहाल इंकार कर दिया।

» ***सरकार का स्पष्टीकरण आने***

» ***25 सितंबर को इस मामले पर अगली***

» ***राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से नई प्रमोशन पॉलिसी के तहत प्रमोशन***




### याचिकाकर्ता के वकील की दलील

याचिकाकर्ता के वकील अमोल श्रीवास्तव का कहना है कि बहस का पहला पड़ाव भी सरकार पार नहीं कर पा रही है। जो रूल्स की संवैधानिकता को लेकर जो प्रश्न हैं, वहां तक कोर्ट नहीं पहुंच पा रहा है। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि सुप्रीम कोर्ट में पुराने रुल्स को चुनौती देने वाली याचिकाएं लंबित हैं, सरकार की याचिका पूरी हो गई तो फिर इन रुल्स पर क्या इनका क्या प्रभाव होगा। भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी सहित अन्य याचिकाकर्ताओं ने दलील दी है कि हाईकोर्ट साल 2002 के प्रमोशन नियमों को आरबी राय केस में रद्द कर चुका है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने नए सिरे से वही नीति लागू कर दी। जबकि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।




## सीएम ने लिया 'बड़ा एक्शन'

### इंदौर ट्रक हादसे में तीन मौतें... 12 घायल



# सीएम सख्त: डीसीपी ट्रैफिक को हटाया, एसीपी सहित 8 सस्पेंड

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टर कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि दुर्घटना अत्यंत हृदय विदारक थी और उस पीड़ा से वे रात भर परेशान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/भोपाल

इंदौर के एयरपोर्ट रोड पर सोमवार शाम को बेकाबू ट्रक करीब एक किलोमीटर तक मौत बनकर दौड़ा और उसने कई लोगों और वाहनों को कुचल दिया। जिसमें तीन की जान चली गई। 12 घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को इंदौर पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात की।

इसके बाद कलेक्ट्रेट में अफसरों की बैठक ली। उन्होंने पुलिस उपायुक्त यातायात अरविंद तिवारी, एसीपी सुरेश सिंह, प्रभारी एएसआई प्रेम सिंह, (बिजासन प्रभारी), चंद्रेश मरावी प्रभारी सूबेदार (सुपर कॉरिडोर प्रभारी), दीपक यादव निरीक्षक (सुपर कॉरिडोर से एरोड्रम प्रभारी) और ड्यूटी पर तैनात सभी चार कॉन्स्टेबल को निलंबित किया है।

» ***सीएम डॉ. यादव पहुंचे इंदौर, पीड़ित परिवारों और घायलों से मिले***

» ***एसीएस होम घटना की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट देंगे***



» मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए का

» घायलों को 1-1 लाख की मदद का ऐलान, इलाज का खर्चा सरकार देगी

### मृतकों के परिजन और घायलों से मिले सीएम

**पीड़ितों के इलाज में किसी तरह की कोई कमी न रहे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हादसे पर दुख जताया है। वे इंदौर के अस्पतालों में भर्ती घायलों से मिलने पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा से कहा कि पीड़ितों के इलाज में किसी तरह की कोई कमी न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीड़ित संदीप बिजवा और अनिल नामदेव से बात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। हादसे को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा- जांच के लिए अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोशिश करेंगे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। सुशासन के सिस्टम में कभी-कभी ऐसी घटनाएं हम सभी के लिए पीड़ादायक होती है। सीएम डॉ. यादव ने अरविंदो अस्पताल में हादसे में मृत महेश कैथवास की पत्नी रजनी की हालत जानी। सीएम ने उन्हें मदद और सरकारी सर्विस में मदद की बात कही। इसके बाद में भंडारी हॉस्पिटल पहुंचे।

## युवराज सिंह और उथप्पा को ईडी ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी रॉबिन उथप्पा को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की तरफ से ऑनलाइन बेटिंग एप केस मामले में 22 सितंबर को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया। रॉबिन को नोटिस भेजने के बाद ईडी ने पूर्व भारतीय खिलाड़ी युवराज सिंह को भी समन जारी किया है।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Maruti Wagon r
Model 2023
MP20-ZH-7554
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पैन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9229187457 (रायपुर /19/सितम्बर/25)

आवश्यकता है - NATRAJ पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा। भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है आपको। नौकरी की जरूरत हो तो संपर्क करें +919241054300 +9188737 62120 (रायपुर /20/सितम्बर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

Nippon india Mutual Fund

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

| Date | Time | Location |
|---|---|---|
| 17th September, 2025 | 07:00 PM | Jabalpur |

Venue: Hotel BK Castles, Jayanti Complex, Marhatal, Jabalpur MP 482001
Name: Mukesh Sahu | Mob. No.: 8828008861

Nippon Life India Asset Management Limited
CIN: L65910MH1995PLC220793

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

## मोहम्मद यूसुफ ने दे दी सूर्यकुमार यादव को गाली

**नई दिल्ली।** एशिया कप में भारत के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद बौखलाए पाकिस्तानी क्रिकेटरों की बदजुबानी अब गाली देने तक पहुंच गई है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए अभद्र शब्द का इस्तेमाल कर दिया।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**
**(पंजीकरण विंडो को 15.09.2025 से 29.09.2025 तक पुनः खोला जाएगा)**

विज्ञापन संख्या CRPD/SCO/2025-26/05 के तहत अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती हेतु विज्ञापन दिनांक 11.07.2025 से 07.08.2025 तक पंजीकरण के लिए खोला गया था।

निम्नलिखित पदों के लिए पंजीकरण विंडो को 15.09.2025 से 29.09.2025 तक पुनः खोलने का निर्णय लिया गया है।

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/05 (संशोधित)

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 01 | संविदा |
| 2 | एवीपी (आईएस ऑडिट) | 14 | संविदा |

**जिन उम्मीदवारों ने इस भर्ती के लिए उपरोक्त पदों में से किसी एक के लिए 11.07.2025 से 07.08.2025 की अवधि के दौरान पहले आवेदन किया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। केवल वे उम्मीदवार जिन्होंने पहले आवेदन नहीं किया है, वे विज्ञापन संख्या CRPD/SCO/2025-26/05 (संशोधित) में दिए गए विस्तृत विवरण के अनुसार पदों के लिए संशोधित पात्रता मानदंडों के साथ आवेदन कर सकते हैं।**

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करें. आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता एवं अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य जानकारी के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 15.09.2025 से 29.09.2025 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 15.09.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

पी एम विश्वकर्मा | भारत सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | NATIONAL SC-ST HUB

"पी एम विश्वकर्मा न केवल देशभर के कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को बढ़ाएगा, बल्कि उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को विश्व स्तर पर नई पहचान भी दिलाएगा।"



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष

**पी एम विश्वकर्मा एवं एससी-एसटी हब महासम्मेलन, 2025**

श्री जीतन राम मांझी
केंद्रीय मंत्री,
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

सुश्री शोभा करांदलाजे
राज्य मंत्री
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

की अध्यक्षता में

पी एम विश्वकर्मा
- 30 लाख विश्वकर्माओं का सफल पंजीकरण
- 23 लाख विश्वकर्माओं को कौशल प्रशिक्षण
- 5 लाख विश्वकर्माओं को ₹4,166 करोड़ का ऋण स्वीकृत
- 8 लाख विश्वकर्माओं को टूलकिट

राष्ट्रीय एससी-एसटी हब स्कीम
- 1.5 लाख से अधिक एससी/एसटी लाभान्वित
- एससी/एसटी इकाइयों से सार्वजनिक खरीद में 36 गुना वृद्धि

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी)
- 10 लाख इकाइयों को ₹28,333 करोड़ की सब्सिडी
- 86 लाख रोजगार सृजित




CBC 25113/15/0030/2526

सम्मान | सामर्थ्य | समृद्धि 17 सितम्बर 2025, प्रातः 10:30 बजे | अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, बोधगया, बिहार

सत्यमेव जयते

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## स्वास्थ्य परिदृश्य में बदलाव की पहल

### महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य योजनाओं तक आसान पहुंच

- ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जांच
- कैंसर-मुख/स्तन/ग्रीवा
- गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच
- टीकाकरण सेवाएं/एनीमिया का स्तर
- मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना नामांकन
- आयुष्मान वय वंदना कार्ड
- सिकल सेल कार्ड
- आभा आई.डी. कार्ड पंजीयन
- सेवाओं के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनवाड़ी केन्द्र से सम्पर्क करें



### सुमन सखी चैटबॉट

- महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान देखभाल, उच्च जोखिम कारकों की जानकारी
- स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं की जानकारी
- 24x7 हिंदी भाषा में उपलब्ध, ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं को लाभ




### 8वां राष्ट्रीय पोषण माह

- चीनी और खाद्य तेल के सीमित सेवन पर जोर
- प्रारंभिक बचपन की देखभाल एवं शिक्षा (पोषण भी पढ़ाई भी)
- पोषण एवं बच्चों की देखभाल में पुरुषों की भागीदारी
- स्थानीय पौष्टिक खाद्य संसाधनों को बढ़ावा

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

- गर्भवती एवं धात्री माताओं को मिलने वाली आर्थिक मदद से उनके स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखने में सहायता
- महिलाओं को जागरूक कर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा
- 18 जुलाई 2025 तक 49 लाख से अधिक महिलाओं को ₹2076 करोड़ की सहायता

### सिकल सेल मिशन

- अब तक 1.17 करोड़ से अधिक जांच पूर्ण
- चिह्नित रोगियों को मिल रही जेनेटिक काउंसलिंग, औषधियां एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा
- अब तक 99 लाख से अधिक हितग्राहियों को जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड वितरित
- सिकल सेल की रोकथाम हेतु प्रीनेटल जांच सुविधा का लाभ



### आदि सेवा पर्व

- जनजातीय समाज को शासकीय योजनाओं से सीधे जोड़ने के इस अभियान से योजनाओं का लाभ सुनिश्चित
- प्रदेश भर के 3 लाख से अधिक जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों द्वारा जागरूकता का प्रसार
- ग्राम स्तर पर सीधे संवाद, आदि सेवा केन्द्रों की स्थापना और शिकायत निवारण की व्यवस्था

### एक बगिया माँ के नाम अभियान

- 'एक बगिया माँ के नाम' परियोजना से स्व-सहायता समूह की महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण
- एक बगिया माँ के नाम ऐप से चयनित 31 हजार से अधिक महिलाओं को परियोजना का लाभ
- 3 वर्ष के भीतर फलोद्यान विकास के लिए मिलेगा ₹3 लाख का अनुदान

# पीएम मित्र पार्क, धार

## देश का सबसे बड़ा, सबसे पहला ग्रीनफील्ड टेक्सटाइल पार्क

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 5F विज़न

**फार्म** — किसान कपास को सीधे कंपनियों को बेचकर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे

**फाइबर** — पार्क में कपास की जिनिंग सुविधा भी उपलब्ध होगी, इससे कपास की गुणवत्ता में वृद्धि होने से धागा बनाने की प्रक्रिया अधिक कुशल होगी

**फैक्ट्री** — स्पिनिंग से लेकर निटिंग, डाइंग और प्रिंटिंग तक सभी सुविधाएं एकीकृत प्रक्रिया के तहत उपलब्ध होंगी

**फैशन** — गारमेंटिंग, डिजाइनिंग एवं फैशन इंडस्ट्री से जुड़े कौशल के कार्यों में महिलाओं के लिए अवसर बनेंगे

**फॉरेन** — यहां से तैयार कपड़ों के निर्यात से देश में विदेशी मुद्रा में वृद्धि होगी, आर्थिक विकास दर बढ़ेगी

| | | |
|---|---|---|
| पार्क क्षेत्र<br>2158 एकड़ | पार्क लागत<br>₹2063 करोड़ | नये रोज़गार<br>लगभग 3 लाख |
| महिलाओं की भागीदारी<br>लगभग 60% | निवेश<br>₹20,000 करोड़ | 3.5 लाख से अधिक<br>कपास किसानों को लाभ |

**टेक्सटाइल के क्षेत्र में लब्ध-प्रतिष्ठित 91 कंपनियों को निवेश प्रस्ताव के अनुरूप भूमि आवंटित**

D-11103/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025




# टीम इंडिया का नया जर्सी प्रायोजक होगा अपोलो टायर्स, 579 करोड़ में लगाई बोली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपोलो टायर्स ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी प्रायोजक बनने का अधिकार हासिल कर लिया है। कंपनी ने 579 करोड़ रुपये की बोली लगाकर 3 दावेदारों की दौड़ में बाजी मारी। यह करार तीन वर्षों तक चलेगा, जिसमें 121 द्विपक्षीय मुकाबले और 21 आईसीसी मैच शामिल होंगे। इसने 544 करोड़ रुपये की बोली लगाने वाली कैनवा और 477 करोड़ रुपये की बोली लगाने वाली जेके सीमेंट को पीछे छोड़ते हुए यह करार जीता।

## 4.77 करोड़ रुपये एक मैच के लिए मिलेंगे

इस करार के तहत प्रति मैच लगभग 4.77 करोड़ रुपये मिलेंगे, हालांकि द्विपक्षीय और आईसीसी मुकाबलों के मूल्य में अंतर होने के कारण इसमें थोड़ा बदलाव संभव है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आधार मूल्य द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए 3.5 करोड़ रुपये और विश्व कप मैचों के लिए 1.5 करोड़ रुपये तय किया था। इस सौदे ने जर्सी स्पॉन्सरशिप का स्तर पहले से कहीं अधिक ऊंचा कर दिया है।



## इस सीरीज से नजर आएगा पर प्रायोजक का नाम

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी नए प्रायोजक के साथ 2 अक्टूबर से उतरेंगे। टीम उस समय वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके बाद टीम भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी, जहां यह प्रायोजक नजर आएगा। हालांकि, इससे पहले ही अपोलो टायर्स का लोगो इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच खेले जाने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज में भी दिखाई दे सकता है।

## इस कारण ड्रीम 11 ने छोड़ा था बीसीसीआई का साथ

दरअसल, ड्रीम-11 के हटने के कारण बीसीसीआई को नए प्रायोजक की जरूरत पड़ी थी। भारत सरकार ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेगुलेशन) अधिनियम 2025 लागू किया है, जिसके तहत रियल-मनी गेमिंग कंपनियों के कामकाज पर रोक लगा दी गई। इस कानून से ड्रीम-11 का कारोबार प्रभावित हुआ और उसने भारतीय टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप छोड़ दी। इसके बाद से ही बीसीसीआई भारतीय टीम के लिए नया प्रायोजक चुनने की प्रक्रिया में जुटा था।

## ड्रीम 11 के साथ था 3 साल का करार

बीसीसीआई ने ड्रीम 11 को 3 वर्ष के करार और 358 करोड़ रुपये के साथ मुख्य जर्सी प्रायोजक घोषित किया गया था। अब कंपनी भी उन प्रायोजकों की सूची में शामिल है, जिन्होंने वित्तीय या कानूनी कारणों से बीच में हाथ खींच लिया। सहारा (2001-2013) पर सेबी उल्लंघन के आरोप लगे, स्टार इंडिया (2014-2017) प्रतिस्पर्धा आयोग की जांच में फंसी, ओप्पो (2017-2020) ने लागत बढ़ने पर हटने का फैसला किया और बायजूस ने बकाया विवाद के चलते करार तोड़ा।

## खबर संक्षेप



### सिंधू चीन मास्टर्स के पहले दौर में जीती, शेट्टी हारे

**शेनझेन (चीन)।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने यहां पहले दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जैकबसन को सिर्फ 27 मिनट में 21-4, 21-10 से हराया। भारतीय खिलाड़ी को यह जीत हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ हार के 10 दिन से भी कम समय बाद मिली है। युवा आयुष शेट्टी को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद पुरुष एकल के पहले दौर में छठे वरीय और दुनिया के पांचवें नंबर के चीनी ताइपे के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन के खिलाफ 68 मिनट में 19-21 21-12 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। रुतविका गाडे और रोहन कपूर की मिश्रित युगल जोड़ी भी युइची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी के खिलाफ 17-21 11-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

### इस वर्ष मैं बेहतर खिलाड़ी बन गई हूं: वैशाली

**समरकंद।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने कहा कि यहां फिडे ग्रैंड स्विस खिताब उनके लिए महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है क्योंकि लगातार सुधार के प्रयासों के



बावजूद पिछले साल उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। वैशाली लगातार दूसरी बार यह प्रतियोगिता जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने इस जीत से 40,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के अलावा अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी स्थान हासिल किया। दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी के बाद वैशाली कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली तीसरी भारतीय बनीं। वैशाली ने कहा, ''पिछले दो वर्षों में मुझे काफी अनुभव हासिल हुआ।

### स्टेसी एचआईएल टीम कलिंगा लांसर्स के कोच नियुक्त



**भुवनेश्वर।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई जे स्टेसी को मंगलवार को हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र के लिए कलिंगा लांसर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। स्टेसी जर्मनी के कोच वेलेंटिन आल्टेनबर्ग की जगह लेंगे जिन्होंने पिछले सत्र में लांसर्स का मार्गदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 27 साल के स्टेसी ने राष्ट्रीय टीम के साथ तीन ओलंपिक पदक (बार्सीलोना में 1992 में रजत, अटलांटा में 1996 में कांस्य और सिडनी में 2000 में कांस्य) जीते। इसके अलावा वह कुआलालंपुर में 1998 राष्ट्रमंडल खेल और 1999 में चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। वह एचआईएल के 2016 और 2017 सत्र में मुंबई फ्रेंचाइजी के भी कोच थे।

### बुडापेस्ट-2023 में नीरज ने जीता था स्वर्ण पदक

# विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह आज उतरेंगे खिताब का बचाव करने

एजेंसी ▶▶| तोक्यो

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा आज बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। चोपड़ा का लक्ष्य पुरुष भाला फेंक में विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा।

## इन खिलाड़ियों ने जीता दो बार स्वर्ण पदक

चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित की गई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्तमान में चोपड़ा के कोच जान जेलेंजी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) ने ही अब तक लगातार दो मौकों पर विश्व चैंपियनशिप का ताज जीता है।




## चोपड़ा का सामना कल पाक के नदीम से

चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम का सामना करेंगे जिससे उन्हें फ्रांस की राजधानी में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा का उस दिन सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.45 मीटर था और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। चोपड़ा और नदीम का मुकाबला बुधवार को नहीं होगा क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वियों को क्वालीफाइंग दौर में दो अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। गुरुवार को फाइनल में उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।

## यह भारत के लिए होगी ऐतिहासिक प्रतियोगिता

यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता होगी क्योंकि सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव मैदान पर नीरज के साथ शामिल होंगे, जो इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देशों में सबसे बड़ी संख्या है। चोपड़ा को गत विजेता के रूप में वाइल्ड कार्ड दिया गया है, जबकि अन्य तीन ने विश्व रैंकिंग के जरिए क्वालीफाई किया।

## चोपड़ा और नदीम दोनों अलग-अलग ग्रुप में

चोपड़ा को बुधवार को 19 सदस्यीय ग्रुप ए क्वालीफिकेशन राउंड में वेबर, वाल्कोट, वाडलेज और सचिन के साथ रखा गया है, जबकि 18 सदस्यीय ग्रुप बी में नदीम, पीटर्स, येगो, डा सिल्वा, रोहित, यशवीर और उभरते हुए श्रीलंकाई खिलाड़ी रमेश थरंगा पथिरगे शामिल हैं। जो खिलाड़ी 84.50 मीटर की दूरी तक पहुंचेंगे या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। भारत के 27 वर्षीय खिलाड़ी के लिए स्वर्ण पदक जीतना आसान नहीं होगा लेकिन यह वही स्टेडियम है जहां उन्होंने 2021 में ओलंपिक स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था।

### एशिया कप 2025

# पाक मुकाबला आज यूएई से एक चूक से हो जाएगा बाहर



एजेंसी ▶▶| दुबई

अपनी कमजोरियों और बाहरी विवादों से जूझ रही पाकिस्तान की टीम को आज बुधवार को यहां एशिया कप में अपने अभियान को पटरी पर बनाए रखने के लिए ग्रुप ए के मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करो या मरो मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज की है और फिलहाल वह दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। नेट रन रेट के आधार पर वह यूएई (दो अंक) से आगे है, लेकिन यहां एक भी चूक उसे बाहर का रास्ता दिखा देगी। भारत के खिलाफ सात विकेट की करारी हार ने इस पाकिस्तानी टीम की कमजोरी उजागर कर दी है। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने से पैदा हुए विवाद के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार उसने धमकी दी है कि यदि जिम्बाब्वे के इस रेफरी को नहीं हटाया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने उसकी इस मांग को नामंजूर कर दिया है। भले ही यह फैसला प्रशासनिक स्तर का है लेकिन पाकिस्तान के खिलाड़ी इससे अपना ध्यान हटा पाएंगे ऐसा मुश्किल लगता है।

## यूएई के खिलाफ पाकिस्तान का पलड़ा रहा है भारी

पाकिस्तान और यूएई के बीच अब तक 2 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इन दोनों मुकाबलों को पाकिस्तान ने अपने नाम किया है। यूएई की टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है। आखिरी बार दोनों टीमों की भिड़ंत 4 सितंबर 2025 को हुई थी। उस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 171/5 का स्कोर बनाया था। जवाब में यूएई 140/7 का स्कोर ही बना पाई थी। वह मुकाबला 31 रन से हारे थे।

### विश्व चैंपियनशिप

# स्वर्ण के बाद जैसमीन व मीनाक्षी की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में तीन साल से भी कम समय बचा है और ऐसे में स्टार भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में लिवरपूल में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब वह अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल खेलों के महाकुंभ की तैयारी के लिए करेंगी।

जैसमीन ने 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता जूलिया सेरेमेटा को हराकर पदक के अपने लंबे इंतजार को खत्म किया। जैसमीन साथी स्वर्ण पदक विजेता मीनाक्षी हुड्डा, निकहत जरीन और नूपुर श्योराण सहित टीम की अन्य साथियों सहित यहां पहुंचीं। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विदेशी धरती पर विश्व चैंपियनशिप में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## मेरे कोच ने मेरी बहुत मदद की : जैसमीन

विश्व चैंपियनशिप में तीसरे प्रयास में सफलता हासिल करने वाली 24 वर्षीय जैसमीन ने कहा, ''यह अच्छा लगता है और स्वर्ण पदक जीतना अपने आप में बेहद खुशी की बात है। मेरे कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मेरी बहुत मदद की है। अब मेरे कोच मेरी तकनीकी ट्रेनिंग ओलंपिक के अनुसार करेंगे।''जैसमीन के कोच संदीप लंबोरिया ने लॉस एंजिलिस में उनके पदक जीतने का भरोसा जताया।

## जीतना है विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक : मीनाक्षी

विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को हराकर स्वर्ण पदक जीतने वाली मीनाक्षी ने कहा विश्व कप नवंबर में भारत में होगा और मैं वहां भी स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करना चाहती हूं। हार से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।'' उन्होंने कहा, ''जीतने के बाद आप कुछ दिनों के लिए खुश रहते हैं लेकिन हार से बहुत कुछ सीखते हैं।



# आईसीसी पाकिस्तान को दिया झटका, मैच रैफरी को हटाने से किया इनकार



**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को करारा झटका दिया है। आईसीसी ने एशिया कप से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की पीसीबी की मांग को खारिज कर दिया है। आईसीसी ने मामले की जांच के बाद पीसीबी को अपने फैसले की जानकारी दे दी है। दरअसल, पीसीबी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक सहित एशियन क्रिकेट काउंसिल के कुछ अधिकारियों को पहले से पता था कि दोनों कप्तानों में हाथ मिलाने की कोई संभावना नहीं है।

## पीसीबी अध्यक्ष नकवी ने की थी मांग

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को आईसीसी से भारत-पाकिस्तान मैच में नियुक्त मैच रेफरी पाइक्रॉफ्ट को एशिया कप के शेष मुकाबलों से हटाने की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पाइक्रॉफ्ट ने टॉस के समय दोनों कप्तानों से पारंपरिक रूप से हाथ न मिलाने का अनुरोध करते हुए आचार संहिता और एमसीसी के क्रिकेट की भावना से जुड़े नियमों का उल्लंघन किया है। हालांकि, आईसीसी ने जांच के बाद अब इस मांग को खारिज कर दिया है।

# आनंदकुमार ने रचा इतिहास, पहली बार भारत को स्पीड स्केटिंग में दिलाया स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

आनंदकुमार वेलकुमार ने 'स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025' में इतिहास रच दिया है। वह भारत के लिए इस खेल में पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 22 वर्षीय वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट रेस 1:24.924 मिनट समय में पूरी कर स्वर्ण हासिल किया। कुछ दिन पहले ही उन्होंने 500 मीटर स्प्रिंट में 43.072 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता था, जो भारत का सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पहला पदक था। स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप टूर्नामेंट चीन में खेला जा रहा है।



## कंप्यूटर साइंस की कर रहे पढ़ाई

तमिलनाडु के रहने वाले वेलकुमार कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी से कर रहे हैं। उनकी बड़ी बहन सुबी सुवेथा वेलकुमार भी भारतीय स्केटर हैं। वेलकुमार ने साल 2021 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में 15 किलोमीटर प्रतियोगीता में रजत पदक जीतकर किसी भी विश्व चैंपियनशिप में भारत को पहला पदक दिलाने वाले खिलाड़ी भी बने थे। 2 अक्टूबर, 2023 को हुए एशियाई खेलों में वह 3,000 मीटर रिले टीम का हिस्सा रहे, जिसने कांस्य पदक जीता था।

## 6 साल की उम्र से कर रहे स्केटिंग

वेलकुमार ने मात्र 6 साल की उम्र में रोलर स्केटिंग शुरू की और घर के पास बैडमिंटन कोर्ट में कोच अन्ना राजा से प्रशिक्षण लिया। शुरुआती दौर में उन्होंने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और संतोषजनक नतीजे हासिल किए। इन सफलताओं ने उनके मन में इस खेल को गंभीरता से अपनाने का संकल्प मजबूत किया। उस समय इस खेल को बहुत लोग जानते नहीं थे, लेकिन उन्होंने इसी खेल को अपना पहचान बनाया।


### विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप : वैष्णवी-प्रिया से अभी उम्मीदें

# चौथे दिन भारत ने सिर्फ एक मुकाबला जीता, चार बाहर

एजेंसी ▶▶| जगरेब (क्रोएशिया)


भारत की युवा महिला पहलवान विश्व चैम्पियनशिप में संघर्ष करती नजर आईं और दो हारकर बाहर हो गई जबकि वैष्णवी पाटिल (65 किलो) और प्रिया मलिक (76 किलो) की उम्मीदें अभी दूसरे मुकाबले पर टिकी हैं।

अंकुश (50 किलो) को क्वालीफिकेशन दौर में नतालिया वराकिना ने 6-5 से हराया। तपस्या को मैक्सिको की बर्था रोजास चावेज ने 4-2 से शिकस्त दी। वराकिना और चावेज अपने अगले मुकाबले हार गईं जिससे भारतीय पहलवानों के लिये भी दरवाजे बंद हो गए।



## पुरुष खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरूषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में सुजीत कलकल (65 किलो) और विकी (97 किलो) रेपेशॉज का फायदा नहीं उठा सके। सुजीत को अमेरिका के रीयल मार्शल रे वुड्स ने 7-5 से हराया जबकि विकी बुल्गारिया के अखमद मागामाएव के खिलाफ 'चित होकर' हार गए।



## वैष्णवी मंगोलियाई पहलवान से हारीं

वैष्णवी ने लाटविया की एल्मा जेडलेरे को 3-1 से हराया लेकिन मंगोलिया की दुनिया की पांचवें नंबर की पहलवान एंखजिन टी से क्वार्टर फाइनल में हार गई। वहीं 76 किलोवर्ग में प्रिया को इक्वाडोर की पांचवीं रैंकिंग वाली जेनेसिस रीसको वालदेज ने 4-2 से हराया। वालदेज अगर क्यूबा की मिलयाइमी डे ला कोरिडाड मारिन पोट्राइल से अपना सेमीफाइनल मुकाबला जीत लेती है तो प्रिया को रेपेशॉज में जगह मिलेगी।

हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर सरकार से पूछा

# पुरानी पॉलिसी सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन तो नई पॉलिसी क्यों लाई गई

हरिभूमि जबलपुर।

राज्य में प्रमोशन में आरक्षण मामले में मंगलवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने सरकार से पूछा कि जब पुरानी पॉलिसी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है और मामला विचाराधीन है तो नई पॉलिसी क्यों लाई गई। कोर्ट ने यह भी पूछा कि यदि शीर्ष अदालत ने यथास्थिति बनाए रखने कहा है तो यहां नए नियम के तहत क्यों प्रमोशन दिए जा रहे । सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन याचिकाएं यदि स्वीकार की जाती है या निरस्त होती हैं तो नए के तहत किए जाने वाले पदोन्नति पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

मप्र सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन एवं महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से परिपत्र जारी कर वर्तमान स्थिति पर स्पष्टीकरण जारी करेंगे। इस पर कोर्ट ने कहा अब स्पष्टीकरण आने के बाद ही सुनवाई करेंगे। अगली सुनवाई 25 सितंबर को निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि महाधिवक्ता के पूर्व में दिए मौखिक अंडरटेकिंग के चलते फिलहाल नई पॉलिसी से प्रमोशन रुके हुए हैं।



### ये है मामला

भोपाल निवासी डा. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाममात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए।

### हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल

अजॉक्स संघ सहित आरक्षित वर्ग की ओर से अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल की हैं। इनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, रामेश्वर सिंह ठाकुर, आकाश चौधरी, विनायक प्रसाद शाह, वरुण ठाकुर ने सरकारी विभागों मे प्रतिनिधित्व के क्वांटिफाइबल डेटा प्रस्तुत किए। याचिकाओं में आरक्षण के विरोध वाले याचिकाकर्ताओं के प्रभावित होने वाले विधिक अधिकार पर प्रश्न उठाया । सभी मामलों पर अब एकसाथ सुनवाई होगी।

हड़ताली कर्मियों की कुलगुरु और कुलसचिव से तनातनी

# रादुविवि में प्रदर्शनकारी ऑडिट विभाग में घुसे



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की पिछले 9 दिनों से चल रही कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को उस समय उग्र हो गई जब कर्मचारी नेता और प्रदर्शनकारी कर्मचारी ऑडिट विभाग में घुस गए। यहां कुलगुरु और कुलसचिव बैठक ले रहे थे। कर्मचारियों के धावा बोलने से हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने नारेबाजी शुरु कर दी। इसके बाद आदेश विभाग के कर्मचारी मौके की नजाकत को भांपते हुए आगे आए और अपनी सुरक्षा में कुलगुरु और कुलसचिव को बाहर निकाला। इस पूरे घटनाक्रम के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। इसके बाद भी कर्मचारी नहीं माने, लगातार नारेबाजी करते हुए कुलगुरु कार्यालय तक पहुंच गए। कर्मचारियों ने कुलगुरु और कुलसचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस हड़ताल के चलते बाहर से आए छात्र छात्राएं परेशान हुए उन्हें किसी भी तरह का समाधान नहीं मिला। इसके बाद कर्मचारियों ने प्रशासिनक भवन के सामने नारेबाजी की। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल ओर राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विगत 18 माह से पेंशन से वंचित कर रखा है। रादुविवि प्रशासन और ऑडिट शाखा द्वारा किए जा रहे अन्याय के कारण हम आंदोलन करने विवश है। उल्लेखनीय है कि संघ के नेताओं ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के एक वर्ग को श्रमसाध्य भत्ते का भुगतान किया जा रहा है, जबकि दूसरे वर्ग को वंचित किया जा रहा है, जो कि किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नहीं है। संगठन का कहना है कि जब तक कर्मचारियों और पेंशनर्स की जायज मांगें पूरी नहीं हो जाती, कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा।

# तेज बारिश के बीच रेलवे स्टेशन के बाहर गिरा विशाल नीम का पेड़, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**जबलपुर।** शहर के रेलवे स्टेशन स्थित प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब तेज बारिश के बीच वाहन स्टैंड पर स्थित एक विशाल नीम का पेड़ अचानक गिर गया। यह हादसा करीब 3 बजे हुआ, जब जोरदार बारिश हो रही थी। सौभाग्यवश, घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीम का पेड़ पीडब्लूआई स्टोर्स की चहारदीवारी से सटा हुआ था। पेड़ गिरने से उसके नीचे खड़ी कई दोपहिया व चारपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कर दिया। पेड़ काटने वालों को बुलाकर रास्ता साफ करवाया गया और दबे हुए वाहनों को हटाने का काम जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस वाहन स्टैंड का उपयोग अप-डाउन करने वाले यात्री और अन्य लोग नियमित रूप से करते हैं, जो यहां अपने वाहन खड़ा करके स्टेशन की ओर जाते हैं। फिलहाल, क्षतिग्रस्त वाहनों के मालिकों की पहचान की जा रही है।



प्रत्यक्षदर्शियों और रेलवे अधिकारियों का मानना है कि यदि यह पेड़ किसी व्यस्त समय या शुष्क मौसम में गिरता, तो भारी जान-माल की हानि हो सकती थी। फिलहाल राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ।

46 इंच बारिश के बाद भी उमस नहीं हो रही खत्म

# 4 दिनों से दोपहर में हो रही तेज बारिश

हरिभूमि जबलपुर।

इस सीजन में 46 इंच बारिश हो जाने के बाद भी उमस पीछा नहीं छोड़ रही है। सुबह से देर शाम तक तीखी गर्मी घबराहट और बेचैनी पैदा कर रही है। पिछले चार दिनों से दोपहर में हो रही बारिश के बाद भी राहत नहीं मिल रही है। मंगलवार को भी धूप छांव के बीच दोपहर में 3 से 5 बजे के बीच जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिणी पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर ऊपरी हवाओं का चक्रवात बना हुआ है, जिसके असर से दोपहर के वक्त मौसम का मिजाज बदल जाता है। अभी दो चार दिन बारिश की संभावना बरकरार रहेगी।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक हवा में नमी बढ़ने उमस भरी गर्मी का प्रभाव महसूस किया जा रहा है। दिन भर तपी धरती के बाद दोपहर में बूंदाबांदी होने से उमस और भड़क जाती है। तापमान में उछाल बरकरार है। जबकि हवा में नमी की अधिकता रही, जिससे उमस का वातावरण भी बना। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः 92 प्रतिशत और सायंकाल 92 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.58 बजे और सूर्यास्त शाम 6.12 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 16.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 1152.6 मिलीमीटर (46.8 इंच) दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी और कुल वर्षा 1338.2 मिलीमीटर हो चुकी थी। दक्षिणी पूर्वी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर छुट-पुट बारिश हो सकती है।

इंदौर एयरपोर्ट रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे का मामला

# शहर में नो-एंट्री होते हुए ट्रक कैसे घुस गया

- हाईकोर्ट ने पूछा, पुलिस आयुक्त, इंदौर को 23 सितंबर को वर्चुअल हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने इंदौर एयरपोर्ट रोड पर हुए भीषण हादसे के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई प्रारंभ की है। मंगलवार को प्रारंभिक सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इंदौर के पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे 23 सितंबर को वर्चुअली हाजिर होकर स्पष्टीकरण दें। उन्हें यह बताना होगा कि शहर में नो-एंट्री होते हुए ट्रक कैसे घुस गया।



हाईकोर्ट ने इंदौर के दर्दनाक हादसे को लेकर प्रकाशित समाचार पर संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की व्यवस्था दी है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली खड़े हुए। उन्होंने अवगत कराया कि सरकार ने मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई सुनिश्चित की है।

### क्या है मामला

उल्लेखनीय है कि गत सोमवार की शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने इंदौर में एयरपोर्ट रोड पर कोहराम मचा दिया था। उसने लगभग एक किलोमीटर तक कई वाहनों को टक्कर मारी। वहीं कुचले जाने से दो लोगों की मौके पर ही मौत तक हो गई। जबकि एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 12 घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

रिव्यू मीटिंग में प्लान के मुताबिक एम.डी. तिवारी के निर्देश

# रबी सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए एमपी ट्रांसको का एक्शन प्लान

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय त्रैमासिक रिव्यू मीटिंग में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने निर्देश दिए कि फील्ड के अधिकारी आगामी रबी सीजन में बिजली की अनुमानित मांग को देखते हुये प्रदेश में 20 हजार मेगावाट विद्युत के मद्देनजर हर स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी कर लें। उन्होंने रबी सीजन की मांग को देखते हुये ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थिरता और निरंतरता बनाये रखने ट्रांसको के रबी सीजन एक्शन प्लान पर गंभीरता से विचार विमर्श किया एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों की माइक्रो मॉनिटरिंग रखी जाये एवं किसी भी विषम परिस्थिति में ट्रांसमिशन नेटवर्क के रिस्टोरेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

उन्होंने ट्रांसमिशन लाइनों, उन पर ट्रिपिंग और सबस्टेशनों के मेंटेनेंस कार्यों की प्रगति के साथ प्रदेश में चल रहे ट्रांसमिशन निर्माण कार्यों की समीक्षा की और इन्हें उच्चतम गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए। प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों की क्षमता तथा उन पर लोडिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी लाइन या सबस्टेशन में निर्धारित सीमा से अधिक लोड न डाला जाये।




### तकनीकों का हो सुचारू संचालन

उन्होंने रिव्यू मीटिंग में ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा अपनाई गई विश्व की अत्याधुनिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन और सुचारू संचालन पर जोर देते हुये कहा कि इसके लिये सभी कार्मिक व्यक्तिगत रूचि लें, ताकि उचित लाभ मिल सके।

### जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य से करें कार्य

प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने निर्देश दिए की फील्ड के अधिकारी जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को ध्यान में रखकर पूरी सतर्कता और सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस कार्य को पूर्ण करवायें। उन्होंने कंपनी के जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को पुनः स्पष्ट करते हुये कहा कि जीरो एक्सीडेंट न सिर्फ कार्यस्थल के लिये प्रभावी हो बल्कि कार्मिक इसे व्यक्तिगत जीवन में भी अपनाते हुये जीरो व्हीकल एक्सीडेंट का लक्ष्य निर्धारित करें, उन्होंने कार्मिकों का आव्हान किया कि वाहन का उपयोग करते समय सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुसार दो पहिया वाहन चालक हेल्मेट और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।

# रेलवन ऐप यात्रियों के लिए मददगार

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा में इजाफा करते हेतु एक नया ऐप, रेलवन, लॉन्च किया। इस ऐप का मूल उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करना है, जिसे सरल और स्पष्ट यूआई (यूज़र इंटरफ़ेस) के माध्यम से साकार किया गया है। यह न केवल सभी सेवाओं को एक स्थान पर समाहित करता है, बल्कि सेवाओं के बीच एकीकृत संपर्क भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता को भारतीय रेल सेवाओं का समग्र पैकेज मिलता है। रेलवन ऐप यात्रियों की सभी आवश्यक सेवाओं के लिए एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन है। इस ऐप के माध्यम से यात्रियों को निम्नलिखित सेवाओं तक सरलता से पहुंच मिलती है: टिकटिंग – आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफार्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल मदद सेवाएं, ट्रेन में भोजन बुकिंग। साथ ही, इसमें माल परिवहन (फ्रेट) से संबंधित पूछताछ की सुविधा भी उपलब्ध है।



सिंगल साइन-ऑन .... इससे उपयोगकर्ताओं को कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती। रेलवन ऐप डाउनलोड करने के बाद, रेल कनेक्ट या यूटीसन मोबाइल ऐप की मौजूदा यूज़र आईडी से लॉगिन किया जा सकता है। इसके कारण उपयोगकर्ताओं को अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग ऐप रखने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे डिवाइस की स्टोरेज भी बचती है। इस ऐप में आर-वॉलेट (रेलवे ई वॉलेट) की सुविधा भी जोड़ी गई है। संख्यात्मक एम पीआईएन और बायोमेट्रिक लॉगिन जैसी आसान लॉगिन सुविधाएं भी दी गई हैं।


# दिविता की हीर एक्सप्रेस ने बिखेरा जादू, माता–पिता, दादा–दादी पूरे परिवार के साथ लोग आ रहे हैं सिनेमा

बच्चे स्कूल से तो दादा-दादी मंदिर-गुरुद्वारे से सीधे पहुंच रहे हैं थिएटर। निर्देशक का दावा, साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म ने खींचा पूरे परिवार का ध्यान। हीर एक्सप्रैस ने पकड़ ली है तेज़ रफ्तार, लोगों ने कहा असली फैमिली मूवी। फिल्म मेकर्स के मूवी बोनांज़ा ऑफर्स ने राह बनाई आसान।

चंडीगढ़। बॉलीवुड की नई फैमिली एंटरटेनर 'हीर एक्सप्रेस' के सिनेमाघरों में चल रहे सैंकड़ों हाउसफुल शो इस बात का सबूत हैं कि यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है। कहा जा रहा है कि 25-30 सालों बाद ऐसी फिल्म आई है जिसे पूरा परिवार मिलकर देख रहा है। फिल्म में न गालियाँ हैं न कोई वल्गैरिटी और न ही कोई दिखावा। लेकिन परिवार का आपसी प्यार, इमोशंस और रिश्तों की गर्माहट से भरपूर है। थिएटरों में एक साथ तीन पीढ़ियाँ बच्चे, माता-पिता और बुजुर्ग, फिल्म का आनंद ले रहे हैं। फिल्म देखने आए कई बुजुर्ग दर्शकों ने कहा कि हम तो सत्संग से सीधे थिएटर आ गए और साथ ही अपने पोते-पोतियों को भी फिल्म दिखाने लाएं हैं। उनका कहना था कि आजकल ऐसी साफ-सुथरी फिल्में बहुत कम देखने को मिलती हैं और हीर एक्सप्रेस देखना सच में दिल को सुकून दे गया है।

फिल्म की सबसे बड़ी चर्चा इसकी हीरोइन दिविता जुनेजा को लेकर है। डेब्यू फिल्म में ही उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया। कई कॉलेज स्टूडेंटस ने कहा कि दिविता हमारी रोल माडल बन गई हैं। जिस तरह उन्होंने संघर्ष, परिवार और समाज के बीच अपने सपनों को पूरा किया, वही हमें भी अपनी लाइफ में करना है। फिल्म समीक्षकों का मानना है कि दिविता का यह डेब्यू आने वाले समय में साल का सबसे यादगार डेब्यू साबित होगा। दर्शकों की तालियाँ और उनका उत्साह दिविता जुनेजा की लोकप्रियता का सबूत है। कइयों ने कहा कि यह फिल्म हर परिवार को देखनी चाहिए क्योंकि यह फिल्म आज की पीढ़ी को अपने संस्कार और रिश्तों की अहमियत सिखाती है। फिल्म के सभी गाने सुपरहिट हो चुके हैं। फिल्म की मजबूत कास्टिंग भी इसकी ताकत बनी। दिविता जुनेजा की दमदार एक्टिंग के साथ आशुतोष राणा की इमोशनल एक्टिंग ने लोगों की आँखें नम कर दीं, जबकि प्रीत कमानी, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा, मेघना मलिक प्रीत कमानी और विदेशी कलाकारों ने भी अपने-अपने रोल में जान डाल दी।




डायरेक्टर उमेश शुक्ला को दर्शक 'फैमिली सिनेमा का उस्ताद' कह रहे हैं। 'ओह मॉय गॉड' और '102 नॉट आउट' जैसी हिट्स देने के बाद उन्होंने 'हीर एक्सप्रेस' के जरिए एक माइलस्टोन फिल्म दी है। वहीं कई अन्य दर्शकों ने अपनी प्रतिक्रियाएँ देते हुए कहा कि ऐसा लगा जैसे हम फिल्म में ही गुम हो गए हों। दिविता जुनेजा की सादगी और दमदार अभिनय ने दिल जीत लिया। एक महिला दर्शक ने कहा कि मैं अपनी बेटियों और मम्मी-पापा को लेकर आई हूं, सभी को मूवी बहुत अच्छी लगी। – विज्ञापन




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## आयोजकों के मार्ग अवरुद्ध करने की मनमानी बढ़ाती परेशानी

**हाईकोर्ट के आदेश का नहीं होता पालन**

# हर दिन के जाम से आमजन आहत, पर्व के जाम से कौन दिलाएगा राहत?

हरिभूमि, जबलपुर।

धार्मिक, सामाजिक व अन्य छोटे-बड़े आयोजनों के दौरान यातायात बाधित न करने की चेतावनी हाईकोर्ट ने कुछ वर्ष पूर्व जारी की थी। इस आदेश का पालन एक-दो वर्ष तक तो किया गया, लेकिन धीरे-धीरे सब कुछ भुला दिया गया। वर्तमान स्थिति में देखा जाता है कि कहीं भी कोई भी आयोजन किए जाते हैं तो उस क्षेत्र, गली, रास्ते को बंद कर दिया जाता है, जिससे आवागमन की भारी समस्या निर्मित होती है, जबकि हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी आयोजन के दौरान यातायात बाधित न हो, का ध्यान रखते हुए पूरा मार्ग अवरुद्ध नहीं कर यातायात की वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए, बावजूद इसके मार्गों को अवरुद्ध करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

### भूल जाते हैं भविष्य की आपदा

देखने में आता है कि आयोजक अपने बाहुबल, रसूख के चलते धार्मिक या छोटे से छोटा कार्यक्रम आयोजित करते समय मार्ग अवरुद्ध कर देते हैं, वे ऐसा करके भूल जाते हैं कि अगर कोई समस्या, आपदा या विपत्ति की स्थिति निर्मित हुई तो राहत व बचाव कार्य के लिए वाहन या अमले को पहुंचने में कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा?




### शवयात्रा तक ले जाने में होती है परेशानी

धार्मिक, सामाजिक आयोजनों पर पूरा मार्ग बंद कर दिया जाता है, मामला धार्मिक, सामाजिक होने के कारण धार्मिक उन्माद निर्मित न हो, इसका ध्यान रखते हुए प्रशासन भी अपनी कार्यवाही को शिथिल कर देता है, जिसका खामियाजा उस मार्ग से गुजरने वाले दूध विक्रेता, स्कूल वाहन, शव वाहन, सब्जी ठेला, व्यापारी, व्यवसायी, यहां तक कि शवयात्रा ले जाते समय शोकाकुल लोगों को भी भुगतना पड़ता है।

### विकराल हो सकती है घटना

मार्ग अवरुद्ध करने की समस्या पर यदि सख्ती से रोक नहीं लगाई गई, तो हादसा या दुर्घटना के उपरांत पुलिस वाहन, 112 वाहन, एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचने में देर से घटना को विकराल होने में समय नहीं लगेगा। आयोजक किसी भी धार्मिक, सामाजिक आयोजनों पर उक्त बातों का ध्यान रखें तो समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

### पैदल चलना भी होता है दूभर

शहर की बढ़ती आबादी, वाहनों की बढ़ती

### व्यापार, व्यवसाय होता है प्रभावित

संख्या और वाहन पार्किंग की अनुचित व्यवस्था से वैसे ही आये दिन शहर के लगभग सभी मार्गों पर जाम की समस्या निर्मित होती है, वहीं धार्मिक आयोजन के दौरान मार्गों को बंद कर दिए जाने और पाइप लगाकर सड़कों को संकरा किए जाने से समस्या और भी विकराल हो जाती है। तीज-त्यौहारों के दौरान तो मार्गों पर पैदल चलना भी दूभर हो जाता है, फिर वाहनों के आवागमन की बात तो अलहदा है।

### प्रशासन की कार्यवाही नदारत

नगर निगम प्रशासन सड़कों पर डाली गई भवन सामग्री रेत, ईंट, गिट्टी आदि समय से नहीं उठाने पर यदा-कदा कार्यवाही करता है, लेकिन धार्मिक, सामाजिक आयोजनों के चलते रसूखदारों द्वारा गलियों को बंद करने पर उसकी कार्यवाही नदारत रहती है, यदि समय रहते समस्या पर प्रमुखता से ध्यान दिया जाए, तो समस्या का निवारण आसान होगा और आगामी धार्मिक पर्वों के दौरान उमड़ने वाली भीड़भाड़, जाम से राहत मिलना संभव होगा।



# जनसुनवाई में गूंजे आमजन के सवाल

## कप्तान ने सुनी 70 शिकायतें, अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि, जबलपुर।

आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित हुई। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने स्वयं आमजन की शिकायतें सुनीं और तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुँचे नागरिकों ने कुल 70 शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें अधिकतर मामले पति-पत्नी व पारिवारिक विवाद, जमीन-जायदाद से जुड़े झगड़े, मारपीट तथा साइबर अपराध से संबंधित रहे। एसपी उपाध्याय ने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि प्रत्येक मामले पर समयबद्ध और निष्पक्ष कार्यवाही होगी।जन सुनवाई में डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय, डीएसपी मुख्यालय बीएस गोठरिया ने भी शिकायतकर्ताओं की बात सुनी और त्वरित निराकरण का भरोसा दिया। कप्तान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि थाने और चौकियों में नियमित जन सुनवाई की जाए ताकि आमजन को न्याय के लिए भटकना न पड़े।



# अतिक्रमण के खिलाफ निगम की सख्त कार्रवाई

## रिछाई मोड़ पर हटाए गए अस्थायी टपरे

जबलपुर।

रिछाई इंफ्रास्ट्रियल एरिया मोड़ पर अतिक्रमण कर बनाए गए अस्थायी बाजार को हटाने के लिए नगर निगम ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। पहले भी इस शासकीय भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद कब्जेदारों ने दोबारा अस्थायी टपरे व दुकानें स्थापित कर ली थीं।

मंगलवार को नगर निगम की टीम पुनः मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया। इस दौरान अस्थायी दुकानों के टपरे इतने बड़े थे कि कई कब्जेदार उन्हें स्वयं हटाकर सड़क पर ले जाने लगे, जिससे रिछाई मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात अवरुद्ध हो गया।

नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## शुरू हुआ शहर की प्रमुख सड़कों पर पेंच वर्क का कार्य

**राजा शंकरशाह रघुनाथशाह प्रतिमा स्थल के आस-पास के मार्गो का मरम्मत कार्य प्रारंभ**

**जबलपुर**। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने विगत दिवस ही नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर यह निर्देश दिये थे कि जल्द से जल्द बारिश के कारण सड़कों पर उभर आये गड्ढो को भरने का कार्य प्रारंभ किया जाये। महापौर की घोषणा अनुरूप तत्काल प्रभाव से सड़कों का मरम्मत कार्य एवं पेंच वर्क कार्य प्रारंभ हो गया है। यातायात की दृष्टि से पहले शहर की प्रमुख सड़कों पर यह कार्य किया जा रहा है। जल्द ही अन्य सड़को का पेंच वर्क कार्य पूर्ण कर यातायात सुगत होगा और नागरिकों को सुविधा मिलेंगी। मॉल गोदाम चैक पर स्थित राजा शंकरशाह, रघुनाथशाह की प्रतिमा स्थल के दोनों तरफ की सड़कों को दुरूस्थ करने के निर्देश महापौर ने दिये थे। निरीक्षण के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में नागरिकों की सुनवाई करने पहुंचे महापौर और निगमायुक्त

## नागरिकों को बगल में स्थान देकर बैठाया, चाय पिलाई फिर सुनी उनकी समस्याएं

जबलपुर।

नगर निगम की जनसुनवाई कक्ष में आज नागरिकों के समस्याओं की सुनवाई करने एक साथ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार पहुंचे और मौके पर ही सुनवाई कर अधिकारियों को समक्ष में बुलाकर निराकरण कराया। सुनवाई के पहले महापौर एवं निगमायुक्त ने नागरिकों को अपने बगल में स्थान देकर बैठाया उन्हे पहले चाय पिलाई और फिर उनकी धैर्य से समस्याए सुनी। जनसुनवाई में पहुंचे श्री अन्नू का स्पष्ट उद्देश्य था कि नगर निगम में समस्याए लेकर आने वाले नागरिकों को राहत मिलने का कार्य सुनिश्चित हो सकें एवं इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोई कमी न रह जायें।



जनसुनवाई के दौरान आज नागरिकों से कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें अतिक्रमण की 07, भवन शाखा के 03 मेट्रो बस की 01, लोककर्म विभाग की 03, सम्पदा शाखा 01 उद्यान विभाग 02, स्थापना विभाग 01 कालोनी सेल 02 राजस्व विभाग 01 आयुक्त कार्यालय 01 संभागीय स्तर से संबंधित 01 थी समस्त शिकायतों को संबंधित विभाग में प्रेषित किया गया व कुछ शिकायतों का राजस्व एवं स्वास्थ विभाग द्वारा त्वरित निराकरण किया गया।

जनसुनवाई में महापौर एवं निगमायुक्त ने सभी विभागीय प्रमुखों को बुलाकर निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का गम्भीरता पूर्वक अवलोकन कर नियमानुसार 100 प्रतिशत कार्यवाही सुनिश्चित करें और निराकरण संबंधी जानकारियों से आवेदिकों को भी अवगत करायें। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त वी.एन.बाजपेई, प्रशांत गोटिया, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, जनसुनवाई प्रभारी सहायक आयुक्त वेदप्रकाश, समस्त उपायुक्त, सहायक आयुक्त, विभागीय प्रमुख एवं संभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## निगमायुक्त ने निगम परिसर का किया निरीक्षण

नवागत आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जनसुनवाई के उपरांत नगर निगम मुख्यालय परिसर का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होने कई स्थानों पर गंदगी पाई जिसको देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की आयुक्त ने अधिकारियों कर्मचारियों को इस बात की सख्त हिदायत दी की वे कार्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनायें रखे। साथ ही स्वच्छ वातावरण में कार्य करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि नगर निगम कार्यलय परिसर में सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वालो और गंदगी फैलाने वालों पर आगामी समय पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## पेस्ट कंट्रोल कंपनी को मेडिकल प्रबंधन ने जारी किया नोटिस

# चूहा काटने की घटना पर अब एक्शन

हरिभूमि, जबलपुर।

इंदौर के एम वाय अस्पताल में चूहा के काटने से हुई दो बच्चों की मौत के बाद भी शासकीय अस्पताल प्रबंधन सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। आये दिन किसी न किसी सरकारी अस्पताल में चूहा मिलते हुए नजर आ रहे हैं इतना ही नहीं इस मामले को अधिकारी भी छोटी सी बात मानकर चल रहे हैं। हालांकि मीडिया में खबर आने के बाद अब अधिकारी पेस्ट कंट्रोल एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब मांगने की बात करते हुए जांच करने की बात करते नजर आ रहे हैं। दरअसल सोमवार की शाम को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मनोरोग चिकित्सा विभाग में दो मरीज व उनके अटेंडर के पैर को चूहा द्वारा कुतरने की घटना प्रकाश में आई थी।

### ये है मामला

मनोरोग चिकित्सा विभाग में रेट बाइट की शिकार में नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव तहसील के गांव श्रीनगर निवासी सरोज मेहरा एवं उनके पुत्र जगदीश मेहरा के साथ सिहोरा निवासी रजनी यादव के साथ घटी। सबसे आश्चर्य की बात यह रही कि घटना घटने के बाद ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और नर्स को यह बात उन्होंने बताई तो उनका कहना था कि कुछ नहीं इंजेक्शन लगवा लो। वहीं रजनी यादव को तो तीन इंजेक्शन लगाने पड़े।




### इंदौर में हो चुकी है दो नवजातों की मौत

उल्लेखनीय है कि इसी प्रकार का एक मामला इंदौर के एम वाय अस्पताल में उस समय सामने आया था जब बच्चा वार्ड में दो नवजात रेट बाइट के शिकार बने थे। जिससे उनकी मौत हो गई थी। इस मामले को मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने स्वतः संज्ञान लिया है तथा राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर जबाब मांगा गया है। इसके बावजूद महाकौशल के सबसे बड़े हॉस्पिटल नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इस प्रकार की घटना का होना कहीं न कहीं प्रबंधन की लापरवाही को उजागर कर रहा है।

### मीडिया में खबर आने के बाद कार्यवाही की बात

एनएससीबी मेडिकल अस्पताल का मामला मीडिया में आने के बाद आनन-फानन में मेडिकल प्रबंधन द्वारा वार्ड का निरीक्षण किया गया। इतना ही नहीं वहां पर पेस्ट कंट्रोल की पूरी यूनिट को रखवाया गया जिससे चूहों को पकड़ा या मारा जा सके। कहा जा रहा है कि अगर यही पहले हो जाता तो संभवतः किसी मरीज की जान पर न बन पाती।

### मेडिकल में पूर्व में भी हुए अन्य मामले

बताया जाता है कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इससे पूर्व भी अनेक लापरवाही के मामले सामने आ चुके हैं। यहां पर बच्चा बदलने से लेकर जिंदा मरीज को भी मरा हुआ घोषित किया जा चुका है। अब देखना यह होगा की इस मामले में मेडिकल प्रबंधन क्या कार्यवाही करता है।

### नोटिस जारी कर मांगा जबाब-अधीक्षक

मेडिकल अधीक्षक डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि मुझे जैसे ही इसकी जानकारी मिली मैं वार्ड में पहुंचा वहां पर चूहा को मारने एवं पकड़ने के पूरे इंतजाम किये गये थे। आउट सोर्स के माध्यम से वैसे भी चूहों को मारने एवं पकड़ने के लिए मेडिकल में इंतजाम कर रखा है उनका कहना है इंदौर की एम वाय अस्पताल का मामला आने के बाद और भी एहतियात बरते जा रहे हैं, इसके बाद भी हमने जांच करने का निर्णय लिया है, तथा एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### जांच के आदेश दिए : डीन

मेडिकल मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ नवनीत सक्सेना ने कहा कि यह बहुत ही गंभीर मामला है, इसकी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। हालांकि मैने भी वहां पर निरीक्षण किया है पेस्ट कंट्रोल वहां पर मिला है, इसके बाद इस प्रकार की लापरवाही हुई तो उसकी जल्द ही जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**पुलिस कप्तान ने किया फेरबदल, टूआईसी के जिम्मे मझौली की कमान**

# विजय, जयप्रकाश लाइन अटैच अनिल बने बरेला टीआई

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने बड़ा कदम उठाते हुए थाना प्रभारियों में फेरबदल किया है। लंबे समय से लापरवाही और स्थानीयजनों की लगातार शिकायतों को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। जारी आदेश के मुताबिक बरेला थाना प्रभारी टीआई विजय कुमार विश्वकर्मा और मझौली थाना प्रभारी कार्यवाहक निरीक्षक जयप्रकाश द्विवेदी को लाइन अटैच कर दिया गया है। वहीं कार्यवाहक निरीक्षक अनिल पटेल को पुलिस लाइन से बरेला थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कप्तान उपाध्याय का यह निर्णय उनके अंदर से सख्त और बाहर से नरम स्वभाव को उजागर करता है। बताया जा रहा है कि विजय और जयप्रकाश के कार्यकाल में जनता की शिकायतें बढ़ती गईं और अपराध नियंत्रण पर अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। इन परिस्थितियों में कप्तान ने कड़ा कदम उठाते हुए दोनों को लाइन भेज दिया।



## सीबीआई ने नर्सिंग कॉलेजों की जांच का डाटा याचिकाकर्ता को सौंपा

**जबलपुर**। प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से आग्रह किया गया कि पूर्व की सुनवाई में दिए आदेश के पालन में सीबीआई से नर्सिंग मामले के जांच से जुड़ी फाइलों का स्कैन डेटा दिलवाया जावे। इस पर सीबीआई की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नर्सिंग कॉलेजों के जांच से जुड़ी फाइलों का स्कैन डाटा पेन ड्राइव में तैयार है। हाईकोर्ट ने कहा कि डाटा याचिकाकर्ता को दें। सुनवाई के बाद सीबीआई ने याचिकाकर्ता को डाटा सौंपा। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को निर्धारित की है।

## शांति समिति की हुई बैठक, पुलिस कप्तान ने दी अग्रिम शुभकामनाएं

# त्यौहारों पर सुरक्षा और सौहार्द की होगी चाक-चौबंद व्यवस्था



**हरिभूमि, जबलपुर।** दुर्गोत्सव, पंजाबी दशहरा, विजयदशमी और दीपावली पर्व को देखते हुए सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिला शांति समिति की बैठक पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व विधायक संजय यादव, पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया, मुकेश राठौर, ताहिर खान, शरद काबरा, शरण चौधरी, प्रमोद पटेल, पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित संयुक्त कलेक्टर अनुराग सिंह, एएसपी आयुष गुप्ता, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, नगर निगम अपर आयुक्त विद्याधर वाजपेयी, विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री सुनील अरोरा समेत पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### सदस्यों ने रखे अहम सुझाव

बैठक में त्यौहारों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और पेयजल व्यवस्था, झूलते तारों को व्यवस्थित करने, जुलूस मार्गों का रखरखाव, धार्मिक व विसर्जन स्थलों पर सफाई व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विसर्जन जुलूसों में डीजे पर रोक लगाने और सप्तमी, अष्टमी व नवमी पर गरबा आयोजनों को प्रतिबंधित करने का सुझाव भी दिया गया।

### भंडारे और विसर्जन को लेकर बनी सहमति

सदस्यों ने आग्रह किया कि दुर्गोत्सव के दौरान भंडारे सड़क से हटकर इस तरह लगाए जाएं कि आमजन के आवागमन में बाधा न आए। दशहरा चल समारोह में स्वागत मंच से जुलूस की गति प्रभावित न हो, इसके लिए समितियों को निर्देशित करने की आवश्यकता बताई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में नहरों में प्रतिमा विसर्जन पर रोक अथवा पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम करने का सुझाव भी रखा गया।

### पुलिस कप्तान ने दिया आश्वासन

कप्तान उपाध्याय ने अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दुर्गोत्सव और दशहरा की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि है। इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। वहीं संयुक्त कलेक्टर अनुराग सिंह ने कहा कि जबलपुर का दशहरा देशभर में ख्यात है, इसे और भव्य बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

## शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह की शहादत को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि अंग्रेजों के विरुद्ध आजादी की लड़ाई में गोंडवाना साम्राज्य के महानायक राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह को तोप के मुंह से बांधकर उड़ाकर शहीद करने की घटना भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में कभी नहीं हुई है, खासतौर पर आदिवासी समुदाय के द्वारा ऐसी शहादत मातृभूमि के लिए दी गई है, ऐसी पिता और पुत्र की शहादत आजादी की वीरगाथा को मध्य प्रदेश सरकार प्राथमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करे एवं बलिदानी राजा के बलिदान दिवस 18 सितंबर को अवकाश घोषित करने की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री से आदिवासी विकास परिषद के एवं सभी आदिवासी संगठनों ने की है। राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान स्थल पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मांग कर्ताओं में संघ के मुन्ना मरावी, राजेन्द्र सिंह तेकाम, धीरेन्द्र संजू ठाकुर, रामकुमार सैयाम, महेन्द्र मरावी, शैलेश धुर्वे, अरविन्द मार्को, नीलेश बरकड़े, घनश्याम यादव, इंद्रकुमार कुलस्ते, वसंत तेकाम, नरेश मरकाम, बालकृष्ण उइके, मानसिंह तेकाम, शेखलाल आर्मो, जगदीश कुंजाम, आदि उपस्थित थे।

## हिंदी दिवस पर हुआ गरिमामय आयोजन



**जबलपुर।** माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, श्री जानकीरमण कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय तथा त्रिलोक संस्था, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस के पावन अवसर पर श्री जानकीरमण महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में एक भव्य व गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने की, जबकि राष्ट्रकवि राजसागरी मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बैजनाथ गौतम एवं मानस मर्मज्ञ आलोक पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की संयोजिका माय भारत, जबलपुर से निशा सिंह राजपूत एवं त्रिलोक संस्था के संस्थापक दविंदर सिंह ग्रोवर भी मंच पर उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में दविन्दर सिंह ग्रोवर ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, हमारी अस्मिता है, इसे सम्मान देना हर भारतीय का कर्तव्य है। डइस अवसर पर डॉ. अनामिका सिंह, प्रगति शुक्ला, मुकेश श्रीवास्तव, राखी बाजपेई, मानसी गौतम, शिवानी रैकवार, पराग तेलंग, संजय पांडे सहित अनेक गणमान्यजन, प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

## गोपाल सदन में सप्त दिवसीय ज्ञानयज्ञ का आयोजन



**जबलपुर।** चिन्मय मिशन स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती द्वारा स्थापित भारतीय संस्कृति के पोषक व्यक्तियों, मनीषियों का एक संगठन है, जो मुख्य रूप से प्राचीन भारतीय ग्रंथों में वर्णित आत्मज्ञान से सम्बंधित शब्दों और शब्दावली को आधुनिक जीवनशैली के सन्दर्भ में परिभाषित करने के साथ ही वेदान्त पर शोध एवं शिक्षण कार्य करता है। इसकी स्थापना 1953 में हुई थी। श्री गोपाललाल जी महाराज ट्रस्ट मध्यप्रदेश के प्राचीनतम ट्रस्टों में से एक धार्मिक ट्रस्ट है, जो प्रवचन, शिक्षण छात्रवृत्ति, चिकित्सा सहायता आदि विभिन्न माध्यम से परमार्थिक कार्य में संलग्न है। श्री गोपाललाल जी महाराज ट्रस्ट एवं चिन्मय मिशन जबलपुर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में श्री रामचरित मानस के बालकाण्ड पर केन्द्रित सप्त दिवसीय ज्ञान यज्ञ आयोजित है। श्री रामचरित मानस की रचना संत श्री तुलसीदास जी ने पंद्रह सौवीं शताब्दी में की थी। हनुमान प्रसाद पोद्दार के अनुसार विक्रम संवत 1631 रामनवमी तिथि से इस ग्रन्थ की रचना प्रारम्भ हुई और 1633 से श्री रामविवाह तिथि पर पूर्ण अर्थात दो वर्ष 10 माह 26 दिन रामायण को लिखने में लगे।

## सत्य सनातन धर्म की रक्षा करना ही हिंदुत्व का प्रथम कर्तव्य है



**जबलपुर।** अखिल भारतीय सनातन संरक्षण लोक कल्याण समिति जबलपुर के राष्ट्रीय सचिव नितिन चौबे द्वारा ग्राम सिमरिया स्थित सनातन धर्म प्रेमियों की भव्य श्रृंखला के साथ धर्म ध्वजा लेकर विराट भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के राष्ट्रीय सचिव नितिन चौबे ने बताया सनातन धर्म लगभग डेढ़ लाख अति प्राचीन धर्म है, आगे बढ़ना और इसकी संस्कृति का प्रचार प्रसार करना यह सनातन हिंदू का प्रथम कर्तव्य है, हमारी समिति के द्वारा भारत वर्ष में समाज के गरीब, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक आदिवासी, वनवासी विकलांग, अनाथ, असहाय, वद्ध व्यक्तियों, महिलाओं, कामकाजी महिलाओं, परित्यक्ता एवं विधवा महिलाएं एवं बालक-बालिकाओं के कल्याण एवं उत्थान के लिए शिक्षा तकनीकी, व्यावसायिक शिक्षा, हैन्डीक्राफ्ट शिक्षा, हस्ताशिल्प प्रशिक्षण एवं सेमिनार तथा स्वरोजगार शिक्षा केन्द्रों की स्थापना करना और उनका संचालन करना तथा आर्थिक मदद करना एवं ऋण उपलब्ध कराना भारत वर्ष के अनेक राज्यों में पुस्तकालय, वाचनालय, सामुदायिक केन्द्र, वृद्ध आश्रम, अनाथ आश्रम, गुरूकुल, आध्यात्मिक उपासना केन्द्र, मंदिर, योग साधना केन्द्र, धर्मशाला, महिला कल्याण आश्रम, बालक-बालिका कल्याण आश्रम, नशामुक्ति केन्द्र, एवं अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना करना तथा उनका संचालन करना है। भव्य शोभायात्रा के पश्चात बड़ी खेरदाई माता की महाआरती के साथ भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव नितिन चौबे, अमन राज चौबे, राजेंद्र दुबे, अनिल चौबे, नरेंद्र चौबे, साहिल पांडे, विवेक केवट, अमन चक्रवर्ती, अभिषेक गोटिया, रेहान ठाकुर, सौरभ रजक, प्रकाश चौबे, जितेंद्र चौबे, सुनील चौबे एवं समस्त ग्रामवासी हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।



## मातृशक्तियां गरबा कार्यशाला की सहभागी बनीं दत्त मंदिर में प्रशिक्षण शुरु, 24 तक चलेगा

**जबलपुर।** अंतस साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वावधान में नवरात्र आराधना पर्व के अवसर पर गरबा महोत्सव भक्तिमय आयोजन की कार्यशाला 15/9/2025 को श्री दत्त मंदिर परिसर में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की गई। इस अवसर पर मातृशक्तियों ने कार्यशाला में भाग लिया। 24/9/2025 को श्री दत्त मंदिर परिसर में अंतस का भक्तिमय गीत एवं गरबा महोत्सव का आयोजन शाम 06 बजे से होने जा रहा है, जिसमें उपस्थिति की अपील आयोजकों ने की है।

## गांवों में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग



**सिहोरा।** अवैध शराब बिक्री को लेकर सिहोरा तहसील के अंतर्गत ग्राम पौड़ी कला ए की महिलाओं द्वारा आम आदमी पार्टी सिहोरा तत्वावधान में एसडीएम,आबकारी उप निरीक्षक एवं एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि पौड़ी कला ए में देसी एवं कच्ची शराब अवैध तरीके से बिना रोक-टोक के बेची जा रही है जिस पर रोक लगाई जाए। महिलाओं ने बताया कि शाम 6 बजे से शराब गांव में अनेक स्थानों पर शराब बेची जाती है जिससे पूरे गांव का माहौल खराब हो गया है नाबालिक बच्चे भी शराब के आदी हो रहे हैं। इस पर रोक नहीं लगी तो अनेक परिवार बर्बाद हो जायेंगे। इस अवसर पर ग्राम की विनीता, सोमवती, कुसुम, आशाबाई, संजना, किरण, सावित्री चौधरी, सुषमा फूलबाई, लक्ष्मी, रंजन, रोशनी, रूपवती चौधरी के साथ आम आदमी पार्टी के संतोष वर्मा, अमित विश्वकर्मा, जमुना प्रजापति, जितेंद्र श्रीवास आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आंदोलन समिति की घोषणा

# सिहोरा जिला के लिए अब करेंगे भूमि समाधि सत्याग्रह

**सिहोरा।** सिहोरा जिला के लिए आंदोलित लक्ष्य जिला आंदोलन समिति ने भूमि समाधि सत्याग्रह करने की घोषणा की है।समिति ने मंगलवार को इस आंदोलन का पोस्टर जारी करते हुए सिहोरा वासियों से आंदोलन के लिए तैयार होने का आह्वान किया है।

### लेंगे भूमि समाधि

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के विकास दुबे, कृष्णकुमार कुररिया, अनिल जैन, सुशील जैन, संतोष वर्मा आदि ने बताया कि इस सत्याग्रह आंदोलन में पूरा शरीर जमीन के अंदर गढ्ढे में रहेगा, केवल सिर जमीन के ऊपर होगा। जल्द ही इस सत्याग्रह आंदोलन का स्थान और तिथि घोषित कर दी जावेगी।

### जनप्रतिनिधियों ने किया निराश

समिति के मानस तिवारी, नितेश खरया, आशीष भार्गव, अमित बक्शी ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक और सांसद ने लगातार सिर्फ वादे किए। पिछले दो वर्षो में दोनों जन प्रतिनिनिधियों ने न तो कभी सिहोरा जिला की बात सरकार के समक्ष रखी न मुख्यमंत्री से वार्ता कराई और न ही जनता की आवाज को ही संबल दिया। समिति ने सभी सिहोरा वासियों से भूमि समाधि सत्याग्रह के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है।

## आचार्य विद्यासागर मंडल का सेवा पखवाड़ा अभियान आज से

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी आचार्य श्री विद्यासागर मंडल उत्तर-मध्य विधानसभा द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक चलाया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, मंडल कार्यक्रम संयोजक अनुज जैन 'मासाब', मंडल कार्यक्रम सहसंयोजक आशीष साहू, मंडल कार्यक्रम संयोजक समरजीत सिंह फौजदार सहित राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 37 की पार्षद प्रत्याशी तथा कार्यक्रम संयोजक सुधा तिवारी, कार्यक्रम सहसंयोजक आकाश साहू एवं सुलभ ताम्रकार ने एक जानकारी में बताया कि अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर को स्वच्छता अभियान श्री काली माता मंदिर, झाडू कंपनी, तमरहाई में प्रभारी अर्चना उपाध्याय के नेतृत्व में तथा वृक्षारोपण अभियान प्रभारी बबलू जायसवाल के नेतृत्व में श्री गोपालबाग, तलैया, नमो उपवन में 'एक पेड़ माँ के नाम' से चलाया जाएगा।

## पितरों को दी जा रही जलांजली पुष्पांजलि

# पितृपक्ष में तर्पण व श्राद्ध का सिलसिला जारी

**जबलपुर।** पितर पक्ष में पितरों का तर्पण का सिलसिला जारी है। पितर पक्ष की आज ग्यारहवीं तिथि है। पूरे पितर पक्ष में अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग तरह से स्वर्ग सिधारने वालों का विशेष श्राद्ध किया जाता है। जिससे पितृऋण से मुक्ति मिलती है। इन विशेष तिथियों में श्राद्ध कर्म करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### एकादशी और द्वादशी का विशेष महत्व

ज्योतिषाचार्य पंडित पीएल गौतामाचार्य के मुताबिक शास्त्रों में एकादशी को वैष्णवों और द्वादशी को संत-महात्माओं और सन्यासियों का तर्पण करने का विधान बताया गया है। इन विशेष तिथियों में किये गये पिंडदान और तर्पण व श्राद्ध कर्म से जीव आत्मा को शांति मिलती है। श्राद्ध पक्ष में द्वादशी और एकादशी का विशेष महत्व है।

### अमावस्या को होगी विदाई

ज्योतिषाचार्य पंडित पीएल गौतामाचार्य ने बताया कि अगामी 21 सितंबर अमावस्या को पितरों की विदाई की जायेगी। इस दिन पितृमोक्ष अमावस्या पितरों के निमित्त अंतिम पूजा होगी। उनसे सुख-समृद्धि की और आर्शीवाद की कामना करते हुये उन्हें विदा किया जायेगा। पितृमोक्ष अमावस्या पर उन पूर्वजों का तर्पण भी किया जाता है, जिनकी तिथी ज्ञात नहीं होती। ऐसी मान्यता है कि उनसब पितृों को अमावस्या के दिन तर्पण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## रांझी, लार्डगंज और अधारताल में मारपीट और चाकूबाजी, 3 घायल

# राह चलते लोगों से अवैध वसूली करने लगे बदमाश



जबलपुर। रांझी, लार्डगंज और अधारताल थाना क्षेत्रों में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने तीन युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानेगांव तालाब के पास रांझी निवासी 16 वर्षीय रीतेश अहिरवार गत रात लगभग 9 बजे अपने बड़े भाई लक्की अहिरवार एवं उनके दोस्त दीपांशु कोल के साथ मानेगांव तालाब के ट्रांसफार्मर के पास खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे तभी अजय बेन एवं 17 वर्षिय किशोर आए और शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर दोनों गाली गलौज करने लगे, 17 वर्षिय किशोर ने उसे पकड़ लिया और अजय बेन ने चाकू से उस पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी तरह लार्डगंज में चेरीताल निवासी 35 वर्षीय आजाद साहू गत दोपहर लगभग 2 बजे अग्रवाल पेट्रोल पम्प पर बाथरूम करने गया था जहां से वापस आते समय अज्ञात व्यक्ति ने उसे पीछे से आवाज दिया तो उसने पलटकर देखा और अग्रवाल पेट्रोल पम्प के पास खड़े दो अज्ञात व्यक्ति के पास वह गया तो दोनों उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर दोनों ने मारपीट की और उसका मोबाइल जमीन पर पटक दिया। मारपीट से उसके मुंह पीठ दोनों घुटनों में चोटें आई है। आसपास के लोगों को आते देख दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये मोटर सायकल से भाग गये। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2),119(1), 324(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार अधारताल में वेलकम कालोनी महाराजपुर निवासी 20 वर्षीय कुलदीप पटेल गत रात लगभग 11 बजे ललित आटा चक्की के पास खड़ा था तभी उसके परिचित के अभिषेक उर्फ छिंगा, निखिल रैकवार, गौरव केवट आए और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर तीनों उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। गौरव ने उसकी गर्दन पकड़ कर दबा दिया जिससे उसे नाखून से चोट आयी तथा तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कैंसर पीड़ित बहन का इलाज कराने गए भाई के सूने घर में चोरी

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत फूटाताल निवासी एक युवक कैंसर पीड़ित बहन का इलाज कराने मुंबई गया था, इस दौरान उसके सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने की चेन , लैपटाप, सोनी कम्पनी का कैमरा, घडियॉ, कपडे, कुछ डॉलर , कांसे के बर्तन, चोरी कर ले गए। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार फूटाताल निवासी 46 वर्षीय अनिल कुमार अपनी बहन अंजू के साथ किराए के घर पर रह रहा है। गत दिवस घर पर ताला लगार कैंसर पीड़ित बहन अंजू को लेकर वह मुंबई इलाज कराने ले गया था। गत 3 सितंबर को पड़ोसी ने फोन पर चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर वह घर आकर देखा तो सोने की चेन , लैपटाप, सोनी कम्पनी का कैमरा, घडियॉ, कपडे, कुछ डालर , कांसे के बर्तन, अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




**श्री हरी चंद पासी-** बगीचा 68, सदर केंट निवासी श्री हरी चंद पासी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जीजा बाई नगराड़े-** शक्तिनगर नब्बे क्वाटर निवासी श्री नामदेव राव नगराड़े की धर्मपत्नी श्रीमती जीजा बाई नगराड़े (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती संध्या जायसवाल-** सी 14, साईंस कॉलेज के पास सिविल लाइन निवासी श्री साईमनडीन जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या जासवाल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चरनजीत सिंह जस्सल-** गुरूद्वारा स्टेट दशमेश नगर पटियाला पंजाब निवासी श्री चरनजीत सिंह जस्सल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई अहिरवार-** मड़ई वाला बगीचा श्री रामलला मंदिर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री झाईं लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई अहिरवार (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम नारायण दुबे-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री प्रेम नारायण दुबे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राम बाई पटेल-** छापर बृजमोहन नगर टेंडर 2 रामपुर निवासी श्री सुमत लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई पटेल (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामरति विनोदिया-** रामहरख का बगीचा नेहरू वार्ड निवासी श्री गणेश विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति विनोदिया (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रेवाराम बैगा-** कंचनपुर रेतनाका रोड निवासी श्री रेवाराम बैगा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई चौधरी-** झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा रोड निवासी श्री पातरे चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई चौधरी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार कटारिया-** साहिब टाउनशिप रेतनाका रोड गौरीघाट निवासी श्री राजकुमार कटारिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**मिली यादव-** उडिय़ा मोहल्ला छोटी ओमती निवासी मिली यादव (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश अवस्थी-** दीक्षितपुरा निवासी श्री महेश अवस्थी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपू सोनी-** फूटाताल निवासी श्री दालचंद सोनी के पुत्र श्री दीपू सोनी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक कुमार रावत-** कछपुरा गढ़ा रेलवे क्रासिंग के पास निवासी श्री अशोक कुमार रावत (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धीरज रैकवार-** हनुमानताल थाने के पास डॉ. दुबे के पीछे निवासी श्री दशरथ रैकवार के पुत्र श्री धीरज रैकवार (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती पुतली देवी जैसवानी-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर नर्मदा रोड निवासी श्री गुरमुख जैसवानी की धर्मपत्नी श्रीमती पुतली देवी जैसवानी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## खबर संक्षेप




### इंडिगो की 8 अक्टूबर से मुंबई कोपेनहेगन सीधी उड़ान

**मुंबई।** घरेलू एयरलाइन कंपनी इंडिगो आठ अक्टूबर से मुंबई से डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करेगी, जिससे उत्तरी यूरोप में उसके अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का और विस्तार होगा। एयरलाइन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन ने कहा कि नई सेवाएं सप्ताह में तीन बार संचालित की जाएंगी, और इसके लिए नॉर्स अटलांटिक एयरवेज से पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल किया जाएगा।

### सुजलॉन को टाटा पावर रिन्यूबल से मिला ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सुजलॉन समूह को टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी से 838 मेगावाट का ऑर्डर मिला है, जो इस वित्त वर्ष का सबसे बड़ा ऑर्डर है। यह ऑर्डर उसकी मजबूत और डिस्पैचेबल रिन्यूएबल ऊर्जा परियोजना के तहत दिया गया है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी से मिले 1,544 मेगावाट के ऑर्डर के बाद, यह सुजलॉन का अबतक का दूसरा सबसे बड़ा ऑर्डर है और यह भारत के ऊर्जा बदलाव में तेजी लाने में एफडीआरई परियोजनाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।




### रुपया आठ पैसे चढ़कर 88.08 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के पटरी पर लौटने की उम्मीदें बढ़ने से मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे मजबूत होकर 88.08 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू बाजारों और कमजोर डॉलर के कारण रुपये में मजबूती आई। अमेरिकी डॉलर फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक और निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों से पहले दो महीने के निचले स्तर पर आ गया।



### नथिंग ने टाइगर ग्लोबल से 1,762 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने श्रृंखला सी वित्तपोषण दौर में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 1,762 करोड़ रुपये) जुटाए हैं, जिससे कंपनी का मूल्यांकन 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। यह वित्तपोषण दौर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के मेल से एआई-नेटिव मंच बनाने के अपने प्रयासों को गति देने के लिए किया गया है। इस दौर का नेतृत्व टाइगर ग्लोबल ने किया। इसमें जीवी, हाईलैंड यूरोप और ईक्यूटी सहित मौजूदा शेयरधारकों का समर्थन शामिल था।



# यदि आईटीआर भरने की तारीख चूके तो 31 दिसंबर तक भर सकते हैं आईटीआर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर भरने की तारीख को दो बार बढ़ा दिया था। पहले यह तारीख 31 जुलाई 2025 थी, जिसको बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 किया गया था। मगर सीबीडीटी ने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन 15 से 16 सितंबर के लिएएक दिन और बढ़ा दिया था, लेकिन क्या आपको पता है कि आप 31 दिसंबर तक इनकम टैक्स फाइल कर सकते हैं? इनकम टैक्स फाइल करने वाले टैक्सपेयर्स की ओर से लगातार वेबसाइट के स्लो चलने की शिकायतें की जा रही थीं। कई सारी फर्मों में फॉर्म डाउनलोडिंग में दिक्कतों की बात कही थी, जिसको ध्यान में रखते हुए टैक्स डिपार्टमेंट ने आईटीआर डेडलाइन को 15 सितंबर से बढ़ाकर 16 सितंबर 2025 तक कर दिया था।

इनकम टैक्स रिटर्न भरने (आईटीआर) फाइल करने की डेडलाइन मंगलवार को खत्म हो गई। आज आखिरी तारीख होने के चलते 1 करोड़ से ज्यादा टैक्स रिटर्न फाइल किए जाने की उम्मीद है। अभी तक, असेस्मेंट ईयर 2025-26 के लिए 6.29 करोड़ रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। पिछले साल के मुकाबले आईटीआर फाइलिंग में 7.5 प्रतिशत का उछाल आया है। मंगलवार को जिस तेजी से रिटर्न फाइल किए गए उसे देखते हुए लगता है कि इस बार यह 7.8 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगा।

## लेट फाइल करने पर सेक्शन 234एफ के तहत लेट फीस देनी पड़ेगी

### लेट फाइलिंग का मतलब

हालांकि, अगर आप किसी कारणवश 16 तारीख तक भी आईटीआर फाइल नहीं कर सके तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। लेट पेमेंट के साथ 31 दिसंबर 2025 तक आईटीआर फाइल किया जा सकता है। लेट फाइलिंग यानी बिलेटेड रिटर्न वो आयकर रिटर्न होता है जो तय डेट पर या उससे पहले दाखिल नहीं किया गया। आयकर वेबसाइट के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति तय डेट या नोटिस में दी गई डेडलाइन तक रिटर्न फाइल नहीं करता, तो वो असेसमेंट ईयर खत्म होने से 3 महीने पहले या असेसमेंट पूरा होने से पहले, जो भी पहले हो, पिछले साल का रिटर्न दाखिल कर सकता है।




### पेनाल्टी कितनी लगेगी?

अगर आप तय डेट के बाद रिटर्न फाइल करते हैं, तो सेक्शन 234एफ के तहत लेट फीस देनी पड़ेगी। ज्यादातर करदाताओं के लिए ये फीस 5,000 रुपए है। लेकिन अगर आपकी टोटल इनकम 5 लाख रुपए तक है, तो फीस सिर्फ 1,000 रुपए होगी। अगर धारा 234एफ के अनुसार, यदि रिटर्न धारा 139(1) के तहत तय तिथि के बाद दाखिल किया जाता है, तो 5,000 रुपए का लेट शुल्क देना होगा। बाकी इनकम ज्यादा होने पर शुल्क ज्यादा लगता है।

### केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड का स्पष्टीकरण

# निजी स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों के कमीशन-ब्रोकरेज पर आईटीसी का लाभ बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने मंगलवार को कहा कि बीमा कंपनियां 22 सितंबर से व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी के लिए कमीशन और ब्रोकरेज जैसे 'इनपुट' यानी कच्चे माल के लिए चुकाए गए जीएसटी पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा नहीं कर पाएंगी।

- विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कराधान के बारे में स्पष्टीकरण जारी

सीबीआईसी ने 22 सितंबर से नए जीएसटी स्लैब लागू होने पर विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कराधान के बारे में स्पष्टीकरण देते हुए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची जारी की है। जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को अपनी बैठक में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी पर चुकाए गए प्रीमियम को जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया।

**खास बातें**

- कच्चे माल के लिए चुकाए गए जीएसटी पर आईटीसी का दांवा नहीं
- सीईएसई ने कहा, 22 सितंबर से नए जीएसटी स्लैब लागू होंगे



**फिलहाल 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगता है:** फिलहाल इस पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। छूट 22 सितंबर से प्रभावी होगी। इस सवाल के जवाब में कि बीमा कंपनियों की कौन सी 'इनपुट' सेवाएं जीएसटी से मुक्त हैं, सीबीआईसी ने कहा कि वर्तमान में, बीमा कंपनियां कमीशन, ब्रोकरेज और पुनर्बीमा जैसे कई इनपुट और इनपुट सेवाओं पर आईटीसी का लाभ उठा रही हैं।

### पुनर्बीमा सेवाओं को छूट दी जाएगी

*सीबीआईसी ने कहा, "इन इनपुट सेवाओं में से, पुनर्बीमा सेवाओं को छूट दी जाएगी। अन्य कच्चे माल के मामले में इनपुट टैक्स क्रेडिट वापस ले लिया जाएगा। इसका कारण अंतिम उत्पाद सेवाओं को जीएसटी छूट दी जा रही है।" इसका मतलब यह है कि व्यक्तिगत बीमा पॉलिसी के मामले में कमीशन और ब्रोकरेज जैसे 'इनपुट' पर चुकाए गए कर, बीमा कंपनियों के लिए लागत होंगी, क्योंकि वे ऐसे करों को समायोजित नहीं कर पाएंगी।*

### स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पांच फीसदी की दर

*सीबीआईसी ने यह भी स्पष्ट किया कि 7,500 रुपये प्रति कमरा प्रतिदिन से कम या उसके बराबर मूल्य वाली आवास इकाइयां प्रदान करने वाले होटल ऐसी इकाइयों पर आईटीसी का लाभ नहीं उठा पाएंगे। इसका कारण ऐसी आपूर्तियों पर आईटीसी के बिना पांच प्रतिशत जीएसटी दर लागू है। इसी प्रकार, सौंदर्य और शारीरिक स्वास्थ्य सेवाओं पर भी बिना आईटीसी के पांच प्रतिशत की दर है।*

### अंतिम ग्राहक को बदलाव का लाभ मिले

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने कहा कि ऐसे सेवा प्रदाता जो बिना आईटीसी वाली पांच प्रतिशत श्रेणी में आते हैं, उनके पास इन सेवाओं पर आईटीसी के साथ 18 प्रतिशत शुल्क लेने का विकल्प नहीं है। नांगिया एंडरसन एलएलपी के भागीदार (अप्रत्यक्ष कर) राहुल शेखर ने कहा, "सरकार चाहती है कि अंतिम ग्राहक को इन बदलावों का अधिकतम लाभ मिले, इसलिए उसने इन उद्योगों के लिए दोहरी दर संरचना की अनुमति नहीं दी है।"

### बिना इनपुट टैक्स पांच फीसदी स्लैब में

बार-बार पूछे जाने प्रश्नों की सूची के अनुसार, जो व्यवसाय बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के पांच प्रतिशत स्लैब में हैं, वे ऐसी वस्तुओं और सेवाओं के कच्चे माल पर चुकाए गए करों पर क्रेडिट का दावा नहीं कर पाएंगे। उदाहरण के लिए, कोई होटल, जो कमरों के लिए पूरी तरह से प्रयुक्त प्रसाधन सामग्री या सुविधाएं खरीदता है, जिन पर पांच प्रतिशत की दर से आईटीसी नहीं ली जाती, तो वह उन खरीदों पर आईटीसी का लाभ नहीं उठा सकता।

# वेदांता का कारोबार विभाजन चालू वित्त वर्ष में ही : सीईओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेदांता रिसोर्सेज की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) देशनी नायडू ने मंगलवार को कहा कि भारतीय शाखा वेदांता लिमिटेड का कारोबार विभाजन इस वित्त वर्ष में ही पूरा होने की संभावना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान कंपनी के पुनर्गठन पर केंद्रित है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) वेदांता लिमिटेड के प्रस्तावित कारोबार विभाजन पर बुधवार को सुनवाई करने वाला है। इस प्रस्ताव के तहत कंपनी के प्रमुख व्यवसायिक विभागों को अलग-अलग इकाइयों में विभाजित किया जाएगा। नायडू ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, "मैं बेहद आशावादी हूं। फिलहाल मेरा काम संगठन का इस तरह पुनर्गठन करना है जैसे हम पहले ही अलग-अलग कारोबार पर आधारित कंपनी बन चुके हों।" उन्होंने कहा, "इस बारे में बुधवार को सुनवाई होने वाली है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह सुनवाई एनसीएलटी की मंजूरी प्रक्रिया की ही दिशा में बढ़ा कदम होगी।"

- समूह का ध्यान कंपनी के पुनर्गठन पर केंद्रित

वेदांता रिसोर्सेज की सीईओ ने कहा कि तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) से संबंधित मामला पहले ही सुलझ चुका है।

**आवश्यकता है**

**नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस**

घड़ी चौक, विजय नगर, जबलपुर में कॉलेज कोड 28 के अंतर्गत निम्न पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
बी. ए. एल. एल. बी. (आर्नस) पाठ्यक्रम हेतु

| क्र. | पद | पद संख्या | अपेक्षित विषय |
|---|---|---|---|
| 01 | सहायक प्राध्यापक विधि संकाय | 04 | विधि के सभी विषय |
| 02 | सहायक प्राध्यापक कला संकाय | 02 | अंग्रेजी / अर्थशास्त्र |

सभी पदों हेतु यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित न्यूनतम अहार्त्ता पी. एच.डी. या नीट अनिवार्य।
नोटः– 24.09.2025 तक प्रधान कार्यालय दीवान बहादुर बल्लभदास महल, हनुमानताल, जबलपुर (म.प्र.) सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें।
मों. 0761–2759003, 7440554266
ई मेल – narmadacollege.jbp@gmail.com पर अपना बायोडाटा भेजें।

# सोना रिकॉर्ड 1.15 लाख के पार, चांदी भी नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये उछलकर 1,15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

- सोने में आई 1800 रुपए की उछाल

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गयी। स्थानीय सराफा बाजार में, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500-500 रुपये गिरकर क्रमशः 1,13,300 रुपये और 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, "कमजोर डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीदों के चलते मंगलवार को सोना एक और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। डॉलर सूचकांक दस हफ्तों के निचले स्तर पर आ गया है, जिससे कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी को बल मिल रहा है।" इसके अलावा, मंगलवार को चांदी 570 रुपये चढ़कर 1,32,870 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



### डॉलर के सूचकांक में गिरावट

गांधी ने कहा, "हाल में रोजगार के कमजोर आंकड़ों और राष्ट्रपति ट्रंप के प्रभाव को देखते हुए, कारोबारियों ने फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में और अधिक आक्रामक कटौती की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।" इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 प्रतिशत टूटकर 97.03 पर रहा। इससे सर्राफा कीमतों को और बल मिला।

# ओला इलेक्ट्रिक ने छुआ 10 लाख वाहन विनिर्माण का आंकड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओला इलेक्ट्रिक ने तमिलनाडु के कृष्णागिरी स्थित अपनी फ्यूचरफैक्टरी से 10 लाख वाहन बनाने का आंकड़ा छू लिया है। ओला इलेक्ट्रिक ने 2021 में वाहन विनिर्माण शुरू किया था और चार साल से भी कम समय में यह उपलब्धि हासिल की है।

- तमिलनाडु कृष्णागिरी स्थित संयंत्र में विनिर्माण

इस उपलब्धि को हासिल करने के उपलक्ष्य में कंपनी ने एक विशेष संस्करण रोडस्टरएक्स प्लस को मिडनाइट ब्लू रंग में पेश किया है, जिसमें ड्यूल टोन सीट, रिम्स और बैटरी पैक पर लाल रंग के स्पोर्टी एक्सेंट हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, "यह हर उस भारतीय का जश्न है जिसने हम पर भरोसा किया और हमारे मिशन में विश्वास किया। चार साल में, हम एक विचार से भारत की ईवी दोपहिया वाहन क्षेत्र में अग्रणी बन गए हैं।" प्रवक्ता ने आगे कहा कि बेंगलुरु स्थित फर्म ने बड़े पैमाने पर निर्माण किया है और यह साबित कर दिया है कि विश्वस्तरीय उत्पादों को भारत में ही डिजाइन, इंजीनियर और निर्मित किया जा सकता है।

प्रवक्ता ने कहा, "यह मील का पत्थर इस बात का प्रमाण है कि हमने कितनी प्रगति की है, और हम अभी शुरुआत कर रहे हैं!



### सैटकॉम स्पेक्ट्रम सिफारिशों पर ट्राई से मांगेगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग की शीर्ष नीति-निर्धारक इकाई डिजिटल संचार आयोग (डीसीसी) ने मंगलवार को सैटकॉम स्पेक्ट्रम से संबंधित सिफारिशों पर नियामक ट्राई से कुछ स्पष्टीकरण मांगने का फैसला किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। डीसीसी ने ट्राई की सिफारिशों पर विचार करने के लिए मंगलवार को एक बैठक की। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि डीसीसी, ट्राई की सिफारिशों से संबंधित कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगेगा। ट्राई ने मई में सिफारिश की थी कि स्टारलिंक जैसी उपग्रह संचार कंपनियों को अपने समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क के रूप में सरकार को देना चाहिए।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र 1 जबलपुर**

अल्पकालीन निविदा सूचना क्र 20 वर्ष 2025-26 टेन्डर लिपिक — जबलपुर दिनांक 12/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB _451588_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 2, जबलपुर अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय में विभिन्न सिविल कार्य एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 18.50 | 38000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2025_PWDRB _451589_pack1 | कलेक्टोरेट सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में प्लास्टर मरम्मत, पुट्टी, रंगाई पुताई, डिस्टेंम्परिंग, पेंटिंग एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 9.80 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2025_PWDRB _451590_pack1 | कलेक्टोरेट सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में सीवर लाईन, चेम्बर, सेप्टिक टेंक, वर्षा जल पाईप लाईन आदि का कार्य एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 8.90 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2025_PWDRB _451591_pack1 | सिविल लाईन स्थित माननीय न्यायाधीश बंगला नं. 575 में टॉयलेट का रेनोवेशन, रोनेटरी फिटिंग, एन्टी टर्गाईट ट्रीटमेंट, फाल्स सीलिंग, कोटा स्टोन एवं अन्य विभिन्न कार्य । | प्रथम | 9.80 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2025_PWDRB _451592_pack1 | सिविल लाईन स्थित माननीय न्यायाधीश बंगला नं. 575 में आर. सी. ड्रेन, पेवर ब्लॉक, प्लाईकाबोर्नेट शीट, फ्लोर टाईल्स एवं अन्य विभिन्न कार्य । | प्रथम | 9.90 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2025_PWDRB _451594_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3, जबलपुर अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय स्थित माननीय रजिस्ट्रार बंगले रंगाई पुताई, पुट्टी, इमलशन आदि कार्य । | प्रथम | 9.65 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2025_PWDRB _451595_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3, जबलपुर अंतर्गत आवासीय बंगलों में रंगाई पुताई, पुट्टी, इमलशन आदि कार्य । | प्रथम | 9.70 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2025_PWDRB _451596_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3, जबलपुर अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय के व्ही. व्ही. आई.पी. बंगलों में रंगाई पुताई, पुट्टी, इमलशन आदि का कार्य। | प्रथम | 9.85 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 2025_PWDRB _451597_pack1 | कटंगा सेक्शन अंतर्गत क्वार्टर नं. सी-1, डी-9, डी-10, ई-20, ई-21, ई-22 में प्लास्टर मरम्मत, पुट्टी, रंगाई पुताई, पेंटिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 9.40 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 10 | 2025_PWDRB _451598_pack1 | आदर्श नगर स्थित क्वार्टर नं. एफ-25,एफ-26, एफ-27, एफ-28, एफ-29, एफ-30, एफ-31, एफ-32 में प्लास्टर मरम्मत, पुट्टी, रंगाई पुताई, पेंटिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 9.80 | 20000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 11 | 2025_PWDRB _451599_pack1 | कटंगा सेक्शन अंतर्गत क्वार्टर नं. ई-23,ई-24, ई-25, ई-26,ई-27 में प्लास्टर मरम्मत, पुट्टी, रंगाई पुताई, पेंटिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 9.90 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 12 | 2025_PWDRB _451600_pack1 | कटंगा सेक्शन अंतर्गत क्वार्टर नं. डी-1,डी-2, डी-3, डी-4, डी-5 में प्लास्टर मरम्मत, पुट्टी, रंगाई पुताई, पेंटिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 9.20 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 13 | 2025_PWDRB _451601_pack1 | गोकलपुर रांझी, जबलपुर स्थित जजेस कालोनी एवं जे.ई. सी. सेक्शन अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में डिपॉजिट कार्य । | प्रथम | 19.50 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 14 | 2025_PWDRB _451602_pack1 | मुख्यालय सेक्शन अंतर्गत व्ही. व्ही.आई.पी. बंगलों में में रंगाई पुताई, पेंटिंग, पुट्टी एवं अन्य कार्य । | प्रथम | 19.94 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 15 | 2025_PWDRB _451603_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत माननीय न्यायाधीश बंगला नं. ए-5 में मरम्मत कार्य, 6 नग टॉयलेट का रेनोवेशन, आयरन ग्रिल्स आदि कार्य एवं माननीय उच्च न्यायालय के अन्य बंगलों में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.85 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 16 | 2025_PWDRB _451604_pack1 | मुख्यालय सेक्शन अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय के माननीय रजिट्रार बंगले में विभिन्न मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.90 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 17 | 2025_PWDRB _451605_pack1 | माननीय न्यायाधीश श्री दीपक कोट के बंगला नं. ए-8 एवं म.प्र. उच्च न्यायालय के डुमना रोड स्थित बंगलों में अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 18.85 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 18 | 2025_PWDRB _451606_pack1 | माननीय न्यायाधीश श्री आर. के. बानी के बंगला नं. ए-3 में सेनेटरी फिटिंग, पार्किंग टाईल्स का कार्य एवं म.प्र. उच्च न्यायालय के अन्य बंगलों में अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.35 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 19 | 2025_PWDRB _451607_pack1 | माननीय न्यायाधीश श्री हिमांशु जोशी, म.प्र. उच्च न्यायालय के बंगले में विट्रीफाईड टाईल्स फ्लोरिंग, यू.पी. व्ही. सी. विंडो आदि का कार्य । | प्रथम | 19.65 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 20 | 2025_PWDRB _451608_pack1 | सिटी सेक्शन अंतर्गत डी.एफ.ओ. कम्पाउण्ड एवं ब्यौहारबाग स्थित आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य क्वार्टर नं. 893, 891, एफ- 10/1 से एफ- 10 / 6 आदि । | प्रथम | 19.80 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | कुल योग | प्रथम | 281.24 | | | |

टीपः- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 22/09/2025 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटन पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स ), संभाग क्र 1 जबलपुर

G-18723/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## कॉस्मिक ऑरेंज आईफोन प्रो मैक्स-17 की मांग में भारी उछाल

# भारत, अमेरिका में ऑउट ऑफ स्टॉक हुआ आईफोन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉस्मिक ऑरेंज रंग वाले एप्पल के आईफोन प्रो मैक्स-17 की मांग में भारी उछाल आया है। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका और भारत में कंपनी के आधिकारिक स्टोर पर इस उपकरण को लेने के लिए बुकिंग शुरू होने के तीन दिन के भीतर ही 'यह आउट ऑफ स्टॉक' हो गया है।

- बुकिंग शुरू होने के तीन दिन के भीतर ही हुआ आउट ऑफ स्टॉक

एप्पल इंडिया वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत में पूरी आईफोन प्रो मैक्स श्रृंखला एप्पल स्टोर्स पर पिक-अप विकल्प के साथ पूर्व-ऑर्डर के साथ उपलब्ध नहीं है। कॉस्मिक ऑरेंज उपकरण भारत में आईफोन प्रो मैक्स और आईफोन प्रो श्रृंखला दोनों में स्टोर पर पिक-अप विकल्प के साथ प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध नहीं थे।



### प्रो मैक्स की पूरी श्रृंखला उपलब्ध नहीं

'आउट ऑफ स्टॉक' उपकरण खरीदने के इच्छुक उपभोक्ता बुकिंग जारी रख सकते हैं, लेकिन उपकरण सात अक्टूबर के बाद उनके पते पर पहुंचा दिए जाएंगे। भारत में, एप्पल इंडिया वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 सितंबर तक एप्पल स्टोर पर आईफोन प्रो मैक्स उपकरणों की पूरी श्रृंखला उपलब्ध नहीं थी।

### भारत में कीमत 82,900 से 2,29,900 रुपए

*एप्पल ने आईफोन 17 श्रृंखला को 82,900 रुपये से 2,29,900 रुपये की कीमत में पेश किया है, जो भारत में 19 सितंबर से उन ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा जिन्होंने पहले से इसका ऑर्डर बुक कर लिया है। विशेषज्ञ के अनुसार, कुछ स्टोर पर 19 सितंबर को सीमित उपकरण भी उपलब्ध होंगे, जिन्हें बिना पूर्व-ऑर्डर के भी लिया जा सकता है।*

### अमेरिका में कीमत 1.76 लाख रुपए तक

अमेरिका में, आईफोन 17 श्रृंखला की कीमत 799 अमेरिकी डॉलर (लगभग 70,370 रुपये) से 1,999 अमेरिकी डॉलर (1.76 लाख रुपये) के बीच है। ताइवानी इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज फॉक्सकॉन आईफोन की सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसके विनिर्माण संयंत्र चीन और भारत में हैं। भारत में उत्पादित सभी आईफोन अमेरिकी बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भेजे जाते हैं।


### बेंगलुरु स्थित दूसरी इकाई में उत्पादन शुरू

कंपनी ने हाल ही में बेंगलुरु स्थित अपनी दूसरी सबसे बड़ी विनिर्माण इकाई में आईफोन 17 श्रृंखला का उत्पादन शुरू किया है, जो चीन द्वारा लगाए गए अनौपचारिक प्रतिबंधों के तहत संचालित हो रही है। कई सूत्रों के अनुसार, एप्पल इस वर्ष आईफोन उत्पादन को 2024-25 के लगभग 3.5-चार करोड़ इकाई से बढ़ाकर छह करोड़ इकाई करने की योजना बना रही है।

## चिंतन

# अब साफ हो गया कि भारत पाक युद्ध विराम में ट्रंप नहीं

भारत शुरू से ही कह रहा है कि भारत-पाक जंग रुकवाने के लिए पाक ने अनुरोध किया था। इसके लिए पाकिस्तानी डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को सीधे फोन करके युद्ध रोकने की गुहार लगाई थी। पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स ने बातचीत की पहल की, जिसके बाद चर्चा हुई और सीजफायर पर सहमति बनी। किसी अन्य मुद्दे पर या किसी अन्य स्थान पर बातचीत का कोई निर्णय नहीं लिया गया है और न ही कोई तीसरा इस बातचीत में शामिल था, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक के बाद एक 12 बार ये दावा कर दिया कि भारत-पाक के बीच जंग उन्होंने रुकवाई है। यहां तक कि इन दावों के बीच पाकिस्तान ने भी ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार देने का प्रस्ताव रख दिया। अब पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने के डोनाल्ड ट्रम्प के दावे को खारिज कर दिया है। अलजजीरा को दिए इंटरव्यू में उन्होंने पहली बार माना है कि भारत ने कभी भी दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। डार ने तो यहां तक कह दिया कि उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से पूछा था कि क्या अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद सुलझा रहा है। इस पर रूबियो ने कहा कि भारत का साफ मानना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। मतलब साफ है कि भारत-पाक के बीच अमेरिका कहीं नहीं था। अमेरिका ने यह भी कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत किसी तटस्थ जगह पर हो सकती है। लेकिन 25 जुलाई को वॉशिंगटन में रूबियो के साथ हुई अगली बैठक में उन्हें बताया गया कि भारत इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं है। मतलब साफ है कि भारत-पाक के साथ बातचीत में पहले से ही तय अपने सिद्धांत पर अटल है। कश्मीर अथवा पाक के मामले में तीसरा पक्ष मंजूर नहीं हो सकता है। भारत सदैव शांति का पक्षधर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुतिन से कहा था कि अब युद्ध का दौर नहीं रहा। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत-पाक के बीच मध्यस्थ बनने की लिप्सा केवल और केवल अपने मुंह मिट्ठू होने जैसी थी। वो किसी तटस्थ जगह पर कश्मीर समेत तमाम मसलों पर भारत-पाक के बीच बातचीत के दावे करते रहे, जबकि भारत दो टूक इनकार कर चुका था। वैसे भी ट्रंप की कश्मीर के मामले में मध्यस्थ बनने की ये इच्छा शिमला समझौते के उलट है, जिसमें कहा गया है कि दोनों देश पीओके के मसले को आपस में बैठकर सुलझायेंगे। भारत की स्पष्ट नीति रही है कि उसे कश्मीर के मामले में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता मंजूर नहीं। पाकिस्तान की हमेशा ये कोशिश रही है कि कश्मीर के मसले को किसी भी तरह से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाए और किसी तीसरे देश को मध्यस्त बनाया जाए ताकि दुनिया में इसकी चर्चा हो। बड़बोले अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान की इच्छा के अनुरूप ही कश्मीर व अन्य मसलों पर बयानबाजी करते रहे। भारत सरकार को भी इस बारे में अपना रुख सख्ती के साथ स्पष्ट करना चाहिए कि उसे कश्मीर के मामले में किसी तीसरे देश की चौधराहट की जरूरत नहीं है। इस मसले को सुलझाने में भारत खुद सक्षम है ताकि डोनाल्ड ट्रंप के बेतुके बयानों पर किसी तरह से लगाम लगाई जा सके। आतंकवादियों के पनाहगार पाकिस्तान पर विश्वास नहीं किया जा सकता। पाक का इतिहास दगाबाजी का रहा है। इसलिए युद्धविराम के बाद भी भारतीय सेनाओं को सतर्क रहने की जरूरत है।



जन्मदिन
अमित शाह

# सशक्त व आत्मनिर्भर भारत के शिल्पी मोदी

> प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की विशेषता है कि वे अपने शासन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि रखते हैं। समाज का कोई भी वर्ग और व्यक्ति विकास से वंचित न रहे, इस उद्देश्य के साथ नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन पर उनका जोर रहता है। वे शासन को सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम मानते हैं। यही कारण है कि उनकी सरकार में गरीब-कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं न केवल शुरू हुईं, अपितु सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों को प्राप्त भी कर रही हैं। वस्तुत: सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो हर क्षण राष्ट्र को समर्पित हो और जिसकी दृष्टि वर्तमान से कहीं आगे भविष्य तक देखती हो। नरेंद्र मोदी का यही व्यक्तित्व आज भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

सत्रह सितम्बर का दिन कई कारणों से इतिहास में महत्वपूर्ण है। आज के दिन सभी शिल्पकार बंधु व कामगार लोग हर्षोल्लास से विश्वकर्मा जयंती मनाते हैं। आज ही के दिन हैदराबाद को क्रूर निज़ाम और रज़ाकारों से मुक्ति मिली थी। और, आज के ही दिन एक ऐसे जनसेवक का भी जन्म हुआ, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश और देशवासियों को समर्पित कर दिया, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। मोदी जी का यह जन्मदिन विशेष है, क्योंकि यह उनका 75वां जन्मदिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दशकों से कार्य करते हुए मैंने यह अनुभव किया है कि उनका व्यक्तित्व एक राजनेता से कहीं बढ़कर राष्ट्रहित को समर्पित एक ध्येयनिष्ठ नेतृत्वकर्ता का है।

ऐसे नेतृत्वकर्ता, जिनके नेतृत्व के मूल में राष्ट्र का उत्थान और जनता का कल्याण ध्येयवाक्य की तरह विद्यमान है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की विशेषता है कि वे अपने शासन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि रखते हैं। समाज का कोई भी वर्ग और व्यक्ति विकास से वंचित न रहे, इस उद्देश्य के साथ नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन पर उनका जोर रहता है। वे शासन को सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम मानते हैं। यही कारण है कि उनकी सरकार में गरीब-कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं न केवल शुरू हुईं, अपितु सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों को प्राप्त भी कर रही हैं। हम देख सकते हैं कि जनधन योजना ने पचास करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन की नई इबारत लिखी; उज्ज्वला योजना ने घर-घर तक धुएं से मुक्ति और सम्मानजनक जीवन का संदेश पहुँचाया; आयुष्मान भारत ने गरीबों को स्वास्थ्य की सुरक्षा दी, तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब वर्ग को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर दिया। जब भी मैं ऐसी योजनाओं के किसी लाभार्थी की आंखों में संतोष और भरोसा देखता हूं, तो समझ में आता है कि मोदी जी का शासन किस प्रकार से जनकल्याण के उद्देश्य को धरातल पर साकार कर रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रूप में उन्होंने देश के अनेक हिस्सों में समाज के हर वर्ग के साथ संवाद किया। उनके तपस्वी जीवन का यह वह दौर था, जिसमें उन्होंने देश की आत्मा को नजदीकी से न सिर्फ देखा, बल्कि वह उसकी आतंरिक शक्ति से रूबरू हुए। उनका यह अनुभव उनकी शासन की नीति व कार्यशैली में गरीबो-वंचितों के प्रति संवेदना के रूप में परिलक्षित होता है। संघ के प्रचारक के रूप में ही मोदी जी ने संगठन कला के गुण सीखे और बाद में भाजपा के संगठन शिल्पी के रूप में उन्होंने संगठन कार्य को युगानुकुल बनाने के लिए अनेक सफल नवाचार और प्रयोग किये। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप में मुझे मोदी जी के मार्गदर्शन व उनके संगठनात्मक अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर अमल में लाने का अवसर मिला। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता से ही मजबूत नेतृत्व की पहचान होती है। इस मामले में अक्सर मैंने देखा है कि बड़ी से बड़ी परिस्थितियों में भी मोदी जी असाधारण धैर्य और स्पष्ट दृष्टि रखते हैं। 2014 के बाद से ऐसे अनेक अवसर आए, जब देश को बड़े और कड़े निर्णयों की आवश्यकता थी। ऐसे सभी अवसरों पर प्रधानमंत्री मोदी ने नेतृत्व के सूत्रों को पूरी दृढ़ता और कुशलता से थामे रखा और राष्ट्रहित के अनुरूप निर्णय लिए। नोटबंदी और



जीएसटी जैसे कदमों ने आर्थिक सुधारों को गति देते हुए हमारी अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय जोड़ा। अनुच्छेद-370 का ऐतिहासिक उन्मूलन तो सदियों तक याद रखी जाने वाली घटना है। यह निर्णय केवल राजनीतिक साहस को ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति मोदी जी की अटूट आस्था को भी दर्शाता है। तीन तलाक जैसी सामाजिक कुरीति पर रोक लगाने का निर्णय महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का साहसिक कदम था। ये निर्णय आसान नहीं थे। इनमें से कई निर्णयों का विरोध भी हुआ, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी कभी विचलित नहीं हुए। उनके भीतर यह दृढ़ विश्वास था कि यदि राष्ट्रहित में कोई कार्य आवश्यक है, तो उसे विरोध और आलोचना की परवाह किए बिना हर परिस्थिति में पूरा किया जाना चाहिए।अधिक पुरानी बात नहीं है, जब कोविड-19 जैसी महामारी ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया था। ऐसे कठिन समय में भी मोदी ने न केवल जनता को आश्वस्त किया, अपितु देश के उद्योगों, वैज्ञानिकों और युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया। विश्व यह सोच रहा था कि इस महामारी में भारत का क्या हाल होगा! लेकिन यह हमारे नेतृत्व की कुशलता का ही कमाल था कि देश में न केवल रिकॉर्ड समय में वैक्सीन का निर्माण हुआ, अपितु तकनीक से संचालित निःशुल्क टीकाकरण अभियान के माध्यम से हमने दुनिया के सामने कोविड प्रबंधन का अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान से कोई समझौता संभव नहीं। उरी हमले के बाद की सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब आतंकवाद का मूकदर्शक नहीं रहेगा। पुलवामा की घटना के पश्चात हुई बालाकोट एयर-स्ट्राइक ने इस संकल्प को और भी सुदृढ़ किया। हाल ही में पहलगाम हमले के उत्तर में 7 मई 2025 को संचालित 'ऑपरेशन सिन्दूर' ने इस नीति को निर्णायक रूप से स्थापित किया कि जब-जब देश की अस्मिता और नागरिकों की सुरक्षा पर चोट पहुंचेगी, भारत पूरे साहस और दृढ़ता के साथ उसका प्रत्युत्तर देगा। इन कार्रवाइयों ने न केवल देशवासियों के भीतर विश्वास और गौरव की भावना को सशक्त किया, अपितु विश्व को भी यह संदेश दिया कि नया भारत अपने हितों की रक्षा के लिए हर परिस्थिति का सामना करने को तैयार है। विदेश नीति के क्षेत्र में भी मोदी जी की कार्यशैली अद्वितीय है। आज जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर खड़े होकर आत्मविश्वास से भारत का पक्ष रखते हैं, तो हम सबके भीतर भी गर्व की लहर दौड़ जाती है। पहले जहां भारत को अक्सर एक उभरते हुए राष्ट्र के रूप में देखा जाता था, वहीं अब मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक नेतृत्वकर्ता की भूमिका लेने की ओर अग्रसर है। चाहे पेरिस जलवायु समझौता हो, जी- 20 सम्मेलन हो या संयुक्त राष्ट्र में दिया गया संबोधन- हर जगह उनका आत्मविश्वास भारत की बढ़ती शक्ति और गौरव का प्रतीक रहा है। उनका व्यक्तित्व केवल नीतियों और कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है। उनके भीतर एक विशेष करिश्मा है, जिससे वे सीधे जनता से जुड़ जाते हैं। उनकी वाणी में सहजता और सरलता का वह कौशल है, जो संवाद करते हुए उन्हें सीधे जनता के मन तक पहुंचा देता है। वे जब रेडियो पर 'मन की बात' करते हैं, तो करोड़ों लोग महसूस करते हैं कि प्रधानमंत्री सीधे उनसे संवाद कर रहे हैं। पिछले 11 वर्षों में उनके नेतृत्व में देश ने आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नई ऊंचाइयां छुई हैं, जो मेरी नजर में ऐतिहासिक भी है और अद्वितीय भी। वस्तुतः सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो हर क्षण राष्ट्र को समर्पित हो और जिसकी दृष्टि वर्तमान से कहीं आगे भविष्य तक देखती हो। नरेंद्र मोदी का यही व्यक्तित्व आज भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

(लेखक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## धर्मांतरण
योगेश कुमार सोनी



# लव जिहाद से दहल रहा भारत

देश में हो रही लव जिहाद की घटनाओं ने हिलाकर रख दिया है। जिहादी हर रोज नए-नए पैतरों से अपनी सारी क्षमता का प्रयोग करते हुए सैकड़ों लड़कियों को शिकार बना रहे हैं। केरल जैसे राज्य में तो सारी हदें तब पार हो गई, जब जुलाई के महीने में कोर्ट मैरिज के पचास आवेदन आए और सभी आवेदनों में लड़के मुस्लिम थे और लड़कियां हिंदू। हर रोज राज्य स्तर पर धर्मांतरण विरोधी कानून भी बन रहे हैं लेकिन बावजूद इसके इसमें कोई कमी नहीं आ रही। बीते दिनों राजस्थान सरकार ने अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए और कठोर प्रावधानों के साथ नया विधेयक लाने का फैसला किया है। इसके तहत 'राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025' का प्रारूप तैयार कर लिया गया है, जिसे आगामी विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने इस विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दे दी है। मध्य प्रदेश में भी इस तरह का कानून लागू हुआ जिसमें अधिनियम के तहत दोषी को 10 साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। यह कानून सामूहिक धर्मांतरण को भी कवर करता है। इस अधिनियम के अनुसार, जो कोई भी धर्म परिवर्तन करना चाहता है, उसे 60 दिन पहले जिला मजिस्ट्रेट को पूरी जानकारी के साथ घोषणा करनी होती है। वहीं कोई संभी धार्मिक पुरोहित जो धर्मांतरण समारोह आयोजित करना चाहता है, उसे भी 60 दिन पहले कलेक्टर को सूचना देनी होती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश व हरियाणा के साथ तमाम राज्यों में धर्मांतरण विरोधी कानून बने हुए हैं लेकिन स्थिति सुधरने की बजाय हर रोज बिगड़ रही हैं। बीते दिनों जिम-जिहाद, पैसा देकर जिहाद, कैब जिहाद जैसे कई नए-नए तरीके के जिहाद सामने आए। देश में लव-जिहाद को लेकर एक अजीब सी स्थिति बन चुकी। कुछ संगठनों ने जब कट्टर मानसिकता के लोगों को पकड़ा तो उन्होनें कई तरह के राज उगले। उनके अनुसार उनको हिंदू लड़कियों को फंसाकर निकाह करने पर पैसा मिलता है। यह भी बताया कि लड़की से शादी करके उन्हें छोड़कर फिर किसी अन्य किसी लड़की को फंसाए जाने को कहा जाता है। इसके अलावा जिहादियों की गिरफ्त से छुटी लड़कियों ने बताया कि हमें सनातम धर्म की बुराई करके इस्लाम को अच्छा बताकर माइंड डाइवर्ट किया और रोज हमें कुछ भभूती खिलाते थे। साथ ही बॉलीवुड का उदाहरण देते थे कि बॉलीवुड में जितने भी मुसलमान हीरो हैं, उनसे सभी बड़े घराने की हिंदू लड़कियां ही शादी करती हैं। यह भी उदाहरण दिया कि बॉलीवुड में मुसलमान लड़कियों ने काम करना बंद कर दिया। सना खान व जायरा वसीम ने यह कहकर बॉलीवुड छोड़ा कि उनका अल्लाह उन्हें इजाजत नहीं देता लेकिन सूत्रों के अनुसार सामने यह आया था कि उन्हें कुछ आतंकी ग्रुप से धमकी मिलती थी कि उन्हें इस्लाम का हवाला देकर बॉलीवुड छोड़ना है। बहरहाल,वहीं लव-जिहाद व धर्मांतरण को लेकर संतों का यह कहना है कि हमारे लोग बच्चों को धर्म के प्रति जागरूक नहीं करते। पूजा-पाठ व अपने धार्मिक ग्रंथों की जानकारी नहीं देते, वहीं इसके विपरीत मुस्लिम लोग अपने बच्चों को बचपन से अपने धर्म के प्रति जागरूक करते हैं। उनके यहां दस साल का बच्चा रोजा रखता है, बचपन से ही उनको कुरान पूरी तरह से पढ़ाई व समझाई जाती है लेकिन हिंदुओं में व्यस्क होने के बाद तक भी उनको हनुमान चालीसा व एक भी चौपाई याद नहीं होती। जहां हम एक ओर एकता का पाठ पढ़ाते हैं, वही जिहादी उनको शुरुआत से नफरत करना सिखाते हैं। इसके अलावा एक शिक्षक ने बताया कि स्कूलों के बाहर बहुत सारे मुसलमान लडक़े खडे.होते हैं और वह केवल हिंदू लड़कियों को ही टारगेट करते हैं। बीते दिनों जिम-जिहाद देशभर में बहुत गूंजा जिस पर कुछ हिंदू संगठनों ने कहा कि जिम में केवल हिंदू लड़कियां व महिलाएं ही आती हैं, एक भी मुस्लिम महिला व लड़की नहीं आती और जितने भी ट्रैनर हैं वह सभी मुस्लिम हैं। कुछ मुस्लिम पूंजीपतियों ने अपने जिम खोले जिसमें सभी पुरुष ट्रेनर मुस्लिम थे और लड़कियां हिंदू हैं । कोई मुस्लिम लड़की आ भी जाती थी तो उसको जिम में एडमिशन नहीं दिया जाता। दरअसल, हम लोग इस बात की गंभीरता नहीं समझ पा रहे हैं लेकिन सबकी नजर इस समय हिंदुस्तान पर ही है। भारत को इस्लामिक करने में कई देश व कट्टर इस्लामिक संगठन लगे हुए हैं। एक विदेशी मुस्लिम लेखक ने अपने एक लेख में कहा है कि 'हिंदुस्तान की हुकूमत सोई हुई है और यदि ऐसा ही रहा तो 2040 तक भारत इस्लामिक राष्ट्र बन जाएगा और कट्टरपंथी उसके कुछ वर्ष बाद हिंदुओं का पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं जैसा हाल करेंगे। इसलिए अब समय के साथ जागरूक हो जाना ही बेहतर है अन्यथा आने वाला समय चिंताजनक होगा। प्रेम करना अपराध नहीं लेकिन किसी गलत हाथों में पड़कर अपनी जिंदगी व अपने घरवालों के सम्मान के साथ खेलने वाली लड़कियों को अब समझना होगा कि क्या गलत है और क्या सही?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वार्ता से हर समस्या का हल संभव



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

# कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा- मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूप से बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### डीप टेक से सशक्त होता भारत

अभियंता दिवस केवल इंजीनियरों के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि उन असंख्य विचारों, प्रयासों और तकनीकी नवाचारों का उत्सव है, जिन्होंने भारत को आधुनिकता की राह पर अग्रसर किया है। इस वर्ष अभियंता दिवस का विषय है 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता : भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना।' यह विषय विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि भारत आज तकनीकी नवाचार के नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, जैव-इंजीनियरिंग और नैनो टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में डीप टेक समाधान देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान बन रहे हैं।

*- मनोज साहू, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### ज़िंदगी की दिशा



राजनीति में कभी-कभी एक मार्गदर्शक वाक्य पूरी ज़िंदगी की दिशा बदल देता है। जब मैं हिमाचल प्रदेश में विपक्ष का नेता था, नरेंद्र मोदी ने मुझसे पूछा कि मैं सदन में मुद्दे कहाँ से लाता हूँ। मैंने बताया कि अख़बार पढ़कर हम सवाल तैयार करते हैं।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री

### जनहानि अत्यंत दुःखद



देहरादून में टोंस नदी में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। इस घटना में काल-कवलित हुए उत्तर प्रदेश निवासियों के परिजनों को 02-02 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### वैशाली को बधाई



वैशाली रमेशबाबू को एफआईडीए महिला ग्रैंड स्विस 2025 जीतने पर बधाई! लगातार दूसरी बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीतना और महिला कैंडिडेट्स 2026 में जगह बनाना, भारतीय शतरंज के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### देश जानना चाहता है



दबाव में आकर असम कांग्रेस के सांसद ने खुद स्वीकार किया है कि वे पाकिस्तान गए थे। लेकिन अब देश जानना चाहता है -वे किसके बुलावे पर गए? वहाँ क्या-क्या देखा? और वहाँ किसका नमक खाया?

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

## करंट अफेयर

# खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो निगरानी टीम का अपहरण



पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने पोलियो निगरानी टीम के तीन सदस्यों का अपहरण कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले यूनियन काउंसिल ऑफ उमरखेल में हुई। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. इहसानुल्लाह उन लोगों में शामिल हैं, जिनका अपहरण किया गया। पुलिस के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन से संबद्ध पोलियो निगरानी दल, 15 से 18 सितंबर तक यूनियन ऑफ काउंसिल में चार दिवसीय पोलियो विरोधी अभियान की निगरानी कर रहा था, तभी बंदूकधारियों ने उन्हें रोक लिया और अगवा कर लिया। पुलिस टीमों ने तुरंत इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) के अनुसार, सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो के दो नए मामले सामने आए, जिससे इस वर्ष देश में पोलियो के कुल मामलों की संख्या 26 हो गई। अधिकारियों के अनुसार, टैंक जिले में 124 माता-पिता अब भी अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने से इनकार कर रहे हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ, दुनिया के उन आखिरी दो देशों में शामिल है जहां पोलियो के मामले अब भी सामने आ रहे हैं।

## ऑफ बीट

# ज्वालामुखी की राख से मानव का विकास समझने में मदद



मनुष्य कैसे मानव बने? यह समझना कि हमारे पूर्वज कब, कहाँ और किन पर्यावरणीय परिस्थितियों में रहते थे, मानव विकास की पहेली को सुलझाने का आधार है। दुर्भाग्य से, प्रारंभिक मानव विकास की समयरेखा को निर्धारित करना लंबे समय से कठिन रहा है - लेकिन पूर्वी अफ्रीका में प्राचीन ज्वालामुखी विस्फोट इसकी कुंजी हो सकते हैं। 'प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' में प्रकाशित हमारा नया अध्ययन, केन्या के तुर्काना बेसिन में ज्वालामुखी राख की परतों के बारे में हमारी जानकारी को और पुष्ट करता है। इस स्थान पर कई प्रारंभिक मानव जीवाश्म मिले हैं। इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने केन्या के तुर्काना बेसिन की नारिओकोटोमे टफ्स नामक राख की तीन परतों का उच्च-परिशुद्धता से विश्लेषण किया है। यह क्षेत्र मानव विकास संबंधी अनुसंधानों के लिए विश्व के सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में से एक माना जाता है। हमने उच्च-सटीक आयु अनुमान प्रदान किए हैं, जो मानव विकास की एक अधिक परिष्कृत समय-सीमा स्थापित करने की दिशा में एक छोटा सा कदम है। लाखों वर्षों के ज्वालामुखी विस्फोट कई खुलासे कर सकते हैं। पूर्वी अफ्रीका में ग्रेट रिफ्ट वैली कई विश्व-प्रसिद्ध जीवाश्म स्थलों का घर है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

धार जिले के भैसोला में प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुभारंभ

# प्रदेश में आज से लेकर दो अक्टूबर तक मनाया जाएगा आदि सेवा पर्व

▸ ट्राइबल विलेज विज़न-2030 का रोडमैप होगा तैयार

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितम्बर को धार जिले के भैसोला में आयोजित कार्यक्रम में आदि कर्म योगी अभियान अंतर्गत 'आदि सेवा पर्व' का शुभारंभ करेंगे। जनजातीय गौरव और राष्ट्र निर्माण के संगम का प्रतीक आदि 'आदि सेवा पर्व' 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस पर्व के दौरान जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, स्वच्छता, जल-संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसी सेवात्मक गतिविधियां आयोजित होंगी। हर गतिविधि के केन्द्र में सेवा का भाव और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प होगा।

## ट्राइबल विलेज विज़न-2030 पर विशेष जोर

इस अभियान के अंतर्गत 'ट्राईबल विलेज एक्शन प्लान एवं ट्राईबल विलेज विज़न- 2030' पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक गांव के लिए विकास का दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया जा रहा है, साथ ही 02 अक्टूबर 2025 को विशेष ग्राम सभा में 'विलेज एक्शन प्लान' का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। ग्राम स्तर पर बनाए जाने वाले आदि सेवा केन्द्रों के माध्यम से सेवा वितरण, संतुष्टिकरण एवं शिकायत निवारण तंत्र का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। आदि सेवा पर्व के दौरान कर्मयोगियों के माध्यम से जनजातीय बहुल ग्रामों में जनजातीय कार्य विभाग के



अतिरिक्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, वन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं शिक्षा आदि विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा ग्राम स्तरीय गतिविधियां, जनजागरण यात्राएं, क्षेत्र-भ्रमण, ग्रामीणों का उन्मुखीकरण, ग्राम विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए विभाग वार जिम्मेदारियों का निर्धारण, एवं अन्य आवश्यक पंजियों का संधारण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्राम विकास कार्ययोजना का अनुमोदन भी किया जाएगा।

### आदि-कर्मयोगी अभियान आदिवासी विकास की पहल


केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा इसी वर्ष आरंभ किया गया 'आदि कर्मयोगी अभियान' देशभर में जनजातीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर नेतृत्व क्षमता का विकास करना, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना और शासन को अधिक उत्तरदायी बनाना है। अभियान का लक्ष्य लगभग तीन लाख 'आदि कर्मयोगियों' को प्रशिक्षित कर तैयार करना है। इन कर्मयोगियों में ग्राम स्तर के युवा, महिलाएं, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव और अन्य स्थानीय प्रतिनिधि शामिल हैं।

### योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 'आदि सेवा केंद्र'

योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 'आदि सेवा केंद्र' जैसी पहल शुरू की गई है। इनके माध्यम से गांव में ही शिकायत निवारण और सेवा वितरण को समयबद्ध किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों - जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल जीवन मिशन, और कृषि विभाग - के बीच समन्वय स्थापित कर योजनाओं के तालमेल पर विशेष बल दिया जा रहा है।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल हाट पहुंचकर देखी व्यवस्थाएं

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर लगेगा 'स्वदेशी मेला'




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिवस के अवसर पर भोपाल हाट में स्वदेशी मेला का आयोजन होने जा रहा है। इस मेले का आयोजन भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा किया जा रहा है। यह स्वदेशी मेला केवल एक प्रदर्शनी या खरीद-बिक्री का स्थान नहीं होगा, बल्कि इसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराएं, और स्थानीय उत्पादों की झलक दिखेगी। मेले में स्वदेशी व्यंजन, पारंपरिक खानपान, स्थानीय शिल्पकला, साज-सज्जा की वस्तुएं, हाथ से बने वस्त्र, जैविक उत्पाद और हर्बल सामग्री आदि जैसे प्रोडक्ट उपलब्ध होंगे।

### मुख्यमंत्री करेंगे स्वदेशी मेले का शुभारंभ

विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि स्वदेशी मेले का शुभारंभ 16 सितंबर सुबह 10 बजे से हाट परिसर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल करेंगे। यह आयोजन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी अपनाओ-आत्मनिर्भर बनाओ' जैसे संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

### पीएम का आगमन, मिनिस्टर इन वेटिंग नामांकित किए गए

राज्य शासन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 सितम्बर के इंदौर एवं धार प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री की अगवानी, विदाई एवं सत्कार के लिए मंत्रियों मिनिस्टर इन वेटिंग नामांकित किया हैं। जिला इन्दौर में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, बदनावर जिला धार में नगरीय विकास एवं आवास एवं ससंदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मिनिस्टर इन वेटिंग नामांकित किया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर एक अक्टूबर को होंगे विविध कार्यक्रम

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एक अक्टूबर को मप्र में विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दिवस का प्रमुख उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की समाज में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और उन्हें समावेशी भविष्य के निर्माण में सशक्त पहचान दिलाना है। कार्यक्रम की थीम समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजन की पहचान को सशक्त बनाना निर्धारित की गई है। जिला स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, संवाद सत्र एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी। इन आयोजनों का मुख्य फोकस यह रहेगा कि वृद्धजन केवल परिवार ही नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदारी के माध्यम से विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। विशेष आकर्षण के रूप में प्रत्येक जिले में 'शतायु सम्मान' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके वृद्धजनों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव सोनाली वायंगणकर ने सभी जिला कलेक्टर और विभाग के जिला अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि कार्यक्रमों का स्वरूप स्थानीय परिस्थितियों और संसाधनों के अनुरूप तैयार किया जाए तथा प्रत्येक जिले में अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

सरकार किसानों सहित सभी से संवाद कर विकास कार्यों के मार्ग पर अग्रसर, सीएम ने कहा

# सिंहस्थ-2028 के विकास कार्यों के लिए सभी का मिल रहा है समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन में करोड़ों लोगों के आगमन, व्यवस्था और उनके सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्थायी संरचनाओं के विकास पर बल दिया, इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिला। उज्जैन में सिंहस्थ-2028 के लिए स्थायी निर्माण के संबंध में किसानों से संवाद जारी है, हम किसी को नाराज नहीं करना चाहते, राज्य सरकार सभी को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। विकास का क्रम निरंतर जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मीडिया से चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ- 2028 के विकास कार्यों के लिए हमें सभी का समर्थन मिल रहा है। विकास के क्रम को बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सबके हितों का ध्यान रखते हुए और सभी से संवाद करते हुए राज्य सरकार लैंड पूलिंग सहित सभी प्रकार के विकास कार्यों के मार्ग पर अग्रसर हो रही है।

### खास बातें

- हम किसी को नाराज नहीं करना चाहते, राज्य सरकार सभी को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध
- किसान हित को सर्वोपरि रखते हुए सबकी सहमति के आधार पर होगा अधोसंरचना विकास
- सिंहस्थ : 2028 के लिए उज्जैन को ग्लोबल स्पिरिचुअल सिटी के रूप में विकसित करने की संकल्पना
- वर्षा-आंधी हो या सुरक्षा का प्रबंध, हर स्थिति में व्यवस्था बनाए रखना राज्य शासन का दायित्व

### सिंहस्थ आयोजन में किसान बंधुओं का सदैव मिला सहयोग




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य शासन का कर्तव्य है कि हजारों साधु-संतों और करोड़ों श्रद्धालुओं को सिंहस्थ के दौरान उच्च स्तरीय सुविधाएं मिलें और उन्हें कोई परेशानी न हो। पिछले अनुभवों के आधार पर इस प्रकार की अधोसंरचना बनानी आवश्यक है, जिससे वर्षा-आंधी की स्थिति में भी मेले में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। भव्य और विशाल आयोजन में सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करते हुए संपूर्ण व्यवस्था बनाए रखना शासन का दायित्व है। इस वृहद आयोजन के लिए हजारों एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है। सिंहस्थ के आयोजन में, स्थानीय किसान बंधु शासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करते आए हैं। सिंहस्थ : 2016 के दौरान लगभग 650 करोड़ रुपए की लागत से 3000 हेक्टेयर भूमि पर अस्थाई अधोसंरचना निर्माण कार्य किए गए थे, जिन्हें आयोजन उपरांत हटा दिया गया था। सिंहस्थ : 2028 के लिए उज्जैन को ग्लोबल स्पिरिचुअल सिटी के रूप में विकसित करने की संकल्पना की गई है। जिसके तहत किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सबकी सहमति के आधार पर अस्थायी के स्थान पर स्थाई अधोसंरचना का विकास किया जाएगा।

### सिंहस्थ का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव का विषय

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इतिहास में अब तक के सबसे बड़े सिंहस्थ मेले का आयोजन उज्जैन में वर्ष-2028 में होने जा रहा है। वर्तमान में उज्जैन की अर्थव्यवस्था में महाकाल लोक बनने से भारी वृद्धि हुई है। सिंहस्थ के आयोजन से उज्जैन का आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकास होने से पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। उज्जैन सिंहस्थ में 30 करोड़ श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की आशा है। सिंहस्थ आयोजन का गौरवशाली इतिहास रहा है, राज्य शासन वर्ष 2028 के सिंहस्थ का आयोजन आस्था, गरिमा और भव्यता के साथ करने के लिए कृत संकल्पित है।*

पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, जांच जारी

## युवक के सिर पर पाइप से जोरदार हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलरामपुर-रामानुजगंज



करमा कार्यक्रम से लौट रहे युवक की गांव में ही लोहे की पाइप से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महाराजगंज निवासी नारायण सिंह ने चौकी गणेशमोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 सितंबर की शाम करीब 7:30 बजे उसका बेटा उपेंद्र सिंह अपने दोस्त नरेंद्र सिंह के साथ गांव के अमर सिंह के घर करमा देखने गया था। कार्यक्रम से लौटते समय रामस्वरूप सिंह के घर के पास उन्हें जयप्रकाश मिला, जिनसे वे बातचीत करने लगे। इसी दौरान रात करीब 9 बजे आरोपी रामस्वरूप वहां आया और बोला कि 'यहां क्यों हल्ला कर रहे हो, यहां से जाओ।' उपेंद्र ने जवाब दिया कि वे हल्ला नहीं कर रहे हैं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। गुस्से में आकर रामस्वरूप अपने घर से लोहे का पाइप लाया और उपेंद्र के सिर पर जानलेवा वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल उपेंद्र को जिला अस्पताल बलरामपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## च्वॉइस फिलिंग को लेकर अतिथि विद्वान अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पूर्व पंजीकृत अतिथि विद्वान अभ्यर्थियों ने बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इसमें अभ्यर्थियों ने बताया कि मार्च 2023 से पूर्व पंजीकृत अथिति विद्वान अभ्यर्थियों को च्वाइस फिलिंग करने का अवसर नहीं दिया जा रहा है। दो साल बाद हाल ही में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व पंजीकृत अतिथि विद्वान अभ्यर्थियों को च्वाइस फिलिंग के लिए 2 सितंबर 2025 को कैलेंडर जारी किया गया है, लेकिन जारी कैलेंडर के अनुसार तय दिनांक से च्वॉइस फिलिंग नहीं कराई जा रही है, बल्कि दो साल से लगातार फॉलेन आउट अतिथि विद्वानों को बार-बार च्वाइस फिलिंग का अवसर दिया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग की 2023 नियमावली के अनुसार एक शैक्षणिक सत्र में मात्र एक बार ही फॉलेन आउट अतिथि विद्वान को अवसर देने का प्रावधान है। नियमों को अनदेखा कर पूर्व पंजीकृत अतिथि विद्वान अभ्यर्थियों को च्वाइस फिलिंग का अवसर नहीं दिया जा रहा है जिसको लेकर सोमवार को पूर्व पंजीकृत अतिथि विद्वान अभ्यर्थियों द्वारा सीएम हाउस, उच्च शिक्षा मंत्री आवास व उच्च शिक्षा आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस कर रही मामले की जांच

## मजदूरी का पैसा नहीं मिलने पर मजदूर ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलरामपुर-रामानुजगंज



थाना सनावल क्षेत्र के ग्राम सुंदरी निवासी युवक जय गोविंद मानिकपुरी की आत्महत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी रामचंद्र मानिकपुरी (32 वर्ष) और उसके पिता रामशरण मानिकपुरी (65 वर्ष), दोनों निवासी सुंदरी, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक जय गोविंद को ठेकेदार रामचंद्र मानिकपुरी दो वर्ष पहले मजदूरी के लिए झांसी (उ.प्र.) ले गया था। वहां वह राजमिस्त्री का काम करता था और उसकी लगभग एक लाख रुपये मजदूरी रामचंद्र के पास बकाया थी। जब जय गोविंद ने मजदूरी मांगी तो रामचंद्र ने पैसे देने से मना कर उसे डांटकर भगा दिया। 30 जुलाई को जय गोविंद जब अपने भाई की बाइक से ग्राम नकवा से घर लौट रहा था, तब ग्राम कोंगा के पास रामचंद्र के मजदूर असरफी व अन्य लोगों ने उसे रोक लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि रामचंद्र ने उनकी मजदूरी नहीं दी है। जब जय गोविंद ने फोन कर रामचंद्र से बात करवाई तो उसने मजदूरों से कह दिया कि 'तुम्हारा पैसा जय गोविंद देगा, नहीं देगा तो उसकी मोटरसाइकिल रख लो' इसके बाद मजदूरों ने बाइक छीन ली।लगातार मानसिक और आर्थिक दबाव से परेशान होकर जय गोविंद ने 31 जुलाई की रात से 1 अगस्त के बीच फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम में दम घुटने और फांसी से मौत की पुष्टि हुई।

## बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया कार्यालय में 'अलार्म बंद' प्रदर्शन

**भोपाल।** प्रदेशभर में बिजली विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी अब अपने भविष्य को लेकर एकजुट हो गए हैं।




भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग में कार्यरत इन कर्मचारियों ने प्रदेश स्तर पर एकजुट होकर सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि विभाग में स्वीकृत 49 हजार 263 पदों पर योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। ज्ञापन में यह मांग की गई है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से समायोजित किया जाए और समायोजन प्रक्रिया के बाद यदि कोई पद रिक्त बचते हैं, तो ही उन्हें अन्य माध्यमों से भरा जाए। कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्षों से विभाग में सेवाएं दे रहे हैं और उनके अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रदेशभर में अधीक्षण अभियंता कार्यालयों पर 'अलार्म बंद' कर कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि यह प्रदर्शन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रहे संघर्ष का हिस्सा है। बिजली कंपनी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी लंबे समय से अपने समायोजन, नौकरी की स्थिरता को लेकर कर रहे हैं।

## अटलजी के जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**टीकमगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा टीकमगढ़ जिले में अटल कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनसंघ से लेकर भाजपा तक निरंतर सक्रिय रहते हुए संगठन एवं समाज के लिए समर्पित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को उनके घर पहुँचकर सम्मानित किया गया।

यात्रा प्रभारी धीरज पटेरिया ने इस कार्यक्रम के अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता हरचरण कड़ा के निवास पर पहुँचकर उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। हरचरण कड़ा ने विषम आर्थिक परिस्थितियों में भी निस्वार्थ भाव से संगठन को मजबूती देने का कार्य किया और निरंतर सक्रिय रहते हुए संगठन के लिए मिसाल कायम की। इसी क्रम में खरगापुर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र प्रताप सिंह (बेबी राजा) को उनके निज निवास पर सम्मानित किया गया। वे जनसंघ के समय में कार्यकर्ताओं के साथ जेल भी गए थे और संगठन के लिए उनका संघर्ष और योगदान सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।इस सम्मान कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत, जिला महामंत्री आशुतोष भट्ट, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक रानू खरे, पूर्व जिला महामंत्री आदित्य योगी, भा.ज.यु.मो. जिला महामंत्री (चिकित्सा प्रकोष्ठ) डॉ. संजय श्रीधर, भा.ज.यु.मो. जिला उपाध्यक्ष प्रियंक यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश यादव, गोपाल राय, जन्मेजय तिवारी, रानू चतुर्वेदी, राजेश श्रीधर, जितेंद्र यादव, गुलशन यादव, अशोक विश्वकर्मा, बलवान सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



टिकाऊ और जनकल्याणकारी सुविधाएं उपलब्ध कराना ही आज की आवश्यकता

# लोक निर्माण सर्वेक्षण एप और लोक परियोजना प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सर विश्वेश्वरैया को भारतीय अभियंता समाज का सदैव मार्गदर्शक माना जाएगा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महान अभियंता, आधुनिक भारत के विश्वकर्मा, 'भारत रत्न' डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने तकनीक को विकास और जनकल्याण का सशक्त माध्यम बनाया। उनके योगदान से देश को विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। सर विश्वेश्वरैया को भारतीय अभियंता समाज का सदैव मार्गदर्शक माना जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वेश्वरैया की दूरदर्शिता, परिश्रम एवं अभियांत्रिकी कौशल, सशक्त व समृद्ध राष्ट्र निर्माण के संकल्प के लिए प्रेरणादायी है।

### खास बातें

- मप्र में तिगरा बांध के निर्माण में विश्वेश्वरैया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है
- मुख्यमंत्री ने किया अभियंता दिवस पर राज्य-स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित



### दो डिजिटल प्लेटफार्म का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के दो महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म /"लोक निर्माण सर्वेक्षण ऐप और लोक परियोजना प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग की उपलब्धियों, योजनाओं और नवाचारों पर केंद्रित विभाग के न्यूज लेटर का विमोचन भी किया।

### नियमित निरीक्षण व्यवस्था से पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि हुई

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश ने आधारभूत संरचना के विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। यह पहल न केवल तकनीकी उन्नति की दिशा में एक कदम है, बल्कि जनसुलभता और पारदर्शिता को भी मजबूत बनाने का प्रयास है।

### अभियंता राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं

प्रसिद्ध इंजीनियर एवं लेखक प्रशांत पॉल ने अभियंताओं के ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की धुरी बताया। उन्होंने प्राचीन भारत की इंजीनियरिंग परंपराओं का उल्लेख करते हुए बताया कि हजारों वर्ष पहले हमारे पूर्वजों ने ऐसे चमत्कारिक निर्माण किए जिनकी मिसाल आज भी दुनिया देती है। चाहे वह विशाल मंदिर हों, उन्नत जल प्रबंधन प्रणालियां हों या खेल संरचनाएँ। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दुनिया के सबसे पुराने स्टेडियम और जटिल हाइड्रो पावर प्रणालियाँ भारत में विकसित की गईं। राजा भोज जैसे महान शासकों ने जिस वैज्ञानिक दृष्टि से नगरों और संरचनाओं का निर्माण कराया, वह आज भी प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम को प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखवीर सिंह ने संबोधित किया। मुख्य अभियंता संजय मस्के ने सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## स्वच्छता दीदियों की स्वच्छता को लेकर बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत आज भाटापारा में स्वच्छता दीदियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, स्वास्थ्य विभाग सभापति सतीश तलरेजा, सीएमओ ज़फ़र ख़ान, समस्त पार्षदगण एवं सुपरवाइज़र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा की गई। स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी से जोड़ने और प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भूमिका निभाने हेतु आह्वान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ भाटापारा का निर्माण ही हमारी प्राथमिकता है।

## नगर कीर्तन के प्रवेश पर लोक निर्माण मंत्री नंगे पैर चलकर कीर्तन में हुए शामिल

# गुरु तेगबहादुरजी की शहादत को भुलाया नहीं जा सकताः राकेश सिंह




**जबलपुर।** मातृभूमि और सनातन की रक्षा के लिए मुगलो के सामने कभी ना झुकने वाले नवम गुरु तेग बहादुर जी ने अपना बलिदान इसीलिए दिया क्योंकि उन्हें अपना शीश कटाना स्वीकार था पर धर्म परिवर्तन करना नहीं, ऐसे गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है, उनकी शहादत का 350 वाँ वर्ष है, और शहादत दिवस पर पुरे देश में नगर कीर्तन निकाला जा रहा है और हम सौभाग्यशाली है कि नगर कीर्तन का प्रवेश हमारी संस्कारधानी में हुआ है, यह बात लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने नगर कीर्तन के शहर आगमन के अवसर पर कही।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने नगर कीर्तन में गुरु चरणों में नमन कर कीर्तन में शामिल पंच प्यारो का स्वागत कर कीर्तन में उपस्थित जनों का अभिनन्दन किया इसके बाद श्री सिंह नंगे पैर ही कीर्तन में शामिल हुए।लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कहा गुरु तेग बहादुर जी ने कश्मीरी पंडितों की रक्षा करने एवं सनातन धर्मालंबियों के धर्म परिवर्तन कराने के विरोध करने पर अपने प्राणो का बलिदान दिया था, उन्होने मुगलिया सल्तनत का विरोध किया। 1675 में मुगल शासक औरंगज़ेब ने उन्हे इस्लाम स्वीकार करने को कहा, पर गुरु साहब ने कहा कि शीश कटा सकते हैं, पर केश नहीं। इस पर औरंगजेब ने सबके सामने उनका सिर कटवा दिया था।श्री सिंह ने कहा गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। धर्म और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया। यह मानव अधिकारों के लिए दुनिया की पहली शहादत मानी जाती है। जो सभी के लिए एक मिसाल है। उनकी शहादत दिवस पर उन्हें नमन करते हुए नगर कीर्तन में शामिल सभी का अभिनंदन कर हम कृतार्थ हुए है।श्री सिंह ने कहा गुरु तेग बहादुर साहिब जी की धर्मनिष्ठा और त्याग युगों युगों तक भारतीय पीढ़ियों का आदर्श रहेंगे। हम सौभाग्यशाली है कि आगामी तीन दिनों तक कीर्तन पथ गुरुद्वारा प्रेमनगर से गुरुद्वारा माढ़ाताल तक यह यात्रा जबलपुर वासियो को गुरु प्रेरणा से जोड़ेगी।



# किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो

**नवागत कलेक्टर से मिले जिले के किसान प्रतिनिधि**

जबलपुर।

किसान प्रतिनिधियों ने कलेक्टर कार्यालय में नवागत कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से सौजन्य भेंट की। भारत कृषक समाज के अध्यक्ष इंजी. केके अग्रवाल ने उन्हे शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा की जबलपुर जिला कृषक बाहुल्य जिला है, उन्होंने विश्वास जताया कि नये कलेक्टर किसानों को न केवल प्राथमिकता देंगे बल्कि किसानों की समस्याओं का समाधान भी त्वरित गति से हो सकेगा।

कलेक्टर से भेंट के उपरांत किसान प्रतिनिधियों ने उपसंचालक कृषि एस के निगम से भेंट कर किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर विशेष रूप से खाद वितरण की मैदानी परेशानियों व स्थितियों से उन्हे अवगत कराते हुए वितरण व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। फसल बीमा की विसंगतियों, रबी की फसलों के बीजों की आपूर्ति किसानों के लंबित भुगतान आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भारत कृषक समाज के रूपेंद्र पटेल, सुभाष चंद्रा, प्रमोद मरवाहा, रामगोपाल पटेल, रामकिशन पटेल, जितेंद्र देसी, रामेश्वर अवस्थी, अनिल चिले, सी एल शर्मा, संजय जैन, अशोक पटेल, उमाशंकर पटेल, मुकेश पटेल, सुनील राय, सुरेश पटेल,अतुल विश्वकर्मा, विनय चौहान, साहित्य यादव, बृजेश पाल आदि जिले की सभी तहसीलो से कृषक प्रतिनिधियो की उपस्थिति उल्लेखनीय थी।

# प्रदेश भर के विद्युत अभियंताओं का रामपुर में लगा जमघट




**जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधी अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक गत दिवस संघ के प्रधान कार्यालय शेड क्रमांक 11 रामपुर, जबलपुर में आयोजित की गई। संघ के प्रांतीय महासचिव इंजीनियर जी.के. वैष्णव एवं अशोक जैन ने बताया कि यह बैठक प्रातः माँ सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुई। इसके बाद प्रांतीय पदाधिकारियों और सभी सदस्यों द्वारा स्थान ग्रहण किया । प्रांतीय अध्यक्ष, महासचिव तथा अन्य पदाधिकारियों का पुष्प हार से स्वागत जबलपुर रीजन के पदाधिकारियों इंजीनियर सी के लखेरा स्वर्ण सिंह मनकोटिया के के आसटी निपेंद्र प्रताप सिंह योगेश पटेल आदि द्वारा किया गया। तत्पश्चात प्रांतीय महासचिव इंजीनियर जी के वैष्णो ने बैठक की प्रस्तावना और वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक जैन प्रस्ताव प्रस्तुत किया। महासचिव द्वारा प्रांतीय कार्यकारिणी गठन की घोषणा की और नवगठित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई । इस बैठक का दूसरा सत्र दोपहर से प्रारंभ हुआ जिसमें संघ द्वारा किए गए ध्यान आकर्षण और मांगों के बारे में रूपरेखा तैयार की संघ संविधान में कंपनियां के स्वरूप में बदलाव के बारे में विचार विमर्श किया इस दौरान केंद्रीय कार्यकारिणी की विस्तृत बैठक हुई । समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## सेवा पखवाड़ा पर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस 17 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, इसी तारतम्य में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज मंडल द्वारा 17 सितम्बर को प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित है। चेरीताल वॉर्ड में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ नागरिक उद्यान शीतलपुरी में सुबह 9 बजे, महात्मा गांधी वॉर्ड दीक्षितपुरा स्कूल में सुबह 9 बजे, जयप्रकाश नारायण वॉर्ड में वत्सला पैराडाइज के बाजू से कमलेश जैन के घर के पास सुबह 9 बजे, राजेंद्र प्रसाद वॉर्ड गोपालबाग में प्रातः 9:30 बजे चलाया जाएगा। मंडल के सभी सम्माननीय कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि सभी अपने-अपने वॉर्ड के कार्यक्रम में आवश्यक रुप से सम्मिलित हों। कार्यक्रम की सूचना वॉर्ड स्तर पर होगी।

# भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस पर आज होंगे विविध आयोजन

## गढ़ा और मानस भवन से निकलेगी शोभायात्रा



**जबलपुर।** ज्ञान, विज्ञान, के देवता, देव, दानव मानव सर्व जीव-जंतुओं के कल्याण और देव शिल्पी विराट ब्रह्म भगवान विश्वकर्मा जी का पूजन आज 17 सितम्बर को पूरे देश में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। "विश्वकर्मा समाज संगठन मध्यप्रदेश मुख्यालय गढ़ा, जबलपुर" के साथ प्रदेशभर के, नगरों, जिलों, तहसील स्तर पर संगठन की शाखाओं, सर्व विश्वकर्मा समाज के संयुक्त तत्वाधान में भगवान के वैदिक स्वरुप की पूजा, स्थापना, हवन, पूजन, विश्वकर्मा चालीसा, भजन के साथ विविध सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भगवान विश्वकर्मा जी की रचनाओं, निर्माण की अनुकृतियां, झांकियों के साथ, शोभायात्रा निकाली जाएगी।

श्रीराम मंदिर हनुमान मंदिर गढा में विश्वकर्मा समाज संगठन म. प्र. जिला, जबलपुर द्वारा 17 सितंबर सुबह 10 बजे भगवान "विश्वकर्मा जी का श्रृंगार, पूजन, आरती होगी। दोपहर 12 बजे तक विश्वकर्मा चालीसा, भजन आदि होंगे। दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक सामाजिक वरिष्ठों, प्रतिभाओं का सम्मान समारोह और धार्मिक गुरुओं, वरिष्ठों का उद्बोधन, 4 बजे हवन महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा।

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ विश्वकर्मा, सचिव शिवकुमार विश्वकर्मा, गोविन्द विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष), पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष आनन्द विश्वकर्मा, सचिव अरविन्द विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

### मानस भवन में मुख्य आयोजन

विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के नेतृत्व में विश्वकर्मा समाज का प्रमुख आयोजन मानस भवन में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। जिसके उपरांत शाम 4 बजे मानस भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

आयोजन में उपस्थिति की अपील श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, ओपी विश्वकर्मा, अरविन्द्र विश्वकर्मा, अजय गोविन्द विश्वकर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, रामबाबू विश्वकर्मा, संगीता दीपक विश्वकर्मा, आदि ने की है।



# स्मार्ट मीटर कंपनी को कांग्रेस ने दिया 72 घंटे का अल्टीमेटम

**जबलपुर।** स्मार्ट मीटर कंपनी अल्फनर एसासॉफ्ट (यूएई) मीटर डाटा कंपनी को कांग्रेस ने 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया हैं। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि अल्फनार एसासॉफ्ट मीटर डाटा के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य ईशासॉफ (यूएई) कंपनी को सौंपा गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट में गंभीर अनियमितताएँ और गड़बड़ियाँ सामने आ रही हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि अल्फन्नार और ईशा सॉफ कंपनियों ने जनता को गुमराह किया है। सोमवार को जब कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल जबलपुर स्थित स्मार्ट मीटर कंपनी के कार्यालय पहुँचा और सवाल पूछे, तो कर्मचारी घबराकर भागने लगे। बाद में जनरल मैनेजर विनय सोनी को बुलाया गया लेकिन उनके पास न तो कोई संतोषजनक जवाब था और न ही कोई दस्तावेज। यह व्यवहार अपने आप में कंपनियों की नीयत पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। श्री शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं का हित और सुरक्षा दाँव पर लगाई जा रही है। अल्फन्नार और ईशा सॉफ जैसी कंपनियाँ जनता के साथ धोखा कर रही हैं।

### कांग्रेस ने उठाए सवाल

बिजली उपभोक्ताओं का संवेदनशील डेटा विदेश क्यों भेजा गया? बिना डीपीआईआईटी सर्टिफिकेट के ठेका किस आधार पर दिया गया? पाकिस्तानी संबंधों वाली कंपनियों को काम क्यों सौंपा गया? अफसरों के बच्चे इन्हीं कंपनियों में विदेश में क्यों कार्यरत पाए गए? इंदौर में अयोग्य पाई गई कंपनी भोपाल-जबलपुर में योग्य कैसे घोषित हो गई? अल्फन्नार और ईशा सॉफ कंपनी के दस्तावेज क्यों छिपाए जा रहे हैं?

### तो न्यायालय की शरण लेगी कांग्रेस

श्री शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 72 घंटे के भीतर इन सवालों के संतोषजनक जवाब और दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किए गए और अल्फन्नार ईशा सॉफ का टेंडर निरस्त नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी स्मार्ट मीटर कंपनियों के कार्यालय का घेराव करेगी, और इस पूरे मामले को लेकर न्यायालय में पिटीशन दाखिल करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी न्यायालय में यह गवाही भी प्रस्तुत करेगी कि किस प्रकार यह ठेका दिया गया और क्यों महत्वपूर्ण दस्तावेज़ अब तक सार्वजनिक नहीं किए गए। इस गवाही में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के बड़े-बड़े अधिकारी और इन स्मार्ट मीटर कंपनियों से जुड़े अधिकारी,कर्मचारी भी शामिल होंगे। श्री शर्मा ने कहा अल्फन्नार और ईशा सॉफ कंपनियों का असली चेहरा जनता और न्यायालय के सामने लाकर ही रहेंगे।आम बिजली उपभोक्ताओं की मेहनत की कमाई और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस के चिंटू चौकसे ,अनुज श्रीवास्तव , रितेश गुप्ता, प्रवेंद्र चौहान, राजकुमार सोनी, रितेश नोतनानी, विक्रम ठाकुर,शिवम अग्रवाल, इमरान कुरेशी, भारत पटेल, आदि उपस्थित थे।

# मूट कोर्ट में विधि छात्रों ने सीखा कानून का ज्ञान

## 1 साल पुराने हत्याकांड की स्क्रिप्ट पर की बहस



**जबलपुर।** हरिसिंह रूपराह महाविद्यालय में चल रहे "एजुकेशन वीक" ने क़ानून के छात्रों को किताबों से बाहर निकाल कर असली अपराध जांच और मुकदमेबाज़ी का ज्ञान श्रवण कराया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की डायरेक्टर (एजुकेशन) श्रीमती निधि कौर पदम रूपराह के नेतृत्व में किया गया। सहायक प्राध्यापक सुश्री अनुश्री पाण्डे एवं सुश्री ऐश्वर्या तिवारी ने भी सिक्षा सप्ताह के आयोजन में एहम भूमिका निभाई ।पहले दिन, वरिष्ठ अधिवक्ता नरिंदरपाल सिंह रूपराह ने छात्रों को समझाया कि अपराध होने पर कानून की मशीनरी कैसे काम करती है। इसमें प्रथम सूचना प्रतिवेदन दर्ज होने से लेकर गवाहों के बयान, क्राइम सीन मैपिंग, सबूत ज़ब्त करने, फॉरेंसिक जांच, बेल बॉन्ड, अपराधी के बयान, और अंततः न्यायाधीश व अभियोजन/बचाव वकीलों की भूमिकाओं तक का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।15 सितम्बर को कॉलेज कैंपस में चार काल्पनिक क्राइम सीन तैयार किए गए। छात्रों की टीमों को पुलिस और मीडिया की भूमिका निभाने को कहा गया। कहानी थी — एक साल से लापता रोहित दुबे का कंकाल मिलने और उनकी बेटी आशी की संदिग्ध मौत से खुलने वाले राज़। कहीं जिम ट्रेनर और पत्नी के अफेयर की डायरी, कहीं काले जादू की राख, तो कहीं फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट्स और कॉल रिकॉर्ड्स — सबूत इकट्ठा कर छात्रों ने चालान तैयार किया। शिक्षकों ने फॉरेंसिक एक्सपर्ट बनकर मेडिकल, फॉरेनसिक और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट तैयार की।इसके बाद क्लासरुम को कोर्टरूम बनाया गया। छात्र प्रॉसिक्यूशन और डिफेन्स में बंटकर गवाह पेश करते, दस्तावेज़ एग्ज़िबिट करते और अंतिम बहस रखते दिखे। शिक्षकों ने जज की भूमिका में सिर्फ़ अंक दिए, ताकि छात्र बिना डर के सीख सकें।

# गोविंदगंज रामलीला का निकला मुकुट पूजा जुलूस

**श्रीमुकुटों की हुई प्राण प्रतिष्ठा, आज से मंचन**

**जबलपुर।** श्री गोविंदगंज रामलीला समिति का 161वां श्रीमुकुट पूजन चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। इससे पूर्व रामलीला भवन में व्यास पं. वासुदेव शास्त्री के निर्देशन में विद्वान ब्राम्हणों ने श्री मुकुटों का पूजन विधि विधान से हुआ। भगवान श्रीगणेश, राम-सीता, लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न, अंजनी किशोर हनुमान और माता गौरी के स्वर्णजड़ति मुकुटों की प्राणप्रतिष्ठा कराई गई। शाम को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , अध्यक्ष अनिल तिवारी, महामंत्री मनीष पाठक सहित अन्य प्रतिष्ठित जनों ने भी श्री मुकुटों का पूजन किया, और भगवा ध्वज दिखा कर चल समारोह को रवना किया। पूजन के उपरांत अतिथियों ने कहा कि गोविंदगंज रामलीला के श्री मुकुटों का दर्शन करना भाग्य की बात है। यहां के मुकुटों में भगवान का वाश है। इनके दर्शन से अंतरमन में शांति प्रकट होती है। मुकुट पूजन जुलूस रामलीला भवन से प्रारंभ होकर गुड़हाई, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, बड़े महावीर, निवाड़गंज, पांडे चोक होते हुए वापस रामलीला प्रांगण में पहुंचा। मुकुट पूजन जुलूस में अध्यक्ष अनिल तिवारी के अलावा सभी संरक्षक, पदाधिकारी, पात्र जगत शामिल था। रामलीला जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। जुलूस में साधू मंडली, भजन मंडली, बैंड-धमाल आदि माहौल को धर्ममय बना रहे थे।

### आज राम जन्म

गोविंदगंज रामलीला के भव्य मंच पर आज बुधवार को रात्रि 9 बजे से श्री नारद मोह की लीला के साथ रामलीला का मंचन अनुष्ठान शुरू हो जायेगा। नारद मोह, कामदेव चरित्र, मोहिनी स्वयंवर के बाद श्रीराम का जन्म होगा, जिसे उत्सव की तर्ज पर मनाया जायेगा। चारों भाइयों के जन्म पर मंगल गान, प्रसाद वितरण सहित कई आयोजन होंगे।

## मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी महोत्सव 2025

# विश्व में हिन्दी हो रही समृद्ध



जबलपुर।

मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में हिन्दी महोत्सव 2025 के तृतीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कला संकायाध्यक्ष डा. धीरेन्द्र पाठक ने कहा कि जब पूरे विश्व में भाषाएं काल कवलित हो रही हैं, तब हिन्दी भाषा समृद्ध होती जा रही है। सबका दायित्व है कि वे हिन्दी भाषा के स्वरूप को बरकरार रखें और हिन्दी भाषा का साथ दें। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन एवं हिन्दी समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखलिश कुमार अग्रवाल, हिन्दी समिति के उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, हिन्दी समिति के संयोजक दीपक निगम, प्रतियोगिता के संयोजक-समन्वयक व प्रबंधक मानव संसाधन पराग मिश्रा व सुरेश त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में डा. धीरेन्द्र पाठक को हिन्दी में दिए गए अविस्मरणीय योगदान के लिए हिन्दी समिति द्वारा सम्मानित किया गया। विद्युत कंपनियां हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध-हिन्दी के समिति के अध्यक्ष पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से नाटकों के मंचन व पुस्तक प्रदर्शनी के आयोजन से बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक हिन्दी महोत्सव से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्युत कंपनियां हिन्दी के प्रचार-प्रसार और हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।तत्कालिक भाषण में दिखी विचारों की नवीनता-तात्कालिक हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में बीस प्रतिभागियों ने भाग ले कर विश्व मंच पर हिन्दी, हिन्दी का प्रचार-प्रसार सरकारी जिम्मेदारी एवं समाज का कर्त्तव्य, हिन्दी केवल भाषा नहीं, संस्कृति का वाहक भी हिन्दी का उदय और वर्तमान स्वरूप विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिभागियों ने उत्साह से विचार व्यक्त कर अपनी वाक प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता की विशेषता यह रही कि कुछ प्रतिभागियों की मातृभाषा हिन्दी नहीं थी, लेकिन उनके विचार किसी भी रूप में कमतर नहीं रहे।एक विचार की यात्रा का मंचन-हिन्दी महोत्सव के तृतीय दिवस पर समागम रंगमंडल के द्वारा महेश एलकुंचवार लिखति नाटक एक विचार की यात्रा की प्रस्तुति दी। यह नाटक एक बिखरे परिवार की कहानी है जिसमें वृद्ध मुखिया के अंतिम समय में पूरे परिवार के अंतर्विरोध सामने आते हैं। स्वति दुबे के निर्देशन में हिमांशु तिवारी, वंदित सेठी, अंजली शर्मा, हर्षिता गुप्ता, सृष्टि पोगडे, विश्वजीत कुमार सिंह, अमन कुमार, अन्वेषा पाठक, मोहम्मद हफीज अली, आकाश केशरी, नकुल विश्वकर्मा, आदित्य कुमार, नमन सेन, शशरिंजन, वायके, हार्दकि उइके ने प्रभावशाली अभिनय किया। कार्यक्रम का संचालन क्षमा शुक्ला ने किया। हिन्दी महोत्सव का समापन 17 सितंबर को-मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के हिन्दी महोत्सव 2025 का समापन समारोह 17 सितंबर को अपरांह 3.00 बजे शक्तिभवन स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय में आयोजित किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय जबलपुर केन्द्र के उपनिदेशक डा. विवेक श्रीवास्तव होंगे। हिन्दी समिति के पराग मिश्रा ने समस्त विद्युत कंपनियों के नियमित, संविदा व बाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से नियोजित कार्मिकों से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने व समापन समारोह में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

**महाकोशल क्रेडिट को-आपरेटिव सोयायटी मर्यादित मंझौली, जिला- जबलपुर (म.प्र.)**
रजि.पंजी क्र. डी.आर./जेबीपी/2139
राजि. आफिस- वार्ड नं. 14 जिला सहकारी बैंक के सामने, मंझौली जिला- जबलपुर

**आम सभा सूचना**

महाकौशल क्रेडिट को आपरेटिव समिति मर्यादित मंझौली के सभी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन दिनांक 30/09/2025 को समिति कर्यालय में दोपहर 3:00 बजे से आयोजित की जायेगी जिसके एजेंडे निम्न है।

1. वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्थिति पत्रक का अवलोकन एवं चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट आबंटन हेतु प्रस्ताव
2. पूर्व निर्धारित विषय एवं अन्य विषय जो सदस्यो द्वारा रखे जायेगें।

दिनांक- 16/09/2025

अध्यक्ष - अम्वेश पटैल
महाकोशल क्रेडिट को-आपरेटिव सोयायटी मर्यादित मंझौली, जिला- जबलपुर (म.प्र.)